# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### बड़ी मुश्किल में मंत्री विजय शाह

## शाह का फैसला सुप्रीम कोर्ट में 9 को, भोपाल से जाएगी फाइल

***अभियोजन* की मंजूरी की फाइल मंत्रालय में ही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


विजय शाह

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की महिला कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई विवादित टिप्पणी मंत्री विजय शाह के गले की फांस बन गई है। सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख और एसआईटी की सिफारिश के बाद सरकार के पास अभियोजन की फाइल है। एसआईटी ने केस चलाने की सिफारिश की है। माना जा रहा है कि 9 फरवरी तक यह फाइल सुप्रीम कोर्ट भेज दी जाएगी। अब सबकी नजरें 9 फरवरी को होने वाली सुनवाई पर हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित एसआईटी ने छह महीने पहले ही अपनी रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि करते हुए मंत्री पर मुकदमा चलाने की सिफारिश कर दी थी, लेकिन यह फाइल अभी भी मंत्रालय में अनुमोदन के इंतजार में है। यह मामला सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि सेना के सम्मान से जुड़ा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वन मंत्री यादव से की दिल्ली में भेंट

# 28 फरवरी को मध्यप्रदेश में बोत्सवाना से आएंगे 8 चीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असम से जंगली भैंसा मध्यप्रदेश लाने की सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 28 फरवरी को बोत्सवाना से 8 चीते मध्यप्रदेश लाए जाएंगे। चीतों के पुनर्स्थापन के लिए केंद्रीय मंत्री यादव से आवश्यक सहयोग और व्यवस्थाओं पर भी विस्तृत रूप से बात की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन्य जीव संरक्षण और जैव-विविधता संवर्धन के लिए केंद्र सरकार के सहयोग के लिए आभार माना।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुके भेंट करते हुए

***असम से जंगली भैंसा लाकर मध्यप्रदेश के वनों में बसाने पर भी हुई चर्चा***

**मप्र में पर्यटन क्षेत्र के विकास की असीम संभावनाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के विकास, रिजर्व फॉरेस्ट के विस्तार और वन्य जीव संरक्षण की असीम संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठा रही है। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बसाहट के बाद अब असम का जंगली भैंसा भी मध्यप्रदेश के जंगलों में स्वच्छंद विचरण करता दिखाई देगा।

**सीएम ने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी से की मुलाकात**



प्रह्लाद जोशी

डॉ. यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोशी से मध्यप्रदेश में मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष और गेहूं उपार्जन एवं भंडारण व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गेहूं का उपार्जन सरलता से पर्याप्त भंडारण व्यवस्था के साथ होता है।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 10 वर्षीय भतीजी के साथ चाचा ने किया रेप



**विदिशा।** गंजबासौदा में मंगलवार रात को चाचा ने अपनी 10 साल की भतीजी से रेप किया। बच्ची खाना देने के लिए गई थी। आरोपी चाचा ने बच्ची को पकड़कर झाड़ियों में ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। रेप पीड़िता के पिता का एक्सीडेंट हुआ है। वे भोपाल में एडमिट हैं। उसकी मां भी पिता के साथ अस्पताल में ही थी। बच्ची अपने 2 भाइयों के साथ घर में थी। इसी का फायदा उठाकर दुष्कर्म किया। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही 4 फरवरी की सुबह रेप पीड़िता की मां भोपाल से विदिशा जिला अस्पताल पहुंची। बेटी से मिलकर थाने गई।

### राजा रघुवंशी मर्डर केस में दो आरोपी बरी



**इंदौर।** चर्चित ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को अदालत ने बड़ी राहत दी है। सबूतों के अभाव बिल्डिंग मालिक और गार्ड को दोषमुक्त करार दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट-वांगचुक की जमानत पर विचार करें



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या सरकार क्लाइमेट एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की तबीयत को देखते हुए उनकी हिरासत पर फिर से विचार कर सकती है?

## नरवणे की किताब पर विवाद का मुद्दा अब 'सरदार बनाम गद्दार' के विषय पर घूम गया

**1** संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी बहस

**2** केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि यह सिख समुदाय के लिए एक गंभीर विषय है

# राहुल: मेरे गद्दार दोस्त कांग्रेस में फिर आओगे

- केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने राहुल गांधी को देश का दुश्मन कहा
- बोले- राहुल फिट हैं पर मेरा हाथ भी बहुत भारी है



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद परिसर में बुधवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी बहस हो गई। राहुल गांधी ने बिट्टू पर तीखा हमला करते हुए उन्हें गद्दार कहा। जब केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू मकर द्वार पर विरोध कर रहे कांग्रेस सांसदों के पास से गुज़रे तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा देखो, एक गद्दार यहीं से गुज़र रहा है। इसका चेहरा देखो...। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिट्टू से हाथ मिलाने की पेशकश करते हुए कहा, नमस्ते भाई, मेरे गद्दार दोस्त।

# भाजपा: देश में कोई गद्दार है तो वो 'गांधी परिवार' है

- ये वो पापी परिवार है, जिन्होंने सिखों को आतंकी बताया था
- इन्होंने सिखों के गले में टायर डालकर आग लगाने का काम किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


हरदीप सिंह पुरी

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि गद्दार का मतलब देश के साथ विश्वासघात करने वाला होता है। यह सिख समुदाय के लिए एक गंभीर विषय है। हरदीप सिंह पुरी ने आगे कहा, राहुल गांधी, रवनीत सिंह बिट्टू के कांग्रेस पार्टी छोड़ने से नाराज हैं, लेकिन उन्होंने बिट्टू से ये भी कहा कि आप वापस आओगे। सिर्फ इसलिए कि एक पगड़ी वाला शख्स आपकी पार्टी छोड़ देगा, तो आप उसको गद्दार कह दोगे

**प्रियंका ने कहा- हमें एक किताब नहीं दिखाने दे रहे, दुबे 6 किताबें दिखा रहे हैं**



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि जब मोदी सरकार सदन को बाधित करना चाहती है, तो निशिकांत दुबे को बोलने के लिए खड़ा कर देती है। जहां, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी को संसद में, एक पब्लिश हो चुकी किताब से कुछ कोट नहीं करने दिया गया, वहीं निशिकांत दुबे 6 किताबें लिए हुए हैं, सामने से दिखा रहे हैं, उनमें से कोट कर रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है।

**पीएम मोदी का भाषण टला**

बुधवार को लोकसभा में भारी शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही को गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार शाम लोकसभा को संबोधित करने वाले थे। लेकिन विपक्ष के हंगामे के चलते यह संबोधन नहीं हो सका। इससे पहले, पीयूष गोयल जब ट्रेड डील पर जवाब दे रहे थे, तब भी सदन में विपक्षी सांसदों द्वारा लगातार हंगामा किया जा रहा था।


सदन में निशिकांत पुस्तक दिखाते हुए

### दुबे के दावों पर विपक्ष का भारी बवाल स्पीकर बिरला तक पहुंची शिकायत

## 6 किताबें लिए दुबे ने नेहरु व इंदिरा पर कर डाली आपत्तिजनक टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीठासीन स्पीकर के रोकने पर भी नहीं रुके

लोकसभा में बुधवार को उस वक्त खूब हंगामा हुआ जब धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे 6 किताबें लेकर सदन में आ गए और उनको कोट करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां की। विपक्षी सांसद आक्रोशित हो गए और सदन में हंगामा होने के चलते कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सांसद शिकायत लेकर स्पीकर के पास पहुंचे। स्पीकर ने लिखित शिकायत मांगी है। दरअसल, निशिकांत दुबे जब पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बारे में किताबों वाले दावे कर रहे थे तो उस समय पीठासीन कृष्णा प्रसाद टेनेटी ने उन्हेंरोकने का प्रयास किया लेकिन निशिकांत दुबे नहीं रुके।

**बिरला ने कहा लिखित में इसकी शिकायत दें**

*विपक्षी सांसदों ने निशिकांत दुबे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में विपक्षी सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की और पूरी बात रखी। इस पर स्पीकर ने विपक्षी सांसदों ने कहा कि वे लिखित में इसकी शिकायत दें।*

### कोरियन गेम के टास्क के चक्कर में जान देने की बात निकली झूठी

## गाजियाबाद में तीन नाबालिग सगी बहनों ने नौवीं मंजिल से कूद कर की आत्महत्या

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद


इसी बिल्डिंग से कूदी थी


मृतक बहनें

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां तीन नाबालिग सगी बहनों ने नौवीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के मुताबिक, गेम खेलने को लेकर परिवार के मना करने पर आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। तीनों बहनों की उम्र 16, 14 और 12 साल बताई जा रही है। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ के भारत सिटी का मामला है। पुलिस छानबीन में जुट गई है। कोरियन ऑनलाइन गेम और टास्क के चक्कर में सुसाइड की बात झूठी निकली है। तीनों बच्चियां कोरियन कल्चर और कोरियन म्यूजिक से प्रभावित जरूर थीं लेकिन उनके टास्क पूरा करने के लिए बिल्डिंग की 9वीं मंजिल से कूदने का अबतक कोई सबूत नहीं मिला है।



### मणिपुर में फिर एनडीए सरकार

## सीएम युमनाम खेमचंद समेत दो डिप्टी सीएम ने ली शपथ

- पिछले साल के फरवरी से राष्ट्रपति शासन था

**इंफाल।** मणिपुर में एक बार फिर एनडीए सरकार बन गई है। इस नई सरकार के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद हैं। उन्हें बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने शपथ दिलाई। साथ ही, कुकी भाजपा विधायक नेमचा किपगेन ने वर्चुअल माध्यम से मणिपुर के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वहीं, नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक एल. डिखो को भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई।

### नए अवतार में दिखीं ममता, सुप्रीम कोर्ट में पहली बार किसी सीएम ने की बहस

## जज साहब, हमें इंसाफ नहीं मिल रहा... मैं सामान्य परिवार से हूं, लेकिन अपनी पार्टी के लिए लड़ रही हूं

**ममता-** मुझे 5 मिनट दीजिए... सीजेआई बोले- हम 15 मिनट देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सुप्रीम कोर्ट में ममता बेनर्जी लाल घेरे में

सुप्रीम कोर्ट में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने वकील के रूप में केस की बहस करते हुए हिस्सा लिया। ममता बेनर्जी ने बंगाल एसआईआर मामले में न्याय न मिलने की शिकायत करते हुए लोकतंत्र की सुरक्षा की अपील की। सीएम ममता ने कहा कि कुछ बेटियां शादी के बाद ससुराल चली गई, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई ने कहा- आपने बहुत अच्छा वकील चुना है, आप उनको बहस करने दें। इस पर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने हाथ जोड़कर कहा- सेव डैमोक्रेसी। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को ममता बेनर्जी एक अलग ही रूप में नजर आईं।

### घटना के बाद वहां रहा अफरा-तफरी का माहौल

## सांसद थरूर का संसद भवन परिसर में सीढ़ियों से उतरते हुए पैर फिसला

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


थरूर को सहारा देते विपक्षी सांसद

संसद परिसर में बुधवार को उस वक्त एक छोटा हादसा हो गया, जब कांग्रेस सांसद शशि थरूर सीढ़ियों से उतरते समय फिसलकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद सांसदों और कर्मचारियों ने तुरंत उनकी मदद की। कांग्रेस सांसद शशि थरूर संसद भवन परिसर में सीढ़ियों से उतर रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और वे गिर पड़े। इस दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य सांसदों ने तुरंत आगे बढ़कर उन्हें संभाला। संसद के स्टाफ ने भी उन्हें खड़ा होने में मदद की।

### पूर्वी मप्र के अधिकांश जिलों में रात के तापमान में और कमी आएगी

पश्चिमी विक्षोभ हरियाणा के ऊपर सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय, तीन दिन बाद नया सिस्टम

## आज दो दर्जन से अधिक जिलों में कोहरा रहेगा...रात का पारा गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कई जिलों में बुधवार को सुबह मध्यम से घना कोहरा रहा। अब सिस्टम आगे बढ़ने से गुरुवार से मौसम साफ होने लगेगा। इससे रात के तापमान में कमी आएगी। 8 फरवरी तक आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। इसके बाद एक बाद फिर बदलाव के संकेत हैं। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को दो दर्जन से अधिक जिलों में कोहरा रहेगा। रात का पारा गिरेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हरियाणा के ऊपर डब्ल्यूडी सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है।


राजधानी में बड़खेड़ा पठानी से कटारा हिल्स रोड का दृश्य, 4:15 बजे

**आज यहां मध्यम कोहरा**

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार गुरुवार को शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, रीवा, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में मध्यम से घना कोहरा रहेगा। भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, सिंगरौली, सीधी, शहडोल, कटनी, दमोह, सागर, मैहर आदि जिलों में मध्यम कोहरा रहेगा।

**बढ़ेगी रात में सर्दी**

बुधवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में दिन-रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की कमी आई। औसत पारा 23.5 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के करीब दर्ज हुआ। भोपाल में दिन का पारा 1.4 डिग्री गिरकर 22.8 डिग्री रहा, जो सामान्य 3.4 डिग्री कम रहा। रात में दशमलव 6 डिग्री बढ़कर 14 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 2.5 डिग्री अधिक है। गुरुवार से पूर्वी मप्र के अधिकांश जिलों में रात के तापमान में और कमी आएगी।

# तख्तियों के साथ नारेबाजी पर सांसदों को मर्यादा का पाठ पढ़ाया विरोध तर्कों से करें और असहमति मुद्दों पर, ये तरीका गैरवाजिब

भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने टेबल पीटकर और हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्ष ने राहुल गांधी को बोलने देने के लिए नारेबाजी की और वेल में भी आ गए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- बालू जी, आप वरिष्ठ नेता है, ये आपको अच्छा लग रहा है? विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर पहुंचे। इस दौरान स्पीकर ने कहा - विपक्षी सांसद मर्यादा तोड़ रहे हैं।

## लोकसभा में विपक्ष पर बरसे स्पीकर बिरला और नसीहत दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र में पक्ष-विपक्ष के बीच जोरदार तकरार देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां राहुल गांधी अपने चीन सीमा विवाद वाले मुद्दे पर सरकार को घेर रहे हैं, वहीं सरकार की तरफ से इसका जवाब दिया जा रहा है। इसी बीच एक दिन पहले भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर भी विपक्ष सरकार पर निशाना साथ साध रहा है। एक दिन पहले भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया और आज वे लोकसभा में भी इस मुद्दे पर बोलने के लिए खड़े हुए।उनके भाषण के दौरान विपक्षी सांसदों ने टेबल पीटकर और हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्ष ने राहुल गांधी को बोलने देने के लिए नारेबाजी की और वेल में भी आ गए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- बालू जी, आप वरिष्ठ नेता है, ये आपको अच्छा लग रहा है? विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर पहुंचे। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि विपक्षी सांसद मर्यादा तोड़ रहे हैं। आप शासन को झुका नहीं सकते। विरोध तर्कों से होता है। अहमति मुद्दों पर होती है। ये हंगामा करना ठीक नहीं है।

**संसद के बजट सत्र में लगातार हो रहा व्यवधान**



ट्रेड डील पर विपक्ष सरकार पर कर रहा हमला

### सदन की मर्यादा का उल्लंघन मत कीजिए

विपक्षी सदस्यों की लगातार नारेबाजी के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मेरा मानना है कि लंबे समय से सरकार में होने के बावजूद आप सदन की मर्यादा और गरिमा का उल्लंघन कर रहे हैं। विरोध करने का एक तरीका होता है, और भी तरीके हो सकते हैं, लेकिन आप सभी अपनी निर्धारित सीटों को छोड़कर दूसरी तरफ जा रहे हैं। अगर आप इस तरह से गरिमा का उल्लंघन करेंगे, तो देश की जनता लोकतंत्र पर से विश्वास खो देगी। आप सभी वरिष्ठ नेता हैं, लेकिन सदन के नियमों का उल्लंघन करना उचित नहीं है। विरोध नारेबाजी या पोस्टर लेकर चलने से नहीं होता, विरोध शब्दों और तर्कपूर्ण दलीलों से होता है।

## इस ट्रेड डील से किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा

### संसद में गोयल ने कहा

उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि उर्वरक और कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भारत के हितों की पूरी तरह रक्षा की गई है। यह समझौता छोटे और मध्यम कारोबारियों, एमएसएमई, औद्योगिक इकाइयों, कुशल श्रमिकों और उद्योगों के लिए नए अवसर खोलेगा व उन्नत तकनीकों तक पहुंच को आसान बनाएगा। इससे 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड', 'डिजाइन इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' और 'इनोवेट इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के लक्ष्यों को गति मिलेगी।

### कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित



गोयल ने कहा कि पिछले वर्ष दोनों देशों के वार्ताकारों ने विभिन्न स्तरों पर विस्तृत चर्चा की। दोनों पक्षों के महत्वपूर्ण हितों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। भारतीय पक्ष ने विशेष रूप से कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपने हितों की सफलतापूर्वक रक्षा की। द्विपक्षीय व्यापार समझौते के विभिन्न क्षेत्रों को अंतिम रूप देने में विचार किया गया।

**दोनों देश एक दूसरे के पूरक**

गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाएं काफी हद तक एक-दूसरे की पूरक हैं और आने वाले समय में दोनों देशों के बीच व्यापार के व्यापक अवसर मौजूद हैं। देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।

**सरकार पर कांग्रेस का हमला, खरगे बोले**

## भाजपा के लिए महिलाएं केवल वोट बैंक, देश की हालत बिगाड़ रही

बुधवार को राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि 6062 शब्दों को अभिभाषण इस सरकार ने तैयार किया है। लेकिन कई अहम सवालों पर



अभिभाषण मौन है। मैं सदन में सिर्फ पांच जरूरी मुद्दे आपके सामने रखना चाहूंगा। मैं सामाजिक न्याय, सामाजिक सद्भाव, संसदीय लोकतंत्र पर हमला, अर्थव्यवस्था और किसानों मजदूरों की दिक्कतें और विदेश नीति की खामियां.. पर बात रखना चाहता हूं। इस सत्ता ने कितना समय देश की भलाई के लिए दिया है। कितना समय इन्होंने देश के बाहर बिताया? सबसे पहले मैं सामाजिक न्याय पर बात रखूंगा। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सामाजिक न्याय के ताने-बाने को कमजोर किया है। उनके सांविधानिक हकों पर चोट पहुंचाई है। महिलाएं भाजपा के लिए केवल वोट बैंक बनकर रह गई हैं। अगर वाकई महिलाओं का नेतृत्व आगे लाना चाहते हैं, तो सबसे महिला आरक्षण विधेयक पारित करते और इस पर शर्तें नहीं रखते।

### भाजपा-आरएसएस ने किसी महिला को नहीं सौंपा नेतृत्व

भाजपा ने किसी महिला को अब तक अध्यक्ष नहीं बनाया है। आरएसएस ने सौ साल में किसी महिला को अपना नेतृत्व नहीं सौंपा है। उन्होंने कहा कि कमजोर तबकों, खासकर आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस की सरकारों में एससी-एसटी समुदाय के आर्थिक विकास के लिए कई कदम उठाए गए।

**राज्यसभा के नेता केंद्रीय मंत्री नड्डा बोले**

## भारतीय आर्थिक जगत में लगातार क्रांति हो रही

राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि विकसित भारत 2047 तक पहुंचने के लिए आज 2026 में क्या करना है और



अगले पांच सालों में क्या कार्रवाई की जाएगी। इसके रोड मैप को राष्ट्रपति के अभिभाषण में इंगित किया गया है। वे बुधवार को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एक तरीके से आर्थिक जगत में क्रांति पर क्रांति आती चली गई है। पहले यूरोपीय यूनियन के साथ हमारा समझौता, फिर आर्थिक सर्वे, उसके बाद क्रांतिकारी बजट और फिर इंडो-यूएस डील। एक के बाद एक श्रृंखला में हमको ऐसा देखने को मिला है। आर्थिक सर्वे की बात करूं तो इसमें बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि यह सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के चीफ ने कहा है कि भारत ग्लोबल ग्रोथ में 20 प्रतिशत का योगदान देगा। उन्होंने कहा कि यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के चीफ ने कहा है।

### यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड एग्रीमेंट किया

नड्डा ने कहा कि हमारा यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड एग्रीमेंट हुआ है। यह एग्रीमेंट भारतीय व्यवसायियों, कारीगरों, उद्यमियों और आईटी सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए नए दरवाजे खोलने वाला है। यह एग्रीमेंट भारतीय लोगों के लिए 27 देशों का दरवाजा खोलने वाला है। इस समझौते को 'मदर ऑफ ऑल डील' कहा गया है।

### इंडिया और ओमान और न्यूजीलैंड के बीच हुए समझौते का भी जिक्र किया

नड्डा ने सदन में इंडिया और ओमान के बीच हुए समझौते का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यह समझौता मध्यपूर्व रणनीतिक ऊर्जा और व्यापार के एक कॉरिडोर के रूप में हासिल किया गया है। हमने लिंक वेस्ट नीति को और मजबूत किया है। यहां उन्होंने इंडिया-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे किसानों के लिए लाभकारी है। यह हमारे उद्यमियों को नई दिशा देगा। छात्रों के लिए नए गंतव्य खोलेगा।

---

**खबर संक्षेप**

### राजपाल को तिहाड़ में सरेंडर करने के आदेश


**नई दिल्ली।** राजपाल यादव की कानूनी मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 4 फरवरी को



शाम 4 बजे तक सरेंडर करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने फैसले में कहा कि आपने कहा था कि आप बॉम्बे में हैं, इसलिए आपको सरेंडर के लिए 2 दिन का समय दिया गया था। मुझे नहीं लगता कि अब कोई आधार बचा है।

### एक्सप्रेसवे पर पलटा टैंकर 12 किमी लंबा जाम लगा

**नई दिल्ली।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर गैस टैंकर के पलटने के 18 घंटे बाद भी सड़क ठप पड़ी है।



एक्सप्रेसवे पर हजारों गाड़ियां फंस गई है और दोनों ओर से सड़क पर भयंकर जाम लगा हुआ है। इससे महिलाओं और बच्चों समेत यात्रियों को बिना खाने, पानी या टॉयलेट की सुविधा के रहना पड़ा। यह जाम 12 किमी से लंबा था।

### कालसी दुर्घटना में घायलों को देखने पहुंचे धामी

**दून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के दून अस्पताल में कालसी में हुए हिमाचल रोडवेज



बस हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को बस हादसे में घायल सभी लोगों का ठीक से इलाज सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बस में 36 लोग सवार थे। 33 लोग घायल हुए थे।

### अगले साल दो चरणों में होगी जनगणना

**नई दिल्ली।** केंद्र ने जनगणना 2027 के तहत जाति गणना पर गतिरोध को दूर करते हुए स्पष्ट



किया है कि जनगणना के दूसरे चरण में जाति से जुड़ी जानकारी जुटाई जाएगी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि प्रक्रिया परंपरागत रूप से दो चरणों में पूरी होगी। जनगणना के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन होगा।

---

**बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, बोलीं ममता**

# चुनाव आयोग को बताया वॉट्सएप आयोग नाम काटने के लिए की जा रही कार्रवाई

## ममता के वकील ने कहा- दिया था तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण( एसाईआर) को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी खुद वकीलों के बीच मौजूद थीं। सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने की। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें बंगाल के अपने दो साथी न्यायाधीशों से जानकारी मिली, जिन्होंने पास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया समझाई और इसी समझ के आधार पर इस मुद्दे को शामिल किया गया।

मामले में सीएम ममता का पक्ष रखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने बताया कि न्यायालय ने पहले तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश दिया था। सीजेआई ने कहा कि न्यायालय को सूचित किया गया था कि सूची संचार का एकमात्र माध्यम नहीं है और संबंधित व्यक्तियों को व्यक्तिगत नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। इस दौरान ममता ने चुनाव आयोग को 'वॉट्सएप आयोग' कहा।

**सीजेआई की पीठ ने की सुनवाई**

खुद वकीलों के बीच मौजूद रहीं सीएम ममता



### 32 लाख मतदाता सूचीबद्ध नहीं बंगाल सरकार

अधिवक्ता श्याम दीवान ने याचिकाकर्ता के संक्षिप्त नोट पर विचार करने का आग्रह किया और बताया कि इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 4 दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि 32 लाख मतदाता सूचीबद्ध नहीं हैं, 1.36 करोड़ नाम तार्किक विसंगति सूची में हैं, और 63 लाख मामलों की सुनवाई अभी लंबित है। उन्होंने यह भी बताया कि 8,300 सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है।

### नाम के उच्चारण पर हो रही असुविधा

न्यायमूर्ति बागची ने टिप्पणी की कि बंगाल में श्री द्विवेदी का उच्चारण 'दिबेदी' होगा, और बताया कि बंगाली भाषा में 'वा' की ध्वनि नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने जवाब दिया कि कम से कम उनके नाम का उच्चारण तो सही होगा, जिस पर ममता ने बीच में ही टोकते हुए कहा कि ऐसा नहीं होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता दीवान ने बताया कि नाम संबंधी विसंगतियों के कारण सीमित समय का एक बड़ा हिस्सा बर्बाद हो रहा है और मतदाताओं को गंभीर असुविधा हो रही है। सीजेआई ने विर्चिन आयोग के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से पूछा कि कुछ विसंगतियां स्थानीय बोलियों और उच्चारण में भिन्नता के कारण उत्पन्न होती हैं और इस तरह की समस्याएं पूरे देश में होती हैं।

### जबरन नाम हटाए जा रहे

बेनर्जी ने कहा कि वे ठोस उदाहरण दे रही हैं और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित तस्वीरें भी दिखा सकती हैं। एसआईआर का उपयोग केवल नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। ममता ने कहा कि जब कोई बेटी शादी के बाद अपने ससुराल जाती है, तो सवाल उठते हैं कि वह अपने पति का उपनाम क्यों इस्तेमाल कर रही है। ऐसी कई महिलाओं के नाम एकतरफा तरीके से मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि फ्लैट खरीदने या निवास स्थान बदलने वाले गरीब लोगों के नाम भी हटाए जा रहे हैं।

### आयोग ने किसी पत्र का जवाब नहीं दिया

सीएम ममता ने बताया कि आधार कार्ड को मान्यता देने के निर्देश के बाद बंगाल के लोगों को राहत मिली है। अन्य राज्यों में निवास प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज स्वीकार किए जाते हैं। केवल बंगाल को ही निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने कहा कि चुनाव आयोग को छह पत्र लिखे जा चुके हैं। इस दौरान आयोग द्वारा एक भी पत्र का जवाब नहीं आया है। स्वयं को बंधुआ मजदूर बताते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि एक व्यापक उद्देश्य के लिए लड़ रही हैं।

### यहां भाजपा शासित राज्यों से सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्ति

सीएम ममता ने आरोप लगाया कि मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को प्रभावी रूप से उनके अधिकार छीन लिए गए हैं। भाजपा शासित राज्यों से सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को नामों को हटाने के लिए नियुक्त किया गया है। ये बिना उचित सत्यापन के कार्यालयों में बैठे-बैठे ही नाम हटा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म 6 भरने की अनुमति नहीं दी गई है, जिसके परिणामस्वरूप लाखों नाम हटा दिए गए हैं। कई जीवित व्यक्तियों को गलत तरीके से मृत घोषित कर दिया गया है। 58 लाख नाम काट दिए गए, उनके पास अपील करने का विकल्प नहीं था।

### ममता ने आयोग को कटघरे में खड़ा किया

ममता ने चुनाव आयोग को 'वॉट्सएप आयोग' कहा और कहा कि आयोग वॉट्सएप से अनौपचारिक आदेश जारी कर रहा था। 4 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, 24 साल बाद, तीन महीने में यह सब करने की क्या जल्दी थी? जब फसल कटाई का मौसम चल रहा है।

---

**शहजाद की मां का एक्सीडेंट, बोले**

## घृणित इंसान ने जान-बूझकर चढ़ाई कार, आरोपी हुआ फरार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां का एक्सीडेंट हो गया है। उन्होंने एक्स पर खुद इस घटना की जानकारी दी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि उनकी मां की सर्जरी करानी पड़ेगी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। वहीं पूनावाला के भाई तहसीन पूनावाला ने इस घटना का वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक कार पीछे की तरफ आती है और वहां खड़ी शहजाद की मां को टक्कर मार देती है। शहजाद ने पुलिस ने कार्रवाई की मांग की है। शहजाद ने घटना के बारे में एक्स पर एक पोस्ट करते हुए जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, कुछ घंटे पहले एक बेहद घृणित इंसान ने जानबूझकर मेरी मां पर अपनी कार चलाई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और फिर वह भाग गया।

### सर्जरी करवानी पड़ेगी

माताजी का बहुत जल्द एक सर्जरी करानी पड़ेगी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। मेरी मां सबसे दयालु और सबसे अच्छे इंसानों में से एक हैं और इस उम्र में उनके साथ यह होना मुझे अंदर तक कचोट रहा है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुणे पुलिस और सीएम देवेंद्र फडणवीस को एक्स पर टैग भी किया है। उन्होंने कहा है कि पुलिस आरोपी त्वरित गिरफ़्तार कर उसे उचित सजा दिलाए।

### भाई ने शेयर किया एक्सीडेंट का वीडियो

शहजाद के भाई तहसीन ने एक्स पर एक पोस्ट में दी है। उन्होंने अपनी मां के साथ हुए हादसे का वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। तहसीन पने एक्स पर लिखा, मेरी मां, जो एक सीनियर सिटिजन हैं, मेरे ड्राइवर और एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट के साथ ड्राइव पर गई थीं और जब वे हमारी कार में गैस भरवा रहे थे, तो वे साइड में इंतजार कर रही थीं, तभी किसी ने उन्हें टक्कर मार दी (लगता है जान-बूझकर) और भाग गया! वीडियो में देखा जा सकता है कि एक कार पीछे की तरफ आती है और उनकी मां को टक्कर मार देती है।

### फडणवीस ने ली जानकारी, भरोसा दिया

पूनावाला ने कहा कि यह और भी परेशान करने वाली बात थी कि जिस व्यक्ति ने उन्हें कार से टक्कर मारी, वह मौके से भाग गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने आज मुझसे संपर्क किया और मेरी मां की तबीयत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि फडणवीस ने उनसे संपर्क कर मां का हाल-चाल लिया। इसके साथ ही, यह सुनिश्चित किया कि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा।

---

**बीकानेर में खेजड़ी बचाओ आंदोलन**

## पर्यावरणप्रेमियों का विरोध, हाथ बांध सकते हैं हमारे जज्बे नहीं

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

बीकानेर में खेजड़ी बचाओ आंदोलन तीसरे दिन बुधवार को और अधिक तीव्र होता नजर आया। आंदोलन के तहत 363 से अधिक साधु-संत और पर्यावरणप्रेमी लगातार आमरण अनशन पर डटे हैं।



देशभर से आए पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एक अनोखा और भावनात्मक प्रदर्शन करते हुए आपस में हाथ बांधकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया।

### खेजड़ी संरक्षण का संदेश दिया

धरनास्थल पर बड़ी संख्या में माताएं और बहनें भी मौजूद रहीं। कई लोग हाथों में तख्तियां लेकर खेजड़ी संरक्षण का संदेश देते नजर आए, वहीं एक पर्यावरणप्रेमी आंखों पर पट्टी बांधकर मौन विरोध किए। कलेक्ट्रेट के सामने खेजड़ी की पूजा की गई और मौन जुलूस निकालकर विरोध जताया गया। संत स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने आह्वान किया कि वे एक दिन का उपवास रखें।

---

**महाकुंभ में माला बेचने वाली महेश्वर की मोनालिसा मीडिया में छाई**

# 'द डायरी ऑफ मणिपुर' का पहला लुक आया सामने

## महाकुंभ के दौरान फिल्ममेकर सनोज मिश्रा ने 'टैलेंट' को पहचाना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाकुंभ 2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच एक साधारण लड़की महेश्वर की मोनालिसा अचानक चर्चा में आ गई। माला बेचते हुए उनकी सादगी और खूबसूरती ने लोगों का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गए। कैमरों और रील्स के बीच खड़ी मोनालिसा की जिंदगी ने यहीं से एक नया मोड़ ले लिया। इसदौरान फिल्ममेकर सनोज मिश्रा की नज़र मोनालिसा पर पड़ी। उसने डायरेक्टर को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने मोनालिसा को अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया। एक साधारण मेले से सफर अब सिनेमा के बड़े पर्दे तक पहुंच चुका है ।

**महाकुंभ ने मायानगरी तक पहुंचाया**



### 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग

अब मोनालिसा अपनी पहली बड़ी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। वे अभिनेता अमित राव के साथ नजर आएंगी, जो राजकुमार राव के भाई हैं। फिल्म के पूरा होने के साथ ही मोनालिसा का आत्मविश्वास भी साफ तौर पर झलकने लगा है। एक साल बाद मोनालिसा एक बार फिर प्रयागराज लौट रही हैं।

**मां गंगा का आशीर्वाद लेगी टीम**

सनोज अब अपनी पूरी टीम के साथ माघ मेले में शामिल होने जा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने प्रयागराज पहुंचेगी, जिससे इस सफर को एक आध्यात्मिक पूर्णता मिलेगी। पहले शेड्यूल की शूटिंग उत्तर प्रदेश के इटावा में हुई थी।

### भाषा बनी चुनौती, डबिंग का सहारा

डायरेक्टर ने बताया कि मोनालिसा को अभी भी भाषा और उच्चारण में दिक्कत आती है। इसी वजह से फिल्म में उनके किरदार के लिए डबिंग का इस्तेमाल किया गया है। हालांकि इसके बावजूद उनकी एक्टिंग को लेकर डायरेक्टर बेहद संतुष्ट हैं और मानते हैं कि वह पूरी तरह से अपने रोल में ढल चुकी हैं। फिल्म मणिपुर की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें हिंसा और संघर्ष के माहौल के बीच पनपती एक प्रेम कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म में मोनालिसा एक नॉर्थ इंडियन लड़की का किरदार निभा रही हैं।

## कई क्षेत्रों में बढ़ाएंगे द्विपक्षीय सहयोग

यह पीएम मोदी की मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी और अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा दिए जाने के बाद पहली यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान वे पीएम अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे

# पीएम मोदी दो दिवसीय यात्रा को मलेशिया की यात्रा पर जाएंगे, सीईओ फोरम में लेंगे भाग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी 7-8 फरवरी को मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह मलेशिया के पीएम के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत करेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम मोदी को मलेशिया के पीएम दातो सेरी अनवर इब्राहिम ने आमंत्रित किया है। यह पीएम मोदी की मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी और अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा दिए जाने के बाद पहली यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान वे पीएम अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। पीएम भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ उद्योग और व्यापार प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेंगे।


फाइल फोटो
मलेशियाई पीएम दातो सेरी अनवर इब्राहिम और पीएम नरेंद्र मोदी

### सहयोग वाले क्षेत्रों पर होगी समीक्षा

पीएम की आगामी यात्रा दोनों नेताओं के लिए व्यापार और निवेश, रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग से लेकर डिजिटल और वित्तीय प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन के संपूर्ण दायरे की समीक्षा होगी।

### मलेशिया में 29 लाख प्रवासी भारतीय

*भारत और मलेशिया ऐतिहासिक, सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित दीर्घकालिक मित्रता साझा करते हैं। मलेशिया में 29 लाख की आबादी वाला भारतीय समुदाय दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा भारतीय प्रवासी समुदाय है और मलेशिया के लिए पर्यटन का पांचवा सबसे बड़ा स्रोत है। भारतीय प्रवासी समुदाय की उपस्थिति से यह संबंध और भी मजबूत होता है। मलेशिया आसियान में तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार भी है और साथ ही भारत, मलेशिया के 10 सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है।*




## खबर संक्षेप

### एलन मस्क बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी

**नई दिल्ली।** टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने इतिहास रच दिया है। एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स द्वारा उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया फर्म एक्सएआई को खरीदने के बाद मस्क की दौलत में गजब का उछाल आया है। उनकी नेट वर्थ अब 800 बिलियन डॉलर (72,37,400 करोड़) के पार चली गई और वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। दोनों कंपनियों के मर्ज होने से इनकी कम्बाइंड वैल्यू अब 1.25 ट्रिलियन डॉलर हो गई है।




### इजराइली गोलीबारी में 19 फिलीस्तीन की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइली गोलीबारी में कम से कम 19 फिलीस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं और बच्चों की बताई गई है। अस्पताल अधिकारियों ने मौतों की पुष्टि की है। इजराइल की ओर से कहा गया है कि कार्रवाई उसके सैनिकों पर मिलिटेंट गोलीबारी के जवाब में की गई। सैनिकों पर पहले उग्रवादियों ने गोलीबारी की।



### ग्रीस में जहाज से टकराई नौका, 14 की मौत

**चियोस।** ग्रीस के पूर्वी एजियन द्वीप चियोस के पास एक स्पीडबोट और ग्रीक कोस्ट गार्ड की नाव की टक्कर में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। ग्रीक कोस्ट गार्ड ने मंगलवार को बताया कि 24 लोगों को बचाया गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इसमें दो कोस्ट गार्ड अधिकारी भी घायल हुए हैं। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि स्पीडबोट में कुल कितने लोग थे।



### कोलकाता में टर्किश एयरलाइंस की आपात लैंडिंग

**कोलकाता।** टर्किश एयरलाइंस की काठमांडू से इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट के दाहिने इंजन में आग लगने की आशंका के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। कोलकाता एयरपोर्ट पर हुई इस इमरजेंसी लैंडिंग के बाद सभी 236 यात्री सुरक्षित हैं। विमान की जांच की जा रही है। कोलकाता एटीसी को बताया कि दाहिने इंजन में आग लगने की आशंका है।



### महिला से यौन दुर्व्यवहार भारतीय दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारतीय मूल के एक नागरिक को घरेलू उड़ान में महिला सहयात्री से यौन दुर्व्यवहार का दोषी ठहराया गया है। अदालत ने 38 वर्षीय वरुण अरोड़ा को साल 2024 में विमान में सवार होने के दौरान महिला यात्री के साथ यौन उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। ऐसे में अब सात मई को होने वाली सुनवाई में उसे अधिकतम दो साल की जेल हो सकती है।



## ट्रेड डील पर ट्रंप की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का बड़ा बयान

# रूस से बंद कर अमेरिका-वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत, बड़े निवेश का भी किया वादा

कैरोलिन लेविट ने कहा कि भारत ने न सिर्फ रूस से तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है, बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने की भी प्रतिबद्धता जताई है, और संभवतः वेनेजुएला से भी, जिसका सीधा लाभ अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को मिलेगा



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच नए व्यापारिक युग की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार (02 फरवरी) को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर लगाया पारस्परिक टैरिफ 18 फीसदी कर दिया। इसी के साथ लंबे समय से अटके व्यापार समझौते पर भी ट्रंप ने सहमति जताई है। ऐसे में अब व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते पर जानकारी साझा की है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को अमेरिका-भारत समझौते, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों का जिक्र किया। लेविट ने दावा किया कि पीएम मोदी रूसी तेल की खरीद बंद करने और इसके बजाय अमेरिका और संभवत वेनेजुएला से तेल खरीदने पर सहमत हो गए।


पीएम मोदी व राष्ट्रपति ट्रंप — फाइल फोटो


**ट्रंप और मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध**

### यह एक शानदार समझौता

वॉशिंगटन में मीडिया से बात करते हुए कैरोलिन लेविट ने कहा कि भारत ने न सिर्फ रूस से तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है, बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने की भी प्रतिबद्धता जताई है, और संभवतः वेनेजुएला से भी, जिसका सीधा लाभ अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को मिलेगा। पीएम मोदी ने ऊर्जा, परिवहन और कृषि उत्पादों सहित अमेरिका में 500 अरब डॉलर (करीब 45 लाख अरब रुपए) के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यह एक और शानदार व्यापार समझौता है।

**यूएसआईबीसी अध्यक्ष बोले**

### समझौता निर्णायक कदम, कारोबारी जगत में सकारात्मक माहौल



अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को 'बेहद अहम' करार देते हुए कहा है कि यह दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को नया आकार दे सकता है। यह दोनों देशों के बीच रिश्तों की गति के लिए बेहद अच्छा और सकारात्मक है। साथ ही यह दोनों पक्षों के कारोबारियों और निवेशकों के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होगा। इस व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अमेरिकी कारोबारी जगत में माहौल काफी सकारात्मक है। केशप ने कहा कि इस समझौते पर लगभग एक साल तक बातचीत चली, जिसकी शुरुआत फरवरी 2025 में पीएम नरेंद्र मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा के बाद हुई थी।

**टैरिफ की धमकी से झुका मेक्सिको**

### हर साल तय मात्रा में देगा अमेरिका को पानी



मेक्सिको और अमेरिका के बीच पानी को लेकर एक अहम समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत मेक्सिको अब हर साल अमेरिका को तय मात्रा में पानी देगा, ताकि भविष्य में कोई अनिश्चितता न रहे। बता दें कि, इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर मेक्सिको ने ज्यादा और समय पर पानी नहीं दिया, तो वह मैक्सिको से आने वाले सामान पर 5 फीसदी तक टैरिफ (आयात शुल्क) बढ़ा सकते हैं। नए समझौते के अनुसार, मेक्सिको मौजूदा पांच साल के चक्र में हर साल कम से कम 3.5 लाख एकड़-फुट पानी अमेरिका को देगा।

### दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध

*कैरोलिन लेविट ने कहा कि ये प्रतिबद्धताएं दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई सीधी बातचीत के बाद की गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के साथ एक और बड़ा व्यापार समझौता किया। उन्होंने पीएम मोदी से सीधे बात की है, दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। लेविट ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नकदी की आपूर्ति कर रहे हैं। राष्ट्रपति के टैरिफ कारगर साबित हो रहे हैं और उनका आर्थिक एजेंडा भी काम कर रहा है।*

### अमेरिका में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे

*लेविट ने कहा कि टैरिफ लगाने के साथ-साथ अमेरिका में विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा देने से रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। राष्ट्रपति ने दुनिया भर के देशों और कंपनियों से अमेरिका में निवेश लाने में अहम भूमिका निभाई है। पिछले कुछ महीनों में हमने निर्माण क्षेत्र में रोजगार में भारी वृद्धि देखी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये कारखाने यहीं अमेरिका में बनाए जा रहे हैं और हम अमेरिकियों को रोजगार दे रहे हैं।*

## जयशंकर की यूएस विदेश मंत्री से मुलाकात

# साझा हितों को बढ़ाने दोनों देशों के बीच जल्द होंगी कई 'बैठकें'


वॉशिंगटन में डॉ. एस. जयशंकर और मार्को रूबियो के बीच मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर इन दिनों अमेरिकी दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट के साथ अलग-अलग बैठकें कीं, जिसमें भारत-अमेरिका रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी पर व्यापक चर्चा हुई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मार्को रूबियो से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज दोपहर अमेरिकी सीनेटर रूबियो से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमारी द्विपक्षीय सहयोग एजेंडा व क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से बातचीत हुई। भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के जिन पहलुओं पर चर्चा हुई, उनमें व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और टेक्नोलॉजी शामिल थे। अपने साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न मैकेनिज्म की जल्द बैठकों पर सहमति बनी। विदेश विभाग के एक बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, खनन और प्रसंस्करण पर द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर चर्चा की। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जो भारत-अमेरिका आर्थिक और रणनीतिक संबंधों का एक केंद्रीय स्तंभ बनकर उभरा है।

### हालिया समझौते का किया स्वागत

*यह बैठक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच बाधाओं को कम करने और बाजार पहुंच का विस्तार करने के उद्देश्य से एक व्यापार समझौते की घोषणा के एक दिन बाद हुई। बयान में कहा गया है कि सेक्रेटरी रूबियो और मंत्री जयशंकर ने समझौते का स्वागत किया।*

### वित्त मंत्री से मिले



*इससे पहले, एस. जयशंकर ने वाशिंगटन में अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट से भी मुलाकात की। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में स्कॉट बेसेंट के साथ मुलाकात की तस्वीर शेयर की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि वाशिंगटन में अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट से मिलकर खुशी हुई। भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा हुई।*

## सेना को मिली बड़ी कामयाबी

# जैश के टॉप कमांडर मावी सहित दो पाकिस्तानी आतंकी ढेर, सर्च जारी

एजेंसी ▶▶ उधमपुर

उधमपुर में सेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया सहित दो पाकिस्तानी आतंकियों ढेर कर दिया है। इनमें से एक आतंकी, रुबानी उर्फ अबू माविया जैश-ए-मोहम्मद का शीर्ष कमांडर था और क्षेत्र में कई वर्षों से सक्रिय था। बसंतगढ़ क्षेत्र के किया गांव के जंगलों में मंगलवार शाम सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूचना के अनुसार, सेना और सुरक्षाबलों को इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली थी। इसके बाद सीआरपीएफ, व्हाइट नाइट कोर, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने मिलकर ऑपरेशन 'किया' नामक अभियान शुरू किया। सुरक्षाबलों ने इलाके को पूरी तरह घेर लिया और आतंकियों से संपर्क साधा। करीब 20 मिनट तक चली फायरिंग में दो आतंकियों को सफलतापूर्वक बेअसर कर दिया गया। मुठभेड़ के दौरान आतंकियों ने भागने का प्रयास किया।


आतंकी अबु माविया

## रक्षा मंत्री आसिफ का कबूलनामा

# बलूच लड़ाकों के खिलाफ लड़ने में सक्षम नहीं है पाकिस्तान की सेना

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रही है। पाकिस्तान का दावा है कि आर्मी एक्शन में कम से कम 177 बलूच विद्रोहियों को मारा गया है। हालांकि बलूच राष्ट्रीय आंदोलन के प्रमुख नेता हकीम बलूच ने इस्लामाबाद के दावे को खारिज किया है। इस बीच पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस बात को स्वीकार किया कि बीएलए की ताकत बहुत ज्यादा है। उन्होंने कबूल किया कि हमारे सैनिक वहां तैनात हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन इतने बड़े क्षेत्र की सुरक्षा और गश्त करने में वे शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। उन्होंने स्वीकारा कि बलूच लड़ाके सेना से ज्यादा ताकतवर है। ख्वाजा ने कहा कि उनके पास ऐसे राइफल्स, नाइट विजन डिवाइसेज भी हैं।



## श्रीलंका पहुंचे भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष



**नई दिल्ली।** भगवान बुद्ध के पवित्र देवनीमोरी अवशेष इंडियन एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट सी-130जे से एक ऐतिहासिक प्रदर्शनी के लिए बुधवार को नई दिल्ली से श्रीलंका के लिए रवाना हो गए हैं। पवित्र अवशेष को कोलंबो के गंगारामया मंदिर में रखा जाएगा। इससे पहले कोलंबो में भारतीय हाई कमीशन ने बताया कि पवित्र अवशेषों को 4 से 11 फरवरी तक कोलंबो के गंगारामया मंदिर में रखा जाएगा, और 5 फरवरी से सार्वजनिक पूजा शुरू होगी। 11 फरवरी 2026 को पवित्र अवशेष वापस लाया जाएगा।

## चीन बढ़ा रहा नौसैनिक क्षमता, 32 देशों में बनाए अड्डे

# अफ्रीका महाद्वीप में बीजिंग ने की 'घेराबंदी', पोर्ट को चला रहीं कंपनियां

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन अपनी नौसैनिक क्षमता का तेजी से बढ़ा रहा है। इसके लिए उसने अफ्रीका महाद्वीप को एक सैन्य अड्डे के रूप में चुना है। चीन ने अफ्रीका के 32 देशों में अपने युद्धपोतों के लिए बंदरगाहों का नेटवर्क तैयार किया है। इनमें से कई बंदरगाह चीनी सरकारी कंपनियां चला रही हैं। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन ने पिछले एक दशक में पूरे अफ्रीका महाद्वीप में बंदरगाहों का कैसा जाल बिछा लिया है।

इसमें नाइजीरिया के लेक्की से लेकर केन्या के मोम्बासा तक शामिल हैं। इससे हिंद महासागर में भारत की भी टेंशन बढ़ सकती है, क्योंकि चीन रिंग ऑफ पर्ल के जरिए पहले ही जाल बिछा चुका है। ऐसे में चीन की नजर अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व को चुनौती देने पर है।

- **नाइजीरिया से लेकर केन्या तब बनाए बंदरगाह**
- **सारे बंदरगाह चीन की सरकारी कंपनियों के पास**


हिंद महासागर में चीन के जलपोत

### चीन की सरकारी कंपनियां चला रहीं बंदरगाह

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अफ्रीका महाद्वीप में चीनी पैसों से बने बंदरगाहों को बीजिंग की सरकारी कंपनियां चलाती हैं। इन बंदरगाहों को न केवल व्यापार, बल्कि युद्धपोतों को ठहराने के लिए भी डिजाइन किया गया है। कई सैन्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि चीन इस विस्तार से नौसैनिक अड्डों का एक नेटवर्क बना रहा है, जो स्वेज नहर जैसे प्रमुख समुद्री मार्गों के पास युद्धपोतों को तैनात करने और वैश्विक नौवहन को रोकने में काम आ सकता है।

### महत्वपूर्ण खनिज भी मिल रहे

*अफ्रीका में बने ये बंदरगाह चीन को तांबा और कोबाल्ट जैसी महत्वपूर्ण सामग्री तक पहुंच भी प्रदान करते हैं, जो लड़ाकू विमानों से लेकर स्मार्टफोन तक हर आधुनिक तकनीक के लिए महत्वपूर्ण हैं। अफ्रीका में बने कई बंदरगाह चीन निर्मित रेल और सड़क परियोजनाओं के माध्यम से खदानों से जुड़े हैं। ये चीन के दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के बाजार में वर्चस्व का समर्थन करते हैं और अमेरिका के खिलाफ एक खास ताकत प्रदान करते हैं। रिपोर्ट में विश्लेषकों के हवाले से बताया गया है कि इन बंदरगाहों के माध्यम से चीन इससे गुजरने वाले सामान और संवेदनशील कार्गो की निगरानी कर सकता है।*

## किसानों को सेब के बाग खोने का था डर

# कश्मीर में तीन रेलवे प्रोजेक्ट्स पर केंद्र सरकार ने तुरंत लगाई 'रोक'

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

केंद्र सरकार ने कश्मीर में तीन प्रस्तावित रेलवे प्रोजेक्ट्स पर रोक लगा दी है। सरकार ने यह फैसला सेब के बागों को बचाने के लिए लिया है। रेलवे के प्रस्तावित लाइनों से सेब के बाग प्रभावित हो सकते थे। सरकार का यह फैसला स्थानीय किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे प्रोजेक्ट्स को रोकने का फैसला जम्मू-कश्मीर सरकार और राज्य के सांसदों की सिफारिश के बाद लिया गया है, ताकि बागों को नुकसान होने से बचाया जा सके। जम्मू-कश्मीर सरकार और राज्य के सांसदों ने इन रेल लाइनों के निर्माण के खिलाफ सिफारिश की थी। इसलिए हमने इन तीनों प्रोजेक्ट्स को रोक दिया है। रेलवे ने काकपोरा से पुलवामा और शोपियां के बीच एक प्रस्तावित रेलवे लाइन के निर्माण के लिए जमीन का सर्वे और सीमांकन किया था। किसानों ने इस फैसले का स्वागत किया है।



## चिंतन

# बच्चों की मोबाइल गतिविधियों पर अभिभावक रखें पैनी नज़र

आज के डिजिटल युग ने बच्चों की दुनिया को जितना आसान बना दिया है, उतना ही जटिल भी कर दिया है। मोबाइल फोन, टैबलेट और इंटरनेट आज बच्चों की पढ़ाई, मनोरंजन और संवाद का अहम हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन यही तकनीक जब नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तो बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल मोबाइल दिलाने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखना उनकी जिम्मेदारी बन जाती है। आजकल साफ तौर पर देखा जा रहा है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या और सामाजिक अलगाव को जन्म दे रहा है। लंबे समय तक मोबाइल पर गेम खेलने या सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले बच्चे परिवार और दोस्तों से कटने लगते हैं। वे वास्तविक दुनिया की गतिविधियों से दूरी बना लेते हैं, जिससे उनका भावनात्मक और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। यही वजह है कि विशेषज्ञ लगातार सलाह दे रहे हैं कि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम की स्पष्ट और सख्त सीमा तय की जाए। हाल ही में गाजियाबाद में तीन सगी बहनों की आत्महत्या की घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया। 12, 14 और 16 साल की इन बच्चियों को कोरियाई लवर गेम की लत थी। बताया गया कि वे स्कूल तक छोड़ चुकी थीं और हर गतिविधि एक साथ करती थीं। सुसाइड नोट में लिखा गया "सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पाएंगे।" यह घटना एक कड़वी सच्चाई को उजागर करती है कि डिजिटल लत किस हद तक बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले सकती है। ऐसे में माता-पिता के लिए सबसे पहला कदम है समय सीमा निर्धारित करना। बच्चों के मोबाइल उपयोग के लिए प्रतिदिन का समय फिक्स होना चाहिए। इसके साथ-साथ गूगल फैमिली लिंक जैसे पेरेंटल कंट्रोल ऐप्स का इस्तेमाल कर स्क्रीन टाइम को सीमित किया जा सकता है और यह जाना जा सकता है कि बच्चे मोबाइल पर क्या देख रहे हैं। निगरानी के साथ-साथ संवाद भी उतना ही जरूरी है। बच्चों को केवल डांटना या मोबाइल छीन लेना समाधान नहीं है। खुलकर बातचीत करने से बच्चे अपनी समस्याएं साझा करते हैं और गलत डिजिटल कंटेंट से दूर रहने के लिए खुद को तैयार करते हैं। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का सबसे कारगर तरीका है उन्हें बेहतर विकल्प देना। आउटडोर खेल, किताबें, संगीत, चित्रकला और अन्य रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक हैं। जब बच्चों को सकारात्मक और रोचक विकल्प मिलते हैं, तो वे खुद-ब-खुद मोबाइल से दूरी बनाने लगते हैं। आज सबसे बड़ा खतरा मोबाइल पर खेले जाने वाले कुछ ऑनलाइन गेम्स से जुड़ा है। ब्लू व्हेल चैलेंज, मोमो चैलेंज, कोरियाई लवर गेम, पबजी और ब्लैकआउट चैलेंज जैसे टास्क-बेस्ड गेम्स बच्चों को मानसिक रूप से इतना प्रभावित कर देते हैं कि वे जानलेवा कदम उठाने तक के लिए प्रेरित हो जाते हैं। मोमो चैलेंज डर और धमकी के जरिए बच्चों को जानलेवा काम करने को मजबूर करता है। चोकिंग गेम और ब्लैकआउट चैलेंज जैसी चुनौतियां भी सोशल मीडिया के जरिए फैल रही हैं। अगर समय रहते हम सतर्क हो गए, तो कई मासूम जिंदगियों को बचाया जा सकता है।



भारत-अमेरिका डील
महेन्द्र तिवारी

# वैश्विक राजनीति को मिली नई दिशा

भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्डट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वहीं ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था।

> भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वहीं ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे।

यह बदलाव न तो अचानक हुआ और न ही एकतरफा दबाव का परिणाम था। इसके पीछे भारत की एक सधी हुई, दूरदर्शी और संतुलित कूटनीति काम कर रही थी, जिसने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश को भी बातचीत की मेज पर सम्मान के साथ बैठने को मजबूर कर दिया। ट्रंप की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। उनका मानना रहा कि आर्थिक दबाव के जरिए ही किसी देश को झुकाया जा सकता है। सत्ता में आते ही उन्होंने चीन के साथ व्यापार युद्ध छेड़ दिया और उसी क्रम में भारत को भी निशाने पर लिया। भारत पर यह आरोप लगाया गया कि वह विदेशी वस्तुओं पर बहुत अधिक कर लगाता है और अमेरिकी कंपनियों को उचित अवसर नहीं देता। इसी सोच के तहत भारत को विशेष व्यापारिक सुविधा की सूची से बाहर कर दिया गया, जिससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस फैसले से दवाइयों, कपड़ों, रत्नों और कृषि उत्पादों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा और भारत के लिए अमेरिकी बाजार कठिन हो गया। भारत ने इस दबाव को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उसने जवाबी कदम उठाए और अमेरिका से आने वाले कई उत्पादों पर कर बढ़ा दिए। इससे अमेरिका के किसान और उद्योगपति प्रभावित हुए। बादाम, सेब और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ा। यह संकेत साफ था कि भारत केवल सुनने वाला देश नहीं है, बल्कि अपने हितों की रक्षा करना जानता है। इसके बावजूद भारत ने टकराव की भाषा नहीं अपनाई। उसने संवाद के दरवाजे खुले रखे और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति का मूल आधार संतुलन रहा है। न तो किसी के आगे झुकना और न ही अनावश्यक टकराव। इसी नीति के तहत भारत ने अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग बढ़ाया। सुरक्षा, रक्षा उत्पादन, तकनीक और निवेश के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत किया गया। भारत ने यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि वह केवल एक बाजार नहीं, बल्कि भरोसेमंद साझेदार है। अमेरिका की बड़ी कंपनियों को भारत में निवेश के अवसर दिए गए, उत्पादन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को आकर्षित किया गया और नौकरशाही अड़चनों को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। इन सभी प्रयासों का असर तब दिखा जब ट्रंप ने खुद स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के बाद उन्होंने अपने रुख पर पुनर्विचार किया। यह कोई साधारण फोन वार्ता नहीं थी, बल्कि वर्षों की रणनीति और विश्वास का परिणाम थी। ट्रंप जैसे नेता, जो आमतौर पर सार्वजनिक रूप से किसी की प्रशंसा नहीं करते, उन्होंने मोदी को प्रभावशाली और सम्मानित नेता बताया। यह बदलाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नीतियों में भी दिखाई दिया। नए व्यापारिक



समझौते के तहत भारत और अमेरिका दोनों ने एक दूसरे को राहत दी। भारत ने कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने का संकेत दिया, जबकि अमेरिका ने भारतीय इस्पात, कपड़ा और दवा उद्योग को बड़ी राहत दी। इससे भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और लाखों लोगों के रोजगार सुरक्षित होंगे। दवा उद्योग के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय दवाइयाँ सस्ती और प्रभावी मानी जाती हैं और अमेरिका में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस पूरे घटनाक्रम में एक बड़ा सवाल यह भी उठा कि क्या अमेरिका से बढ़ती नजदीकी का असर भारत के रूस के साथ संबंधों पर पड़ेगा। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से सस्ता तेल खरीदने के कारण भारत पश्चिमी देशों की आलोचना के केंद्र में रहा है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से तेल खरीद जारी रखी, जिससे उसे अरबों रुपये की बचत हुई और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई। अमेरिका ने इस पर असंतोष जरूर जताया, लेकिन कोई ठोस प्रतिबंध नहीं लगाया। रूस की ओर से भी यह स्पष्ट किया गया कि भारत के साथ उसके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। रूसी नेतृत्व ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों का सहयोग आगे भी जारी रहेगा। रक्षा क्षेत्र में चल रही परियोजनाएं, मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति और सैन्य सहयोग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि भारत ने अपनी कूटनीति में संतुलन बनाए रखा है और किसी एक खेमे में खुद को सीमित नहीं किया है। आज़ादी के बाद से ही भारत ने गुटनिरपेक्षता और रणनीतिक स्वायत्तता का रास्ता चुना है। भारत अपने फैसले स्वयं करता है, दबाव में नहीं। अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता भी इसी सोच का परिणाम है। इसमें न तो आत्मसमर्पण है और न ही टकराव, बल्कि आपसी लाभ का रास्ता है।

इस समझौते का असर केवल भारत और अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी इसके सकारात्मक संकेत दिखाई देंगे। जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं सहयोग का रास्ता चुनती हैं, तो बाजारों में स्थिरता आती है। निवेशकों का भरोसा बढ़ता है और विकास को गति मिलती है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह खुद को विश्व उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करे और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका मजबूत करे। हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। डिजिटल कर, बौद्धिक संपदा अधिकार और आंकड़ों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं। भारत को सावधानी से आगे बढ़ना होगा ताकि घरेलू हितों की अनदेखी न हो। विदेशी कंपनियों को अवसर देते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि देश के कानूनों और संप्रभुता से कोई समझौता न हो। राजनीतिक दृष्टि से भी यह समझौता महत्वपूर्ण है। इससे यह संदेश जाता है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नीतियों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की यह एक बड़ी परीक्षा थी, जिसमें वे सफल दिखाई देते हैं। ट्रंप का नरम रुख इस बात का संकेत है कि भारत की बात अब सुनी जाती है। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे। साथ ही रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग भी जारी रहेगा। भारत दोनों शक्तियों के साथ अपने हितों के अनुसार संबंध बनाए रखेगा। अंततः यह कहानी बदलती दुनिया में समझदारी भरी कूटनीति की है। यह दिखाती है कि शोर मचाने से नहीं, बल्कि संवाद और संतुलन से बड़े फैसले लिए जाते हैं। भारत ने यही रास्ता चुना है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



डिजिटल लत
राजेश जैन

# अगर अब भी नहीं चेते तो बहुत देर हो जाएगी


भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। देश की लगभग दो-तिहाई आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। यही युवा भारत की आर्थिक वृद्धि, सामाजिक बदलाव और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की असली ताकत हैं, लेकिन यही पीढ़ी आज एक ऐसे संकट की गिरफ्त में है, जो दिखता कम है और असर गहरा करता है-डिजिटल लत। इकोनॉमिक सर्वे 2025–26 ने पहली बार इस समस्या को सिर्फ़ सामाजिक नहीं, बल्कि आर्थिक खतरे के रूप में रेखांकित किया है। सर्वे बच्चों और युवाओं के 5 से 10 घंटे तक के स्क्रीन टाइम पर गंभीर चिंता जताता है और साफ़ कहता है कि अगर यह प्रवृत्ति यूं ही बढ़ती रही, तो आने वाले वर्षों में इसका असर जीडीपी पर भी दिख सकता है। यही वजह है कि रिपोर्ट में छात्रों को साधारण फोन देने, सोशल मीडिया के लिए उम्र-सीमा तय करने और उम्र आधारित डिजिटल एक्सेस पॉलिसी बनाने जैसी बड़ी सिफारिशें की गई हैं। सर्वे का आकलन साफ़ है कि छोटे बच्चे और किशोर इस लत के सबसे आसान शिकार हैं। वे जल्दी फंसते हैं, गलत कंटेंट तक पहुंच जाते हैं और धीरे-धीरे स्क्रीन पर निर्भर हो जाते हैं। इसलिए ज़रूरी है कि ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स पर उम्र के हिसाब से पाबंदियां हों, ऑनलाइन कंपनियों को उम्र सत्यापन और बच्चों के लिए सुरक्षित सेटिंग्स की कानूनी ज़िम्मेदारी दी जाए और खासकर सोशल मीडिया, जुए से जुड़े ऐप्स, ऑटो-प्ले वीडियो और आक्रामक विज्ञापनों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यह चेतावनी हल्के में लेने लायक नहीं है। पिछले एक दशक में भारत ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में ऐतिहासिक छलांग लगाई है। इंटरनेट कनेक्शन 25 करोड़ से बढ़कर करीब 97 करोड़ हो चुके हैं। 5जी नेटवर्क, भारतनेट और सस्ते डेटा ने गांव-गांव तक डिजिटल सेवाएं पहुंचा दी हैं।

डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान राष्ट्रीय आय में 13 प्रतिशत से ज्यादा होने का अनुमान है और लगभग 85 प्रतिशत घरों में कम से कम एक स्मार्टफोन मौजूद है। यह उपलब्धि है, लेकिन इसके समानांतर स्क्रीन टाइम भी विस्फोटक रफ्तार से बढ़ा है। करोड़ों युवा दिन का बड़ा हिस्सा मोबाइल पर बिताते हैं-ओटीटी, सोशल मीडिया और गेमिंग के बीच झूलते हुए। यहीं से सुविधा आदत बनती है और आदत कब लत बन जाती है, पता ही नहीं चलता। इकोनॉमिक सर्वे डिजिटल लत को स्मार्टफोन, इंटरनेट, गेमिंग और सोशल मीडिया से जुड़ा नशे जैसा व्यवहार बताता है, जहां व्यक्ति लगातार, अत्यधिक और जुनूनी ढंग से स्क्रीन से जुड़ा रहता है। इसके नतीजे साफ़ दिख रहे हैं: ध्यान भटकना, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन, पढ़ाई और काम में गिरावट, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक अस्थिरता। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही गेमिंग डिसऑर्डर को मानसिक बीमारी के रूप में मान्यता दे चुका है। यह साफ़ संकेत है कि मामला अब व्यक्तिगत आदतों तक सीमित नहीं रहा, यह सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। डिजिटल लत का पहला शिकार शिक्षा व्यवस्था बन रही है। रील संस्कृति और शॉर्ट वीडियो ने युवाओं की गहन अध्ययन क्षमता को खोखला कर दिया है। लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की आदत टूट रही है। शिक्षक बताते हैं कि छात्र किताबों से ज़्यादा स्क्रीन पर निर्भर हो गए हैं। असाइनमेंट कॉपी-पेस्ट हो रहे हैं, आलोचनात्मक सोच घट रही है। यह असर केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं रहेगा। अत्यधिक डिजिटल निर्भरता से काम की उत्पादकता घटेगी, स्वास्थ्य खर्च बढ़ेगा और जोखिम भरे ऑनलाइन व्यवहार से आर्थिक नुकसान होगा।

दुनिया के कई देश इस चुनौती को गंभीरता से ले चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक लगाई है। इन सभी प्रयासों का सार यही है कि तकनीक को हटाया नहीं जा सकता, लेकिन उसके उपयोग को दिशा दी जा सकती है। भारत में भी पहल शुरू हुई है। सीबीएसई के सुरक्षित इंटरनेट दिशानिर्देश, प्रज्ञाता फ्रेमवर्क, टेली मानस हेल्पलाइन और कुछ राज्यों की डिजिटल डी-एडिक्शन योजनाएं स्वागत योग्य हैं। सच्चाई यह है कि ये प्रयास बिखरे हुए हैं। अब वक्त आ गया है कि भारत डिजिटल सुविधा के साथ-साथ डिजिटल स्वास्थ्य को भी नीति के केंद्र में रखे। एक प्रभावी राष्ट्रीय डिजिटल वेलनेस नीति में स्कूल पाठ्यक्रम में डिजिटल साक्षरता और मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा, हर ज़िले में डिजिटल लत काउंसलिंग केंद्र, उम्र के अनुसार स्क्रीन टाइम गाइडलाइन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के एल्गोरिदम पर जवाबदेही, अभिभावकों के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान और बच्चों-युवाओं को स्क्रीन से बाहर लाने के लिए खेल व सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा जैसे कदम शामिल होने चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ईश्वर की प्राप्ति जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# आखिर कर्म ही महान



संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत


कैंसर से बचने और इसके बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से दुनियाभर में विश्व कैंसर दिवस, 4 फरवरी को मनाया जाता आ रहा है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। कुछ समय पहले हमारे देश में 11 लाख से ज्यादा कैंसर के नए मामले सामने आए, जबकि 7 लाख 84 हजार 800 लोगों की मौत कैंसर से हुई। हमारे देश में कैंसर के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक है। अगर इसके लिए जल्दी से जल्दी चिंतन नहीं किया गया और गंभीरता नहीं दिखाई गई तो यह हमारे देश के लिए और भी मुसीबत बन सकता है। उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत है।

- राकेश गुप्ता, रायगढ़

## करंट अफेयर

# जिल बाइडन के पूर्व पति पर पत्नी की हत्या का आरोप


अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन के पूर्व पति पर दिसंबर के अंत में डेलावेयर स्थित घर में अपनी पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विलमिंगटन निवासी विलियम स्टीवेन्सन (77) का जिल बाइडन से वैवाहिक रिश्ता 1970 से 1975 तक चला था। डेलावेयर के अटॉर्नी जनरल की प्रवक्ता कैरोलिन हैरिसन ने फोन पर बातचीत में पुष्टि की कि स्टीवेन्सन, जिल बाइडन के पूर्व पति हैं। पूर्व राष्ट्रपति और भूतपूर्व प्रथम महिला के कार्यालय के प्रवक्ता द्वारा ईमेल के माध्यम से दिए गए जवाब के अनुसार, जिल बाइडन ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हत्या के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किए जाने के बाद पांच लाख अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि जमा करने में विफल रहने के कारण स्टीवेन्सन जेल में ही है। उन पर 28 दिसंबर को 64 वर्षीय लिंडा स्टीवेन्सन की हत्या का आरोप है। विज्ञप्ति के अनुसार, रात 11 बजे के बाद घरेलू विवाद की सूचना पर पुलिस को घर बुलाया गया और उन्होंने बैठक कक्ष में एक महिला को बेहोश पाया। लिंडा स्टीवेन्सन के शोक संदेश के मुताबिक, वह व्यवसाय करती थी और उन्हें परिवार–उन्मुख मां और दादी बताया गया है।



## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



## ट्रेंड

### ऐतिहासिक व्यापार समझौता



भारत और अमेरिका के बीच हुआ ऐतिहासिक व्यापार समझौता देश और विशेषकर हमारे राजस्थान के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने वाला है। इस कदम से ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट, गारमेंट और स्टोन इंडस्ट्री के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खुलेंगे, जिससे निर्यात में वृद्धि होगी।

- भजनलाल, सीएम, राजस्थान

### सवालों का जवाब दे केंद्र



केंद्रीय भाजपा सरकार विपक्ष नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों से क्यों डर रही है? सरकार को सदन के सदस्यों के सवालों का जवाब देने और राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों से जुड़े मामलों पर स्पष्टता प्रदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

- एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु

### दिल्ली असुरक्षित क्यों



दिल्ली में सिर्फ 15 दिन में 807 लोग गायब हो गए, ये हालात सामान्य नहीं, बेहद डराने वाले हैं। राजधानी में लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। दिल्ली में हर स्तर पर बीजेपी के पास पूरी ताकत है, फिर भी दिल्ली इतनी असुरक्षित क्यों है ?

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### जनता के लिए हानिकारक



ये डील नहीं, ढील है। भाजपा की उल्टी गणित से जनता फिर पूछ रही है : ज़ीरो बड़ा या अठारह, इस देश में कोई भी डील जो 70 फीसदी कृषि आधारित जनता के लिए हानिकारक है वो कभी लाभकारी साबित नहीं हो सकती है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**मृत आरक्षक सहित 15 लोगों पर एफआईआर, आईपीएस स्तर तक जांच की आहट**

# एसएएफ में टीए घोटाला साढ़े 3 करोड़ पर पहुंचा

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर स्थित विशेष सशस्त्र बल छटवीं बटालियन (एसएएफ) में अब तक का सबसे बड़ा टीए बिल घोटाला सामने आया है। इस मामलें में मृतक आरक्षक सहित 9 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई। शुरुआती दौर में यह घोटाला 2 करोड़ रुपए का माना जा रहा था, लंबी जांच के बाद यह घोटाला बढ़कर साढ़े 3 करोड़ तक पहुंच गया। शुरुआती जांच में सामने आए तथ्यों ने पूरे पुलिस महकमे को कटघरे में खड़ा कर दिया है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि आने वाले दिनों में यह आंकड़ा 5 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है और जांच की जद में आईपीएस स्तर के अधिकारियों के आने की भी आशंका जताई जा रही है।

इस मामलें में रांझी थाने में एएसआई सहित कुल 15 कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। हैरान करने वाली बात यह है कि इनमें एक मृत आरक्षक का नाम भी शामिल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सभी आरोपियों की भूमिका अलग-अलग स्तर पर संदिग्ध पाई गई है।

### 2018-19 से चल रहा था खेल



इस संगठित घोटाले की नींव साल 2018-19 में रखी गई थी, लेकिन इसका खुलासा नवंबर 2025 में हुआ। जांच में सामने आया कि टीए शाखा में पदस्थ एलडीसी बाबू सत्यम शर्मा ने फर्जी यात्रा बिलों के जरिए सरकारी खजाने को लगातार नुकसान पहुंचाया। कागजों में आरक्षकों को जिले से बाहर ड्यूटी पर दिखाया जाता था, जबकि वास्तविकता में वे जबलपुर में ही पदस्थ रहते थे। स्टेट फाइनेंस इंटेलिजेंस सेल की रिपोर्ट ने पूरे मामले की गंभीरता उजागर कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, कई आरक्षकों के बैंक खातों में उनकी कुल सैलरी से 200 गुना तक अधिक रकम जमा पाई गई। 12 आरक्षकों के खातों में सिर्फ टीए बिलों के जरिए 10-10 लाख रुपये जमा हुए। आरक्षक अभिषेक झारिया के खाते में 582 ट्रांजैक्शन के जरिए 55 लाख रुपये डाले गए, जबकि उसकी पूरी सेवा अवधि की सैलरी केवल 26 लाख रुपये थी। नीतेश कुमार पटेल सहित अन्य कर्मचारियों को भी वेतन से कई गुना अधिक यात्रा भत्ता भुगतान किया गया।

### पूरी तरह संगठित सिस्टम

जांच में सामने आया कि घोटाले का मास्टरमाइंड सत्यम शर्मा भुगतान से पहले आने वाला ओटीपी खुद लेता था। रकम ट्रांसफर होते ही वह अधिकांश राशि नकद में वापस ले लेता था। खुद के खाते में पैसा न डालकर वह सहयोगियों के खातों का इस्तेमाल करता था और बदले में उन्हें 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का लालच देता था, ताकि जांच से बचा जा सके।

### निलंबन के बाद आत्महत्या

मामला उजागर होते ही पुलिस विभाग ने आरोपियों को निलंबित कर दिया। निलंबन और जांच के दबाव में आकर कथित तौर पर आरक्षक अभिषेक झारिया ने 12 नवंबर को ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली, जिससे यह मामला और भी संवेदनशील हो गया। इस मामलें में एक ओर चौंकाने वाली बात यह है कि आरक्षक अभिषेक झारिया की ट्रेन के नीचे आने से मौत की बात कही जा रही है, लेकिन कई सवाल अब भी अनसुलझे है। अभी तक ट्रेन से कटे अभिषेक की मुंडी और उसका मोबाइल बरामद नहीं हुआ है।

### मुख्य आरोपी अभी भी फरार

वहीं घोटाले का मुख्य आरोपी सत्यम शर्मा अपनी शादी का कार्ड सामने आने के बाद से फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

### दो स्तरों पर जारी है जांच

इस बहुचर्चित घोटाले की जांच फिलहाल दो स्तरों पर चल रही है. एक जांच एसएएफ कमांडेंट सिद्धार्थ चौधरी की तीन सदस्यीय विभागीय जांच टीम कर रही है. वहीं कलेक्टर द्वारा गठित छह सदस्यीय विशेष कमेटी भी मामले की प्रशासनिक स्त्र पर जांच में जुटी है. अब तक 20 से अधिक आरक्षकों के बैंक खाते फ्रीज किए जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, घोटाले की परतें खुलेंगी और बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

### प्रदेश में अपनी तरह का पहला मामला

यह घोटाला न सिर्फ जबलपुर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में पुलिस विभाग के भीतर सामने आया अपनी तरह का पहला बड़ा टीए गबन माना जा रहा है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि इतने वर्षों तक यह घोटाला चलता रहा और किसी भी स्तर पर ऑडिट या निगरानी क्यों नहीं हो पाई। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच कितनी निष्पक्ष होती है और क्या सचमुच यह मामला बड़े अफसरों तक पहुंच पाएगा या फिर निचले कर्मचारियों पर ही आकर थम जाएगा।

**लंबित मुकदमों के चिंताजनक बोझ को ध्यान में रखकर की गई मांग**

# हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं को आधार कार्ड से जोड़ा जाए

**रजिस्ट्रार जनरल को अभ्यावेदन प्रशासनिक कमेटी के समक्ष रखने के निर्देश**

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने लंबित मुकदमों के बोझ को कम करने दायर याचिकाओं को आधार कार्ड से जोड़ने के सुझाव वाली याचिका को गंभीरता से लिया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता के सुझाव को अभ्यावेदन मानकर प्रशासनिक कमेटी के समक्ष रखा जाए।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा की ओर से स्वयं पक्ष रखा गया। उन्होंने दलील दी कि डिजिटाइजेशन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाई कोर्ट को दिशा-निर्देश जारी किए थे। इस प्रक्रिया के



दौरान याचिका को आधार कार्ड से जोड़े जाने की व्यवस्था दी जानी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि कई प्रकरणों में याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद भी याचिका लंबित रहती है। इसी प्रकार जिला न्यायालय में आपसी समझौता होने के बावजूद हाई कोर्ट में दायर याचिका लंबित रहती है। जिसके कारण न्यायालय का कीमती समय बर्बाद होता है।

### नेशनल प्रिजनर्स पोर्टल को भी जोड़ा जाए

याचिकाकर्ता ने यह भी सुझाव दिया कि नेशनल प्रिजनर्स पोर्टल को भी हाई कोर्ट से जोड़ा जाए। ऐसा इसलिए ताकि जेल में सजा काट रहे कैदियो के रिकार्ड को देखा जा सके। कई प्रकरण में कैदियों के सजा पूरी होने के बावजूद उनके द्वारा दायर की गयी अपील हाई कोर्ट में लंबित रहती है। इसके अलावा याचिका में फाइलिंग व आवेदन दायर करने के संबंध में भी सुझाव दिए गए। हाई कोर्ट याचिका में उठाए गए मुद्दों को उचित करार देते हुए दिशा-निर्देश सहित निराकरण कर दिया।

## गेहूं खरीदी में जीपीएस तकनीक से निगरानी करेगा प्रशासन

**जबलपुर**। अगले माह से आरंभ होने वाली गेहूं खरीदी में कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रशासन अपने स्तर पर प्रभावी कदम उठाते हुए जीपीएस और कंट्रोल सेंटर जैसी तकनीकी से इस बार निगरानी करेगी। जबलपुर संभाग और जिला जबलपुर में गेहूं की खरीद, परिवहन, गुणवत्ता, परीक्षण,भंडारण और भुगतान में होने वाली अनियमतिताओं को रोकने के लिए संभाग स्तर पर मॉनिटरिंग करने के लिए चुनिंदा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अनाज परिवहन के दौरान वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा और इसकी लगातार निगरानी भी होगी। खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम और वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारी एक क्लिक में भंडारण, परिवहन और मिलिंग की जानकारी हासिल कर सकेंगे। गौरतबल है कि हाल ही में हुई धान खरीदी, परिवहन में कुछ स्थानों में मिली गड़बड़ी के बाद हर जिले में एक मॉनिटरिंग अधिकारी को तैनात किया जाएगा, ताकि कहीं कोई गड़बड़ी न हो।

**एक्पांसन ज्वाइंट को बताया जा रहा दरार**

# लोक निर्माण विभाग का दावा, फ्लाई ओवर में दरार की खबर निराधार



**जबलपुर**। लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-दो के कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह ने दमोह नाका एक्सटेंशन फ्लाईओवर के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो को पूरी तरह भ्रामक और निराधार बताया है। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग के अनुसार, 3 फरवरी 2026 को सौरभ यादव (अध्यक्ष, मध्य भारत मोर्चा), दिलीप विश्वकर्मा, जानू शर्मा एवं शोभित राजपूत द्वारा इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल किया गया, जिसमें फ्लाईओवर में दरार होने का दावा किया गया था।

कार्यपालन यंत्री ने स्पष्ट किया है कि वीडियो में दिखाई दे रहा हिस्सा कोई दरार नहीं, बल्कि तकनीकी रूप से निर्मित एक "एक्सपांशन ज्वाईंट " है, जो दो स्लैब के मध्य कंक्रीट के फैलाव और संकुचन को सुरक्षापूर्वक प्रबंधित करने के लिए दिया जाता है।

कार्यपालन यंत्री ने कहा है कि इन व्यक्तियों ने लोक निर्माण के अभियंताओं से और कांट्रेक्टर मेसर्स विजय कुमार मिश्रा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, रीवा से वास्तविक तथ्यों की जानकारी लिए बिना ही यह भ्रामक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है, जिससे आम जनता में भय की स्थिति उत्पन्न हुई है। इस कृत्य के लिए उनके विरुद्ध कोतवाली पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की जायेगी। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ने आम नागरिकों को सूचित किया है कि यह फ्लाईओवर आवागमन के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। इसके साथ ही कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी मीडिया माध्यम से तथ्यहीन और भ्रामक खबरें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### हफ्ता वसूली करने रेस्टारेंट संचालक को चाकू मारा

**जबलपुर**। रांझी थाना अतंर्गत हनुमान मंदिर के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने मारपीट व गालीगलौज कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधी व्यायाम शाला रांझी निवासी 39 वर्षीय आशीष सिंह ठाकुर गत रात 11 बजे आदर्श मार्केट स्थित अपना हट एंड न्यू रेस्टोरेंट बंद कर वहीं पास में स्थित हनुमान मंदिर गया था उसी दौरान स्कूटी में भरतीपुर निवासी समर सोनकर आया और यदि रेस्टोरेंट चलाना है तो हर हफ्ते 5 हजार रूपये देने पड़ेगें कहते हुए तत्काल 5 हजार रूपये की मांग करने लगा, मना करने पर समर सोनकर ने गाली गलौज करते हुये उस पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**अमृत फेज-2 से हर घर पहुंचेगा नर्मदा जल**

# निरीक्षण : समय सीमा में कार्य पूर्ण करने निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

'अमृत फेज-2' जल प्रदाय योजना के तहत चल रहे कामों का निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने ललपुर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो और समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। निगमायुक्त ने बताया कि लगभग 312 करोड़ रुपए की लागत से संचालित इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहर के उन क्षेत्रों में भी नर्मदा जल पहुँचाना है, जो अब तक इससे वंचित थे। ललपुर स्थित निर्माण स्थल पर चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए निगमायुक्त ने परियोजना की प्रगति पर संतोष जताया और तकनीकी पहलुओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने ठेकेदार, कंसल्टेंट और अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता के साथ कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएं। इस मौके पर अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री राजेश खंपरिया आदि उपस्थित रहे।



### करिया पत्थर मुक्तिधाम का किया निरीक्षण

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने करिया पत्थर श्मशान घाट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि इसे शहर के एक स्वच्छ स्थल के रूप में विकसित करने के कड़े निर्देश भी दिए। निगमायुक्त ने मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्मशान घाट केवल एक अंतिम संस्कार स्थल नहीं, बल्कि संवेदनाओं से जुड़ा स्थान है। उन्होंने परिसर की प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित करने के साथ परिसर में कहीं भी गंदगी का ढेर न दिखे, इसके लिए भी निर्देशित किया। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि प्रार्थना सभा स्थल को विशेष रूप से व्यवस्थित और सुंदर बनाया जाएगा। उन्होंने बैठने की व्यवस्था और प्रकाश के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए।

**शिक्षण सत्र 2025-26 की परीक्षा 20 फरवरी से होगी शुरू**

# प्रदेश में बोर्ड पैटर्न पर होगी कक्षा 5वीं, 8वीं की परीक्षा

हरिभूमि जबलपुर।

**शासकीय, अशासकीय और मदरसा स्कूलों के विद्यार्थी होंगे परीक्षा में शामिल**

प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं एंव 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी और 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 12 हजार 920 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25 लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने मंगलवार को इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इस वर्ष 1 लाख 10 हजार 615 शासकीय, निजी शालाओं एवं मदरसों के लगभग 24 लाख 90 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसमें से 522 निजी विद्यालयों के 20 हजार 736 विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार भाषा विषय के पृथक प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। अन्य विषयों के प्रश्न पत्र राज्य द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के आधार पर बनाए गए हैं।

### पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों का सत्यापन

परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक विशेष पहल की गई है। विशेष आईटी पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मैपिंग, सामग्री वितरण, रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही उपस्थिति दर्ज करने, मूल्यांकन कार्य एवं अंकसूची जारी करने की व्यवस्था भी इसी पोर्टल से की जाएगी।

### प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को मिलेगा परीक्षा देने का अवसर

संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कोई विद्यार्थी यदि किसी कारणवश परीक्षा तिथि तक पंजीकृत नहीं हो पाया है, तो उसे भी परीक्षा में शामिल करने के निर्देश केन्द्राध्यक्षों को दिए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों की तकनीकी जानकारी परीक्षा उपरांत दर्ज की जाएगी। परीक्षा में 86 हजार 109 शासकीय शालाओं, 23 हजार 980 अशासकीय शालाओं एवं 525 मदरसों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

**निर्देशों की अनदेखी से टूटी नहर**

# उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करने मांग

**जबलपुर**। बरगी बांध प्रबंधन द्वारा शासन के दिशा निर्देशों की अनदेखी किए जाने से विगत दिनों दाईं तट नहर टूटने की खबर पर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने सवाल उठाए। मंच के अध्यक्ष डॉ पीजी नाजपांडे ने कहा है कि मप्र शासन के जल संसाधन विभाग ने नंवबर 2014 में बांधों से निकली नहरों के रख रखाव के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए थे, इन निर्देशों की पूर्णतः अनदेखी की गई है, नतीजा यह हुआ है कि बरगी बांध की नहरे लगातार कमजोर हो गई हैं। हालत यह है कि बाईं तट नहर में क्षमता के आधे से भी कम जल प्रवाहित किया जा रहा है। दाई तट की नहर 80 क्यूसेक पानी का भार भी नहीं संभाल पा रही है। जाहिर है कि नहर सुरक्षा में पूरी लापरवाही बरती गई है, इसी का नतीजा यह है कि दाईं तट नहर टूटने की घटना हुई। लिहाजा उच्चस्तरीय समिति गठित कर जांच कराई जाए और इस रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। इस मांग को लेकर बुधवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे, एड.प्रभात यादव, एड.सचिन स्वामी ने बरगी हिल्स जाकर जल संसाधन विभाग तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

### पानी की बर्बादी पर याचिका दायर करेंगे

डॉ.पीजी नाजपांडे, एड.प्रभात याद्व, एड.सचिन स्वामी ने बताया कि जिस स्थान पर नहर फूटी है वहां पर एक माह से रिसाव हो रहा था और बाद में नहर फूटने के बाद पानी साथ में फसलों की भी भारी बर्बादी हुई, इसकी जिम्मेदारी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही याचिका दायर की जाएगी।

**एक्टिवा से टकराया दपंत्ति घायल, जीसीएफ में हादसा**

# आवारा श्वानों के खदेड़ने से बाहरसिंगा की मौत

**जबलपुर**। आवारा कुत्तों का आतंक हर जगह है, क्या गली, क्या शहर, क्या गांव और क्या हाईवे। जहां शहर में कुत्ते बच्चों को नोच रहे हैं, हरी इलाकों में कुत्ते जंगली जानवरों की मौत की वजह बन रहे हैं। अब बुधवार को जबलपुर में जीसीएफ पोस्ट आफिस के पास एक बारहसिंगा पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। जिससे वहां अफरातफरी मच गई, जान बचाते हुये भागा बारहसिंग्हा एक तेज रफ्तार एक्टिवा से टकरा गया , जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक्टिवा सवार दम्पति अनियंत्रित होकर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की खबर मिलते ही जीसीएफ के सुरक्षा कर्मी व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को कटंगा सदर निवासी लोकेश ध्यानी अपनी पत्नी को एक्टिवा में बैठाकर रांझी से शहर की ओर रवाना हुए। जब वे जीसीएफ पोस्ट आफिस के सामने से गुजर रहे थे, इस दौरान श्वानों ने बारहसिंगा को खदेड़ दिया, जो सड़क पर आकर एक्टिवा से टकरा गया। जिससे बारहसिंगा की मौके पर मौत हो गई। वहीं आगे जाकर एक्टिवा सवार दम्पति भी अनियंत्रित होकर गिर गए, जिससे उनके हाथ, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। हादसे को देख आसपास से गुजर रहे लोगों सहित फैक्टरी के सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने घायलों को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। गौरतलब है कि इस रोड पर जंगली जानवरों का सड़क पर आ जाना आम

**मसीहा बनकर जेठू के घर पहुंचे निगमायुक्त**

# संवेदनशीलता : बेबस परिवार में लौटी मुस्कान

**जबलपुर**। नगर निगम प्रशासन के प्रति आमतौर पर धारणा कुछ अच्छी नहीं रहती है, लेकिन निगमायुक्त ने मानवीय संवेदना को पेश कर इस धारणा को बदल दिया। दरअसल निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार करिया पाथर निवासी जेठू वंशकार के बेबस और लाचार परिवार के लिए एक नई रोशनी बनकर पहुंचे। उन्होंने मौके पर डॉक्टरों की टीम बुलाकर न केवल जेठू का उपचार और परीक्षण कराया बल्कि मौके पर ही अधिकारियों को तलब कर जेठू की रुकी हुई पेंशन को तत्काल बहाल कराया।



### मौके पर बुलाई डॉक्टरों की टीम

जेठू वंशकार काफी समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और आर्थिक तंगी के कारण इलाज करा पाने में असमर्थ थे। जब यह मामला निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के संज्ञान में आया, तो उन्होंने बिना देर किए शासकीय चिकित्सक को फोन लगाया और जेठू का बेहतर उपचार के लिए अनुरोध किया। निगमायुक्त के अनुरोध पर जेठू के घर पहुंचकर डाक्टरों की टीम ने इलाज शुरू किया। इस मानवीय संवेदना को देखकर परिजनों के अलावा स्थानीय लोगों में भी खुशी और संवेदना के आंसू छलक पड़े।

### द्वार पहुंची निगम की टीम पेंशन शुरू

सिर्फ इलाज ही नहीं, निगमायुक्त ने परिवार के भविष्य की सुरक्षा का भी ध्यान रखा। उन्होंने उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन और उनकी टीम को निर्देश देकर सीधे जेठू के घर भेजा। टीम ने मौके पर ही कागजी औपचारिकताएं पूरी कीं और जेठू की रुकी हुई पेंशन को तत्काल बहाल कराया। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि निगम प्रशासन का असली उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सेवा करना है। जेठू वंशकार के परिजनों में लौटी खुशी ही हमारी पूरी टीम के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।

खबर संक्षेप

## रोज-रोज घर आने पर साले ने जीजा को दे मारा ईंटा

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत गंगामईया में रोज रोज घर आने की बात पर एक साले ने अपने जीजा के साथ गालीगलौज कर ईंट से हमला कर घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजपुर जगदंबा कालोनी अधारताल निवासी 36 वर्षीय विजय गोटिया ने महाराजपुर जगदम्बा कालोनी स्थित अपने पुराने मकान को तुड़वाकर नया मकान बनवा रहा है जिस कारण उसकी पत्नी कविता गोटिया एवं बच्चे प्रियांशु गंगा मईया फक्कड़ बाबा के पास लगभग एक माह से ससुराल में रह रहे है। वह अपनी पत्नी एवं बच्चे को देखने के लिये अपनी ससुराल आता जाता है। गत दिवस पत्नी एवं बच्चे को देखने गया था रात लगभग 9 बजे उसका साला नीरज गोटिया रोज रोज हमारे घर क्यों आता है कहकर गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना किया तो नीरज ने ईंट उठाकर उसके सिर पर हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी साले के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 118(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## भाई ने बहन पर किया टिफिन से हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र में मोहनिया में कपड़े बिखराने से मना करने की बात पर एक छोटे भाई ने अपनी बहन के साथ मारपीट कर पैने टिफिन से हमला कर दिया और गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोम पैलेस के पास मोहनिया निवासी 25 वर्षीय शालू अग्रवाल का भाई हर्ष अग्रवाल आए दिन उसकी उसे और उसकी मां को घरेलू बातों को लेकर परेशान करता है। जिस कारण शालू अपने मामा के यहां रहती है और घर पर हर्ष के न रहने पर अपनी मां से मिलने के लिए घर आती जाती रहती है। गत दिवस जब वह अपने घर गई तो देर रात लगभग 2 बजे हर्ष ने उसके कपड़े बिखरा दिया, मना करने पर हर्ष ने उसे नोंच दिया और मारपीट कर पैने टिफिन पर उसके सिर पर हमला कर उसका गला दबाकर दुबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 118(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## आंगनवाड़ी नियुक्ति में अति गरीबी कार्ड नंबर न जोड़ने का आरोप

**पाटन।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी सहायिका नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि पात्र अभ्यर्थी का अति गरीबी (AAY) कार्ड नंबर अनुचित रूप से अंक सूची में दर्ज नहीं किया गया, जिससे उसे निर्धारित वरीयता का लाभ नहीं मिल सका। जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसके बाद विभागीय जांच में उसकी अति गरीबी श्रेणी की पात्रता भी प्रमाणित पाई गई। इसके बावजूद चयन प्रक्रिया में अति गरीबी कार्ड नंबर शामिल नहीं किया गया।

# निर्धारित दर से अधिक कीमत पर गैस सिलेंडर बेचने के दोषी 12 रसोई गैस वितरकों को कारण बताओ नोटिस जारी

## घरेलू रसोई गैस का दुरुपयोग रोकने जिला प्रशासन ने कराई थी जांच

**जबलपुर। घरेलू रसोई गैस के व्यावसायिक इस्तेमाल को रोकने जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच की कारवाई में निर्धारित दर से अधिक कीमत पर रिफिल का विक्रय करने का दोषी पाये जाने पर बारह एलपीजी गैस वितरकों को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं।**

**खाली सिलेंडर के साथ ग्राहक बनकर पहुँचे थे जांच अधिकारी.**

इन रसोई गैस वितरकों में बलदेवबाग स्थित अथर्व गैस एजेंसी के संचालक अमित अग्रवाल, गौतम जी की मढिया के पास संजीवनी नगर स्थित दीप गैस एजेंसी के संचालक आकाश नेचलानी, रौनक कॉम्लेक्स मदन महल स्थित मदनमहल गैस कंपनी के संचालक सुलभ नाईक, गोहलपुर स्थित विश्वनाथ गैस एजेंसी के संचालक सौरभ अग्रवाल, आनंद नगर आधारताल स्थित आकांक्षा गैस एजेंसी के संचालक सौरभ सिंह जाट, सदर स्थित गुजराल गैस एजेंसी की संचालक श्रीमती तविन्दर कौर गुजराल, राँझी स्थित उदयन गैस एजेंसी की संचालक श्रीमती नुपुर ठाकुर, एकता चौक विजय नगर स्थित दुबे गैस एजेंसी के संचालक गुलाब दुबे, मेन रोड चुंगी नाका राँझी स्थित ओम इंडेन गैस एजेंसी के संचालक अनिल रावतेल, स्टेशन रोड कांचघर स्थित साईं विश्वा गैस एजेंसी के संचालक विनीत कुमार वाजपेयी, कटंगा स्थित मित्तल गैस एजेंसी के पार्टनर शरद मित्तल तथा धुआंधार रोड भेडाघाट स्थित शंकर गैस एजेंसी के संचालक विनय शंकर श्रीवास्तव शामिल हैं।

कारण बताओ नोटिस में इन गैस वितरकों को तीन दिन के भीतर जबाब देने के निर्देश दिये गये हैं। तय समयावधि में तथा संतोषजनक जबाब प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की चेतावनी भी इन रसोई गैस वितरकों को नोटिस में दी गई है। कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि इन गैस एजेंसियों के संचालक और उनके कर्मचारियों द्वारा कालाबाजारी कर अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का विक्रय किया जाना द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश-2000 की कंडिका 3(3), 4(2), 9(घ) का उल्लंघन है तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 की सहपठित धारा 7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के अनुसार घरेलू रसोई गैस के दुरुपयोग को रोकने कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह द्वारा अनुविभागवार जांच दलों का गठन किया गया था। इन जाँच दलों में शामिल अधिकारियों द्वारा ग्राहक बनकर रसोई गैस वितरक एजेंसियों की जांच की गई थी। जाँच दल में शामिल अधिकारी खाली सिलेंडर लेकर रसोई गैस एजेंसी पहुँचे थे और भरे हुये सिलेंडर क्रय करने की मांग गैस एजेंसी के कर्मचारियों से की गई थी।जांच में दोषी पाए गई गैस वितरक एजेंसियों के कर्मचारियों द्वारा गैर पंजीकृत उपभोक्ता होने के बावजूद जांच अधिकारियों को निर्धारित दर 860 रुपये के स्थान पर एक हजार रुपये से 1हजार 400 रुपये लेकर प्रदान कर दिये गये। जांच दल के अधिकारियों द्वारा बकायदा इसके वीडियो बनाये गये और भुगतान भी यूपीआई के माध्यम से किया गया।

# उपलब्धि : 14 करोड़ की लागत से बनेगा सबसे बड़ा मल्टी फंक्शनल सिम्युलेटर

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी जबलपुर के नयागांव स्थित पावर जनरेटिंग प्रशिक्षण संस्थान में लगभग 14 करोड़ रूपए की लागत से देश का सबसे बड़ा मल्टी-फंक्शनल थर्मल एवं हाइड्रो ऑपरेटर ट्रेनिंग सिम्युलेटर स्थापित करने जा रही है। इस अत्याधुनिक सिम्युलेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन अभियंताओं को विद्युत संयंत्रों के संचालन, नियंत्रण एवं आपातकालीन परिस्थितियों के प्रबंधन का यथार्थपरक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे प्लांट ट्रिपिंग जैसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। यह सिम्युलेटर रिमोट ऑपरेशन की सुविधा से भी युक्त होगा। इसके माध्यम से पावर जनरेटिंग प्रशिक्षण संस्थान न केवल राज्य बल्कि अन्य राज्यों की विद्युत कंपनियों के अभियंताओं एवं तकनीकी विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रमुख प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में स्थापित होगा।

**जबलपुर में ट्रेनिंग लेंगे देश के विद्युत अभियंता**

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी अपने कार्मिकों को उच्च स्तरीय तकनीकी, वित्तीय एवं प्रबंधकीय दक्षताओं से सुसज्जित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यालय स्थित नयागांव में प्रशिक्षण संस्थान को अत्याधुनिक नवाचारों के साथ विकसित कर रही है। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम व डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर के प्रगतिशील मार्गदर्शन में यह संस्थान देश के ऊर्जा क्षेत्र में एक विशिष्ट एवं अग्रणी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उभर रहा है।कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कुमार कश्यप ने जानकारी कि प्रशिक्षण संस्थान में आधुनिक स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना की जा रही है, जहाँ कंपनी के सभी कॉडर के कार्मिकों को तकनीकी, वित्तीय व प्रबंधकीय विषयों पर समग्र प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह संस्थान नवनियुक्त कार्मिकों व अभियंताओं के लिए प्रेरण प्रशिक्षण (इंडक्शन ट्रेनिंग) का प्रमुख केंद्र होगा। कंपनी की मिड-करियर ट्रेनिंग पॉलिसी के अंतर्गत करंट चार्ज अथवा पदोन्नति प्राप्त करने वाले सहायक अभियंता से लेकर अतिरिक्त मुख्य अभियंता स्तर तक के कार्मिकों को विशेष रूप से संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लाभान्वित किया जाएगा।

### आईटी प्रशिक्षण केंद्र

प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 150 सीटों की क्षमता वाला अत्याधुनिक 'मंत्रा' ऑडिटोरियम निर्माणाधीन है, जिसमें सम्मेलन, सेमिनार, कार्यशालाएँ एवं विभिन्न प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 21 कम्प्यूटर एवं समर्पित कार्यस्थलों से युक्त एक आधुनिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र भी विकसित किया जा रहा है, जहाँ ईआरपी, ऑटोकैड, प्राइमावेरा सहित विभिन्न तकनीकी एवं वित्तीय सॉफ्टवेयर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025

# ताइक्वांडो में जबलपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### 3 स्वर्ण, 1 रजत एवं 8 कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो इंडिया की तर्ज पर आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत पीएम श्री एक्सीलेंस महाविद्यालय, नर्मदापुरम में संपन्न राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जबलपुर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 03 स्वर्ण, 01 रजत एवं 08 कांस्य पदक अर्जित कर जिले का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता में जबलपुर के खिलाड़ियों ने अपने-अपने आयु एवं वजन वर्ग में प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल अधिकारी जबलपुरी आशीष पांडे द्वारा पदक विजेताओं का फूल-मालाओं से स्वागत कर उत्साहवर्धन किया गया।जबलपुर टीम के दल कोच नमिता यादव एवं विक्रम राजपूत रहे। इस अवसर पर मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव तथा रितेश वर्मा भी उपस्थित रहे।स्वर्ण पदक विजेता- वेदांत साहू (अंडर 55 किग्रा), मान्या मिश्रा (59 किग्रा) एवं नव्या मिश्रा। रजत पदक विजेता- वैभवी श्रीवास एवं आलिशा सोनकर। कांस्य पदक विजेता- मानव राज यादव, (अंडर 45 किग्रा) पार्थ सेन (अंडर 59 किग्रा), आयुषी गोंटिया (अंडर 42 किग्रा), सानी गोटेल (अंडर 48 किग्रा), जस्टिन फ्रांसिस (+78 किग्रा), शौर्य देव चक्रवर्ती, गौरी शुक्ला, मानव यादव, आर्यन सोनी एवं अथर्व पोर्वाल।

# 26वीं अभा फुटबॉल प्रतियोगिता में पुलिस ब्वायस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया



**जबलपुर।** 26वीं अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता 26 जनवरी से 01 फरवरी तक मैहर में आयोजित की गई, जिसमें पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब जबलपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब का प्री क्वार्टर फाइनल मैच इंदौर फुटबॉल क्लब के मध्य हुआ जिसमें इंदौर ने मैच के सातवें मिनट में एक गोल करके 1-0 से बढ़त बना ली। पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच के अंतिम मिनट में शेख नदीम के द्वारा एक करके मैच में बराबरी की गई मैच 1-1 से ड्रा रहा। उसके उपरांत पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब ने ट्राईबेकर में 4-2 से विजय प्राप्त की। पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब की ओर से सैयद, आमिर, प्रियम सिंह एवं शेख नदीम, सुजीत ने गोल किए। पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच अकोला महाराष्ट्र के मध्य हुआ, जिसमें पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब ने अकोला महाराष्ट्र को 4-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बना ली।पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब का सेमीफाइनल एसीबी कोरबा छत्तीसगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब के सुजीत कोल, अरुण मिश्रा, साहिल ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया लेकिन एसीबी कोरबा छत्तीसगढ़ के द्वारा मैच के अंतिम मिनट में दो गोल करके मैच 2-0 से जीत लिया गया। सेमीफाइनल में पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब के प्रियम सिंह, शेख नदीम, निखिल, सुजीत कोल, सैयद आमिर, प्रज्जवल सिंह, सचित वत्स, ध्रुव मिश्रा एवं सुदीप्तो का खेल सराहनीय रहा। फाइनल मुकाबला एमईजी बेंगलोर एवं एसीबी कोरबा के मध्य खेला गया, जिसमें एमईजी बेंगलौर ने एसीबी कोरबा को 2-1 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया। पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब को प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा। पुलिस ब्वायस फुटबॉल क्लब के शानदार खेल पर सम्पत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक, डॉ. श्याम सुंदर प्रमुख चिकित्सा निदेशक, मधु यादव अर्जुन अवार्डी, डॉ. विशाल बन्ने, आरआई, प्रशांत मिश्रा, पवन पटेल, अशोक रजक, श्री चौकसे, सूबेदार अवतार सिंह, रेनू विक्टर, राकेश कनौजिया ने बधाई प्रेषित की।



## शबे बारात पर लगाई गई पुलिस व्यवस्था का एसपी ने लिया जायजा

**जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के पर्व पाक रात शबे बारात पर पुलिस प्रशासन द्वारा सभी संवेदनशील क्षेत्र में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय सड़कों पर निकले, इस दौरान उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सवांद कर ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और ड्यटी में लगे पुलिस बल की हौसला अफजाई की।

# स्वच्छता अभियान को गति देने सड़क पर उतरे निगमायुक्त

**जबलपुर। शहर को स्वच्छ, सुंदर और नागरिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। स्वच्छता अभियान एवं जल वितरण व्यवस्था की वास्तविक स्थिति जानने के लिए निगमायुक्त ने शहर के विभिन्न गली-मोहल्लों और बस्तियों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया।**



निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य सड़कों के साथ-साथ संकरी गलियों में जाकर सफाई व्यवस्था, नाली-नालों की स्थिति तथा मानसून पूर्व सफाई कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को नियमित व प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने अंतिम घर तक पानी और स्वच्छता वाहन पहुंच रहे हैं या नहीं, इसकी जानकारी नागरिकों से सीधे संवाद कर प्राप्त की। इसके अलावा निगमायुक्त ने निर्माणाधीन कार्यों, पुल-पुलियों की मरम्मत एवं कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से दफ्तरों से निकलकर फील्ड में सक्रिय रहने का आह्वान करते हुए स्वच्छता अभियान को 'जनांदोलन' का रूप देने पर जोर दिया।

संकल्प से समाधान अभियान

# 35 हजार आवेदनों में से 27 हजार 582 का हुआ निराकरण

**जबलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के पहले चरण में नागरिकों से अभी तक केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित 35 हजार 003 आवेदन प्राप्त हुये हैं और इनमें से 27 हजार 582 का निराकरण किया जा चुका है। निराकृत प्रकरणों में स्वीकृत आवेदनों की संख्या 27 हजार 519 एवं अस्वीकृत किये गये आवेदनों की संख्या 63 है, जबकि 7 हजार 421 आवेदन लंबित है।ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने प्रदेश भर में स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। चार चरणों के इस अभियान में नागरिकों को 106 विभागों से जुड़ी सेवाओं और योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। इसके लिये पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। अभियान के 12 जनवरी से 15 फरवरी तक के पहले चरण में नागरिकों से केंद्र और राज्य शासन की सेवाओं एवं योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त करने ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर पर एवं शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर दलों का गठन किया गया है। ये दल घर-घर जाकर या शिविर लगाकर आवेदन एवं शिकायत प्राप्त कर रहे हैं। नागरिकों से प्राप्त प्रत्येक आवेदन एवं शिकायतों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है।

# किसान संघ मझौली का तहसील कार्यालय के सामने धरना, भुगतान व खरीदी में गड़बड़ियों का आरोप

**मझौली। किसान संघ मझौली द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसील कार्यालय के सामने मंगलवार दोपहर 12 बजे से धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। किसानों ने समर्थन मूल्य पर बेची गई धान एवं मूंग की उपज का भुगतान न होने, पोर्टल बंद होने से खरीदी प्रभावित होने तथा भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।**



किसानों का कहना है कि वर्ष 2025-26 में कृताकार सेवा सहकारी समिति केंद्र के अंतर्गत धान बेचने वाले किसानों को अब तक भुगतान नहीं मिला है। वहीं पिपरिया स्थित केजी वेयरहाउस में पोर्टल बंद होने के कारण कई किसानों की धान तौल होने के बावजूद दर्ज नहीं हो सकी, जिससे उनकी उपज अटकी हुई है। इसके अलावा वर्ष 2019-20 व 2022-23 की लंबित भुगतान राशि, शेष किसानों के धान भुगतान, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, गेहूं-धान समर्थन मूल्य बढ़ाने के वादे पूरे करने तथा आगामी खरीदी में पारदर्शिता की मांग की गई। किसान संघ तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल एवं रंजीत पटेल ने कहा कि जब तक समस्याओं का ठोस निराकरण और समयबद्ध आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच का आश्वासन दिया है, लेकिन किसानों को लिखित भरोसा मिलने तक धरना जारी रहेगा।

## सालाना उर्स बाबा शरीफुल औलिया का आयोजन 10 को

**सिहोरा।** खानकाहे सरकार शरीफुल औलिया रज़ा नगर नया मोहल्ला में स्थित दरगाह शरीफ बाबा शरीफुल औलिया का उर्स जेरे सरपरस्ती सज्जादा नशीन यूसुफे मिल्लत पीरे तरीकत हजरत मौलाना सूफी बाबा मुहम्मद यूसुफ रज़ा शरीफी (दादा भाई) में मुनअकिद हो रहा है । नायबे सज्जादा नशीन शहजादए यूसुफे मिल्लत इन्तेजामे मिल्लत हजरत मौलाना सूफी बाबा मुहम्मद हसनैन रज़ा शरीफी ने बताया बाद नमाजे फजर गुस्ल चादर पोशी सलातो सलाम फातेहा होगी ज्यारते तबर्रकात हुजुर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम व गौसो ख्वाजा के मुए मुबारक (दाढ़ी शरीफ के बाल मुबारक व दीगर बुजुर्गाने दीन के तबर्रकात की ज्यारत मर्द हजरात, को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक और माँ बहनों को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक कराई जायेगी बाद नमाजे असर दरगाह शरीफ से संदल चादर जुलूस उठकर बस्ती का गश्त करते हुए पुराना बस स्टैंड,मृगनयनी रोड,जामा मस्जिद,आजाद चौक,गौरी तिराहा से कुर्रे रोड, गल्ला मंडी से वापस आएगा / बाद नमाजे ईशा बहार से तशरीफ़ ला रहे हजरात मुफ़्ती लुकमान खाँ छतरपुर, हजरत मुफ़्ती मुहम्मद यूसुफ मिस्बाही झारखण्ड, हाफिजो कारी रफीउल कादरी रीवा,मौलाना जियाउर्रजा चाँद कादरी जबलपुर,खुसूसी शायर समन व नूरी साहिबान सिंगरौली इनके अलावा मकामी उलमा नात ख्वाँ तशरीफ़ लाकर अपनी नुरानी तकरीर फरमाएंगे / आप हजरात से गुजारिश है ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचकर सवाबे दारैन हासिल करें।



**श्री केशव मिश्रा** - सिहोरा मनसकरा सिहोरा निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री केशव मिश्रा का 91 शाल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार गंजताल मार्ग स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे विरेन्द्र मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा के पिता थे।

**श्री अनिल कुमार पाठक-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री अनिल कुमार पाठक (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री दविन्दर सिंह आनंद- दत्त विला नेपियर टाउन निवासी श्री दविन्दर सिंह आनंद (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुशीला नामदेव-** अहीर मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री रामायण नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला नामदेव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संतोष कुमार मरावी- शीतलामाई आजाद व्यायाम शाला के पास




आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री हेमराज मरावी के पुत्र श्री संतोष कुमार मरावी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. आशा चौधरी-** गली नं. 1 पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ निवासी श्री संतोष चौधरी की पुत्री कु. आशा चौधरी (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री नीलम साहनी-** मदनमहल शुभ परिसर शारदा मंदिर रोड निवासी कस्तूरी लाल साहनी की पुत्री सुश्री नीलम साहनी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री पुरूषोत्तम मेहरा-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री पुरूषोत्तम मेहरा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक राजपूत-** गोविंद भवन साउथ सिविल लाइन निवासी श्री अशोक राजपूत (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश सतनामी-** मदनमहल स्टेशन रोड बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री सुरेश सतनामी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

कहा- कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को देश की सकारात्मकता नहीं दिखती

# राहुल गांधी को समझ में ही नहीं आता कि वह कह क्या रहे हैं, उनकी कठिनाई यही है : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

केंद्रीय बजट पर आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप पर पूछे गए सवाल पर बोले सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को समझ में ही नहीं आता कि वह कह क्या रहे हैं। उनकी कठिनाई यही है। जिस रक्षा बजट में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है, उससे बढ़कर क्या हो सकता है। 'आप पूरा बजट देख लो, लेकिन दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ेगा कि राहुल गांधी को देश की सकारात्मकता नहीं दिखती, उनकी बात को लोग किस अर्थ में लेंगे, उनका खुद का भी वजन कम होगा, लेकिन पता नहीं उनको क्या हो जाता है, मुझे तो समझ में नहीं आता है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी के आरोप पर पूछे गए सवाल के जवाब में कही। मुख्यमंत्री मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में केंद्रीय बजट पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

### केंद्रीय बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है, जो मध्यप्रदेश सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा। केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि इस बजट से मध्यप्रदेश को भी व्यापक लाभ होगा और यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन। साथ में भाजपा पदाधिकारी।

### बजट नारी शक्ति को आर्थिक सशक्तिकरण देने वाला

लखपति दीदी योजना पर आधारित सामुदायिक स्व-सहायता समूह उद्यम स्थापित करने का प्रावधान है, इससे महिलाओं को क्रेडिट लिंक्ड आजीविका से उद्यम स्वामित्व की ओर जाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट के इन प्रावधानों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी ही, साथ ही यह बजट नारी शक्ति को आर्थिक सशक्तिकरण देने वाला होगा।

### स्वास्थ्य और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में तेजी से आगे बढ़ेगा मध्य प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बायोफार्म शक्ति योजना से बायोटेक्नोलॉजी, बायो फार्मा, फार्मास्यूटिकल अनुसंधान और हेल्थ इंडस्ट्री आधारित स्टार्ट अप्स को बढ़ावा मिलेगा। मप्र ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में अग्रसर होगा, जिससे उच्च मूल्य रोजगार सृजित होंगे। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 से इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग और एआई आधारित तकनीकों के विकास से मध्यप्रदेश में हाई टेक उद्योग, डिजिटल निवेश और नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। बजट के प्रावधान मध्यप्रदेश के पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट में 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से देश के प्रत्येक जिलों में महिला छात्रावास स्थापना का के साथ नारी शक्ति के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने 1.5 लाख सेवा प्रदाताओं और एक लाख स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी कंटेंट क्रिएटर लैब

खंडेलवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट में 15 हजार माध्यमिक शालाओं में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और 'खेलो इंडिया' के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की गई हैं। क्रिएटर लैब युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि बजट में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना का पालन करते हुए खादी, हथकरघा, हस्तशिल्प और एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा देने वाला है।

## खबर संक्षेप

### सांसद तंखा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज के खिलाफ मामला लिया वापस

**भोपाल।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ दायर मानहानि का मामला वापस ले लिया है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट द्वारा मामले पर पुनर्विचार का आग्रह किए जाने के बाद लिया गया। विवेक तंखा ने सुप्रीम कोर्ट को औपचारिक रूप से सूचित कर दिया है कि वह यह केस आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। इस कदम को राजनीतिक और कानूनी हलकों में एक अहम घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है।
तंखा ने इस फैसले के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महेश जेठमलानी, सुमर सोढ़ी और धीरेंद्र परमार का विशेष रूप से आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इन सभी की मध्यस्थता और सकारात्मक प्रयासों के चलते यह

### अभिभावक महंगे दामों पर बच्चों की किताबें खरीदना पर विवश

**भोपाल।** राजधानी में किताबों के दुकानदारों की मनमानी को लेकर मंगलवार को अखिल भारत हिंदू महासभा ने प्रेसवार्ता कर आरोप लगाए है। इसको लेकर कलेक्टर भोपाल को पत्र भी लिखा गया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित दुबे व संभाग संगठन मंत्री देवेंद्र तिवारी ने बताया कि भोपाल जिले को कुछ पुस्तक माफिया ने पूरी तरह से अपनी गिरफ्त में ले लिया है। स्कूलों की मिलीभगत के चलते अभिभावकों महंगे दामों पर ही इन दुकानों से किताबें खरीदना पड़ती है। महासभा ने जबलपुर की तर्ज पर भोपाल में भी सख्ती से नियम लागू करने की मांग की है।

1 620 करोड़ रूपए से अधिक लागत की 2 सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति

2 सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों के लिए मंत्रिमंडल का बड़ा निर्णय

10 योजनाओं की निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति

# आदिवासियों को आवंटित आवासीय भूखंडों की निःशुल्क रजिस्ट्री कराएगी प्रदेश सरकार

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

नर्मदा घाटी की सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों को आवंटित किए गए आवासीय भूखंडों की रजिस्ट्री राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी। इससे 25,600 से अधिक आदिवासी परिवारों को लाभ होगा।

इस निर्णय से राज्य शासन पर 600 करोड़ रूपए का वित्तीय भार आएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। निर्णय के तहत मानक संचालन प्रक्रिया (एकओपी) अनुसार देय पंजीयन शुल्क एवं स्टॉम्प ड्यूटी की प्रतिपूर्ति नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा की जाएगी। बैठक में मध्यप्रदेश राज्य समाज कल्याण बोर्ड को भंग कर कर्मचारियों का संविलयन महिला बाल विकास विभाग में करने की स्वीकृति प्रदान की गई।


कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### भारत-अमेरिका के बीच डील मेक इन इंडिया को देगी नई गति :

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। भारत-अमेरिका के बीच हुई नई ट्रेड डील अभिनन्दनीय है। यह ट्रेड डील, मेक इन इंडिया को नई गति देगी। इससे देश को प्रगति के नए अवसर प्राप्त होंगे। यह डील भारत के सशक्त नेतृत्व और विकास में साझा विश्वास को दर्शाता है।

### इन योजनाओं की निरंतरता की स्वीकृति

मंत्रिमंडल द्वारा 6 विभागों की 10 योजनाओं की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार वित्त विभाग की लोक वित्त पोषित 500 करोड़ से कम की 8 योजनाओं के लिए 115 करोड़ 6 लाख रुपए, श्रम विभाग की मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपए, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन योजना और स्थापना एवं कार्यालयीन योजनाओं के लिए 3 हजार 376 करोड़ 66 लाख रूपए, पशु पालन एवं डेयरी विभाग की डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना, पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ब्लॉकग्रांट योजना एवं पशुपालन, पशु विकास और गो संवर्धन योजना के लिए 6 हजार 472 करोड़ 18 लाख रुपए, महिला एवं बाल विकास की किशोर कल्याण निधि योजना और घरेलू हिंसा पीड़िता सहायता योजना के लिए 24 करोड़ 70 लाख और पिछड़ा वर्ग एवं अन्य कल्याण की अल्पसंख्यक स्वरोजगार/उद्यम योजना के लिए 21 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### मैहर एवं कटनी जिले की परियोजनाओं की स्वीकृति

मंत्रिमंडल द्वारा मैहर एवं कटनी जिलें में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 620 करोड़ 65 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार मैहर एवं कटनी की धनवाही सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना लागत 53 करोड़ 73 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इससे 3500 हेक्टयर में सिंचाई की सुविधा प्राप्त होंगी और मैहर एवं कटनी जिले के 9 ग्राम के 2810 कृषक लाभान्वित होंगे। कटनी जिलें की बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 566 करोड़ 92 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे, कटनी जिले की बरही एवं विजयराघवगढ़ तहसील के 27 ग्राम के 11,500 कृषक लाभान्वित होंगे और 20 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होंगी।

## ओला-पाला से प्रभावित फसलों का सर्वे कर किसानों को तत्काल उपलब्ध कराएं राहत

मालवा, निमाड़, चंबल और विंध्य अंचलों में आयोजित होगी कृषि कैबिनेट

सरसों को भावांतर योजना में शामिल करने पर विचार कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जहां-जहां ओला-पाला से फसलें प्रभावित हुई हैं, कलेक्टर्स उन जिलों में सर्वे कराकर किसानों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराएं। किसानों के सभी प्रकार के हित सुनिश्चित करने और उनकी आय दोगुना करने के उद्देश्य से ही वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषक कल्याण कृषि वर्ष में मालवा, निमाड़, चंबल और विंध्य अंचलों में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। डॉ. यादव मंगलवार को कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रिमंडल के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना में सरसों और अन्य तिलहन फसलों को भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। मूंग के स्थान पर उड़द को प्रोत्साहित करने के लिए नीति बनाई जा रही है। इसके लिए किसानों को प्रेरित करना आवश्यक है।

### राज्य स्तरीय एमपी यूथ गेम्स के आयोजन की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में राज्य स्तरीय एमपी यूथ गेम्स-2026 के भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठित आयोजनों में देशज खेलों को भी शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा मेडिकल कॉलेज में 750 बेड की क्षमता वृद्धि की गई है। प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज की क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा। डॉ. यादव ने श्रीपशुपतिनाथ लोक में विकसित की गई सुविधाओं और प्रतिमा के क्षरण को रोकने के लिए किए गए उपाय को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव आयोजित किया गया। पुष्प उत्पादन और देश-विदेश में फूलों की बेहतर मार्केटिंग व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### केंद्रीय बजट की विशेषताओं से अवगत कराएं मंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। राजनैतिक विषयों के स्थान पर वित्त आयोग के सुझावों को महत्व देना बजट की विशेषता है। उन्होंने मंत्रिमंडल सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में केंद्रीय बजट की विशेषताओं से जनसामान्य को अवगत कराने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि कच्छ में 'रण उत्सव' में टेंट सिटी से की गई ईको-सेंसेटिव आवास व्यवस्था और रोजगार के अवसर सृजित करने के नवाचार सराहनीय हैं। उन्होंने गिर राष्ट्रीय उद्यान में सफारी और रेस्क्यू सेंटर में सिंहों को देखने के लिए किए गए प्रयोगों से प्रेरणा लेते हुए उन्हें प्रदेश में लागू करने की दिशा में गतिविधियां करने की आवश्यकता बताई।

बाकी जिलों का भी होगा पुनरीक्षण

# धमतरी, बलौदाबाजार समेत इन जिलों में जमीन की नई गाइडलाइन दरें लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 20 नवंबर 2025 से लागू की गई नवीन गाइडलाइन दरों के अंतर्गत आवश्यकतानुसार पुनरीक्षण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। राज्य शासन द्वारा पूर्व में जिला मूल्यांकन समितियों को यह निर्देश जारी किए गए थे कि यदि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप गाइडलाइन दरों में संशोधन की आवश्यकता हो, तो उसके प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जा सकते हैं।

शासन के इन निर्देशों के अनुपालन में धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधन संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन प्रस्तावों पर विचार करने के लिए महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केन्द्रीय



मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें तीनों जिलों से प्राप्त प्रस्तावित गाइडलाइन दरों का गहन परीक्षण किया गया। बैठक में समग्र रूप से विचार-विमर्श के बाद धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा भेजी गए गाइडलाइन दर संशोधन प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

### 4 फरवरी से लागू होंगी नई दरें

केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित संशोधित गाइडलाइन दरें धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिलों में 4 फरवरी 2026 से प्रभावशील होंगी। आम नागरिकों, संपत्ति क्रेता-विक्रेता तथा अन्य संबंधित हितधारकों को इन नवीन दरों की जानकारी संबंधित जिला पंजीयन कार्यालयों एवं विभाग की आधिकारिक वेबसाइट में उपलब्ध है। राज्य शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि अन्य जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त होने वाले संशोधित गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों पर भी शीघ्र कार्रवाई करते हुए उन्हें क्रमशः जारी किया जाएगा। यह प्रक्रिया प्रदेश में संपत्ति मूल्यांकन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, युक्तिसंगत और जनोपयोगी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही।

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम का बड़ा बयान

# धान खरीदी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाईः विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा पत्रकारों से चर्चा के दौरान धान खरीदी में लापरवाही करने वालों पर सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि निर्धारित मूल्य पर वास्तविक किसानों से धान खरीदी करने के लिए सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा ऑनलाइन माध्यम को अपना कर अधिक से अधिक पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता सुनिश्चित करने का कार्य किया है। किसानों की सुविधा के लिए धान खरीदी की अवधि को भी बढ़ाने का कार्य हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है, ताकि हर वो किसान जिसका धान निर्धारित समयावधि में नहीं विक्रय हो पाया था, वह विक्रय कर सके। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं।



### धान उपार्जन केंद्रों में लापरवाही सामने आई

शासन द्वारा नियमित रूप से धान खरीदी की मॉनिटरिंग के लिए हर स्तर पर कार्य किया गया है। इसके पश्चात भी कुछ स्थानों पर धान उपार्जन केंद्रों में लापरवाही सामने आई है। जिस पर शासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए कठोर कार्रवाई की जा रही है। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में संग्रहण केंद्र में धान की कमी के मामले पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन किसानों का हित सुरक्षित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस मामले में जिस जिस अधिकारी द्वारा लापरवाही की गई है, उन सभी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही इस पर मुझे हर्ष है और इसके साथ ही जहां भी धान खरीदी , संग्रहण केंद्रों को लेकर लापरवाही सामने आई है, उन पर कठोर से कठोर कार्रवाई के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी आग्रह करूंगा। इन्होंने कहा शासन के लिए किसान हित सर्वोपरि है। लोगों के हित सुनिश्चित करने के लिए यह सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है।

## मुख्यमंत्री को सौंपा गया 4 करोड़ 39 लाख रुपए लाभांश का चैक

मप्र ऊर्जा विकास निगम पहली बार आया लाभ की स्थिति में

# कुसुम योजनाओं में किसानों की रुचि से मध्य प्रदेश बनेगा नवकरणीय ऊर्जा में आदर्श राज्यः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को लाभ की स्थिति में आने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कुसुम योजनाओं में किसानों द्वारा ली जा रही रूचि प्रदेश को नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने 4 करोड़ 39 लाख रुपए लाभांश का चैक भेंट किया। मंत्री शुक्ला ने अनौपचारिक चर्चा में बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नीतियों के परिणाम स्वरूप मप्र ऊर्जा विकास निगम पिछले 2 वर्षों में लाभ की स्थिति में आ गया है।



### निगम की स्थापना के बाद यह पहला अवसर है, जब निगम को लाभ हुआ

वर्ष 1982 में निगम की स्थापना के बाद यह पहला अवसर है, जब निगम को लाभ हुआ है। मंत्री शुक्ला ने बताया कि कुसुम योजनाओं में किसानों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लेने के परिणाम स्वरूप 3 वर्षों में निगम को 41 करोड़ आय हुई है, निगम के लाभ में शासन का अंश 20 प्रतिशत का है, जिसमें से 10 प्रतिशत अर्थात 4.39 करोड़ रुपए का चैक अभी सौंपे जा रहे हैं। शेष 10 प्रतिशत राशि कुछ समय बाद सौंपी जाएगी।

छत्तीसगढ़ में अगले सत्र से नए यूनिफार्म में दिखेंगे छात्र

# 60 लाख सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिलेगा नया लूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए आगामी शिक्षा सत्र एक नई सौगात लेकर आ रहा है। राज्य सरकार द्वारा पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए नई यूनिफार्म लागू की जा रही है, जिससे अब छात्र-छात्राएं पुरानी सफेद शर्ट और नीली पैंट की जगह आधुनिक और आकर्षक ड्रेस में नजर आएंगे। नई यूनिफार्म में कत्थे रंग की पैंट और नीले रंग की चेक शर्ट शामिल होगी, जो निजी स्कूलों



की यूनिफार्म जैसी सुंदर और व्यवस्थित दिखाई देगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है।



नई यूनिफार्म से न केवल बच्चों की पहचान सुदृढ़ होगी, बल्कि सरकारी स्कूलों की छवि भी बेहतर बनेगी। इससे विद्यार्थियों में स्कूल आने की रुचि बढ़ेगी और पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार होगा।

## टाटा पावर का लाभ मामूली बढ़कर 1,194 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** टाटा पावर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली रूप से बढ़कर 1,194 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व में कमी के बावजूद कंपनी के मुनाफे में यह बढ़त दर्ज की गई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंपनी को 1,188 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

### फैंसी हैंडल्स वाली कारों पर लगायी रोक

# खुलता नहीं, इसलिए कारों के दरवाज़ों पर छिपे हैंडल पर चीन ने लगाया बैन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आजकल की मॉडर्न और महंगी कारों में आपने एक बेहद स्टाइलिश फीचर देखा होगा, दरवाजे के हैंडल जो बॉडी के अंदर छिपे रहते हैं और टच करने पर बाहर आते हैं। यह फीचर टेस्ला ने शुरू किया था और देखते ही देखते यह स्टेटस सिंबल बन गया। लेकिन अब यह फीचर जानलेवा साबित हो सकता है। इसी खतरे को देखते हुए चीन ने एक बड़ा फैसला लेते हुए इन फैंसी हैंडल्स वाली कारों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही चीन ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।

चीन के इस सख्त फैसले के पीछे वजह सुरक्षा है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में चीन में शाओमी की इलेक्ट्रिक कारों समेत कई वाहनों के एक्सीडेंट हुए। इन हादसों में देखा गया कि पावर फेल होने या तकनीकी खराबी के कारण दरवाजे लॉक हो गए और बाहर से हैंडल न होने की वजह से मदद करने वाले लोग दरवाजा खोल ही नहीं पाए। नतीजा तमाम लोगों की कार के अंदर ही मौत हो गई। चीन के उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। नए नियमों के मुताबिक अब कारों के दरवाजों के अंदर और बाहर, दोनों तरफ मैकेनिकल रिलीज बटन होना अनिवार्य होगा, ताकि पावर फेल होने पर भी दरवाजा खोला जा सके। दरवाजों में हैंडल पकड़ने के लिए कम से कम 6 सेंटीमीटर लंबा, 2 सेंटीमीटर चौड़ा और 2.5 सेंटीमीटर गहरा गैप होना चाहिए। यह नियम 1 जनवरी, 2027 से लागू होगा।

### प्रतिबंध लगाने वाला चीन पहला देश बना

#### अमेरिका में भी टेस्ला पर लटकी तलवार

सिर्फ चीन ही नहीं, अमेरिका और यूरोप भी इस फीचर से परेशान हैं। अमेरिका की सुरक्षा एजेंसी एनएचटीएसए पहले से ही टेस्ला के इलेक्ट्रॉनिक हैंडल्स की जांच कर रही है। अमेरिका में ऐसी शिकायतें मिलीं कि टेस्ला (मॉडल वाई) की पावर अचानक बंद हो गई और अंदर बैठे बच्चे बाहर नहीं निकल पाए। 9 में से 4 मामलों में लोगों को जान बचाने के लिए कार की खिड़की तोड़नी पड़ी। कंपनियों का तर्क है कि इमरजेंसी के लिए मैनुअल में तरीका बताया गया है, लेकिन जांचकर्ताओं का कहना है कि मुसीबत के वक्त मैनुअल कोई नहीं पढ़ता और यह तरीका बहुत पेचीदा होता है।



#### भारत की कारों पर भी ऐसे हैंडल देखे गए

भारत में भी कुछ ब्रैंड की कारों पर इस तरह के हैंडल देखने को मिलते हैं। चीन का ये फ़ैसला ऐसे समय में सामने आया है जब दुनिया भर में सुरक्षा निगरानी संस्थाओं ने इलेक्ट्रिक वाहनों की गहन जांच शुरू की है। नए नियम केवल चीनी बाज़ार में बेचे जाने वाले मॉडलों पर लागू होंगे। लेकिन वैश्विक कार उद्योग में चीन की बड़ी उपस्थिति का मतलब है कि इस क़दम का दुनिया भर में असर पड़ने की संभावना है।

### दो माह बाद दिए गए जांच के आदेश

# सीसीआई ने दिए इंडिगो के खिलाफ जांच के आदेश




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने परिचालन अड़चनों के कारण दिसंबर में हजारों उड़ानें रद्द किए जाने के मामले में बुधवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के खिलाफ विस्तृत जांच का आदेश दिया। घटना के करीब दो महीने बाद जारी इस आदेश में सीसीआई ने कहा कि बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कर इंडिगो ने अपनी निर्धारित क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बाजार से हटा लिया, जिससे कृत्रिम अभाव की स्थिति पैदा हुई और व्यस्त मांग के दौरान यात्रियों की हवाई यात्रा तक पहुंच सीमित हुई। आयोग ने कहा, /"किसी प्रभुत्वशाली कंपनी की तरफ से ऐसे आचरण को प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार (2)(बी)(आई) के तहत सेवाओं की आपूर्ति सीमित करने के रूप में देखा जा सकता है। प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार बाजार में दबदबे की स्थिति के दुरुपयोग से संबंधित है। सीसीआई ने कहा कि प्रथम दृष्टया इंडिगो का यह आचरण भारत में प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालता प्रतीत होता है। इसके मद्देनजर आयोग ने मामले की विस्तृत जांच के लिए अपने महानिदेशक को निर्देश दिए हैं।

#### उड़ान कार्यक्रम में 10 फीसदी कटौती कर दी थी

आयोग ने अपने आदेश में यह भी कहा कि दिसंबर की शुरुआत में इंडिगो को बड़े स्तर पर परिचालन बाधाओं का सामना करना पड़ा था। इसके बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन के 10 फरवरी तक लागू शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम में 10 प्रतिशत की कटौती कर दी थी।

#### तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए

सीसीआई के मुताबिक, तीन से पांच दिसंबर के बीच इंडिगो की 2,507 उड़ानें रद्द की गईं जबकि 1,852 उड़ानें विलंब से रवाना हुईं। इस दौरान देशभर के हवाई अड्डों पर तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए।

# आईटी शेयर में बड़ी गिरावट से बाजार की बढ़त सीमित





#### मारुति, अदाणी पोर्ट्स रहे लाभ में

सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, ट्रेंट, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और मारुति सुजुकी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट के बीच घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को मामूली बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 79 अंक की बढ़त पर रहा जबकि निफ्टी 48 अंक चढ़कर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और कच्चे तेल के दाम में तेजी से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। हालांकि, चुनिंदा शेयरों में तेजी से सूचकांक हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र में जोरदार उछाल के बाद बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 78.56 अंक बढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 83,947.53 अंक के उच्चस्तर तक गया और 83,119.95 अंक के निचले स्तर तक आया। इस तरह इसमें 827.58 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। निफ्टी 48.45 अंक यानी 0.19 प्रतिशत चढ़कर 25,776 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, '' वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों और हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली से बाजार में सतर्कता का माहौल बना रहा। वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में कमजोरी का असर घरेलू आईटी शेयर पर भी पड़ा।''

## ओरिएंट ग्रीन पावर को 21.43 करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली।** ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा 21.43 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को बुधवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में कंपनी को 22.41 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। ओरिएंट ग्रीन पावर की कुल आय 2025-26 की तीसरी तिमाही में घटकर 40.06 करोड़ रुपये रह गई। 2024-25 की तीसरी तिमाही में यह 40.40 करोड़ रुपये रही थी। ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक स्वतंत्र बिजली उत्पादक है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग (EOT) क्रेन का वार्षिक मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल यांत्रिक अभियंता (मेक/डीज़ल), द.पू.म. रेलवे, नागपुर द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।
**निविदा सं.:** 160757-वार्षिक मेंटेनेंस/EOT क्रेन/2025-26 दिनांक: 29.01.2026
**कार्य का नाम:** ओपन टेंडर के माध्यम से गोंदिया के DEMU शेड में लगे इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग (EOT) क्रेन के लिए 03 साल का वार्षिक मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,54,000/-
**बयाना राशि:** ₹ 7,100/-,
**अनुबंध की अवधि:** 3 वर्ष (36 माह),
**बोली शुरू होने की तारीख: 05.02.2026**
**निविदा बंद होने की तारीख और समय: 19.02.2026** को **15:00** बजे,
**निविदा खोले जाने की तारीख और समय: 19.02.2026** को **15.30** बजे।
इस निविदा की अन्य जानकारी हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।
बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोली निविदा बंद होने की तारीख से पहले तक ही जमा कर पाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है व ऐसे प्राप्त सभी मैनुअल ऑफर्स को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मोतीबाग, नागपुर**

AIM/67-299

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## सिगरेट पर ऊंचे कर से बढ़ेगा अवैध कारोबार

**नई दिल्ली।** इस महीने की शुरुआत से लागू हुए अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के कारण सिगरेट की कीमतों में हुई बढ़ोतरी से इसके अवैध व्यापार में उछाल आ सकता है और कर संग्रह पर दबाव पड़ सकता है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह आशंका जताई गई। 'सिगरेट पर नया कर शासन और उसका प्रभाव' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि संपूर्ण सिगरेट मूल्य श्रृंखला और अर्थव्यवस्था पर उच्च कर दरों का प्रभाव काफी गहरा होगा, जिसे बाद में बदलना मुश्किल हो सकता है। अर्था आर्बिट्रेज कंसल्टिंग ने अपनी रिपोर्ट में कहा, सिगरेट कर दरों में मौजूदा वृद्धि से न केवल अवैध सिगरेट व्यापार और खपत को बढ़ावा मिलने की संभावना है, बल्कि इसके व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभाव भी होंगे। एक फरवरी से पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर के साथ-साथ सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत की उच्चतम जीएसटी दर के ऊपर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लागू हो गया है।


**COLLEGE OF AGRICULTURAL ENGINEERING, JNKVV, JABALPUR**

**WALK-IN INTERVIEW**

Eligible candidates may appear for "Walk in Interview" for the Post of One (1) Senior Research Fellow (SRF) and One (1) Post of YP - I (IT) on time bound/ contractual basis on 18th February 2026 (10:30 am onwards) in the Office of the Dean, College of Agricultural Engineering, Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur-482004 under the State Govt. Funded Project in the Department of Post-Harvest Process & Food Engineering, CAE, Jabalpur. Details and format for application can be obtained from http://www.jnkvv.org

No/IPRO/CAE /2026/31 **Dean**



**ESB मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**

'चयन भवन, मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट)
भोपाल- 462011, फोन नं. : 0755-2578801-02
फैक्स : 0755-2550498, वेबसाइट : www.esb.mp.gov.in

**प्रेस-विज्ञापन**

**प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025**

प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 हेतु आवेदन पत्र 18.07.2025 से 25.08.2025 तक आमंत्रित कर, परीक्षा आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षा में मान उच्च न्यायालय खण्डपीठ, इंदौर में दायर याचिका क्रमांक 42759/2025 दीपक परमार वि. म.प्र. शासन व अन्य में पारित आदेश दिनांक 15.12.2025 के परिपालन में अभ्यार्थियों को प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के आवेदन पत्र में कण्डिका 7.7 (RCI विशेष शिक्षा संबंधी कॉलम) में संशोधन हेतु पूर्व में दिनांक 26.12.2025 से 10.01.2026 तक एम.पी ऑनलाइन के माध्यम से पोर्टल खोला गया था। लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र क्रमांक/यूसीआर/सी/09/2025-26/148 भोपाल दिनांक 29.01.2026 के तारतम्य में उक्त परीक्षा के आवेदन पत्र में कण्डिका 7.7 (RCI विशेष शिक्षा संबंधी कॉलम) में पुनः निम्नानुसार संशोधन हेतु दिनांक 04.02.2026 से 11.02.2026 तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पोर्टल खोला जा रहा है।

- **अभ्यर्थी जिनके पास कण्डिका 7.7 (D.El.Ed Special education) (RCI विशेष शिक्षा संबंधी) के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों को अध्यापन हेतु प्रारंभिक शिक्षा का डिप्लोमा उपलब्ध है तो इस विकल्प में "हॉ" अंकित करें।**
- **अन्य सभी अभ्यर्थी इस विकल्प में "नहीं" अंकित करें।**

समस्त अभ्यर्थी पोर्टल पर उपरोक्त कंडिका 7.7 अनुसार उक्त अवधि में ही आवश्यक संशोधन कर सकते है। उक्तानुसार किये गये संशोधन को ही अंतिम मानते हुए परीक्षा संबंधी आगामी कार्यवाही की जाएगी।

म.प्र. माध्यम/124320/2026 **नियंत्रक**


## इमामी का लाभ 14.5 फीसदी बढ़कर 319 करोड़

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी इमामी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 14.5 प्रतिशत बढ़कर 319.48 करोड़ रुपये हो गया। लागत दक्षता, कीमतों में किए गए बदलाव और प्रमुख ब्रांड के बेहतर प्रदर्शन से मुनाफे में यह बढ़ोतरी हुई है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया वि. / यां. संभाग राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल**
**ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल फोन- 07552463613**

क्रमांक 78 से 98/व.ले.लि./25-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 16/01/2026

निम्न लिखित कार्यो हेतु निविदाएं, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | एन.आई.टी. क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 78/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478339 | विन्ध्याचल भवन में आंतरिक विधुत का वार्षिक संचालन का कार्य। | रू0 771834.00 | रू0 15437.00 | रू0 2000.00 | "केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली" में पंजीकृत निविदाकार "अ" श्रेणी विधुत लाईसेंस धारक। |
| 2 | 79/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478340 | माता मंदिर स्थित 98 क्वार्टर के ब्लॉक नं. 03/एच मे न्यू एक्स.एल.पी.ई. सर्विस केबल का बदलने का कार्य। | रू0 456967.00 | रू0 9139.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 3 | 80/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478341 | मुख्य निर्वाचन भवन में विधुतीकरण का कार्य। | रू0 1997347.00 | रू0 39947.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 4 | 81/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478342 | विन्ध्याचल भवन मे स्थित एन.के.एन. डाटा सेन्टर स्थित स्पीलिट एवं कैसेट टाइप ए.सी. का वार्षिक संधारण कार्य। | रू0 78231.00 | रू0 4000.00 | रू0 1000.00 | —तदैव— |
| 5 | 82/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478343 | मुख्य निर्वाचन भवन के समस्त ए.सी. का वार्षिक संधारण का कार्य। | रू0 332322.00 | रू0 6646.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 6 | 83/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478344 | विन्ध्याचल भवन, सी.ई.ओ. भवन, राज्य निर्वाचन आयोग एवं आवासीय क्वॉटर इत्यादि में स्थापित सिलिंग फेन, एग्जॉस्ट फेन का रिपेयरिंग एवं रिवाइडिंग कार्य। | रू0 702425.00 | रू0 14049.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 7 | 84/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478345 | बल्लभ भवन-2 मे यू.पी.एस. का प्रदाय कार्य। | रू0 390017.00 | रू0 7800.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 8 | 85/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478346 | शौर्य स्मारक के 33 के.वी. सब स्टेशन, डिस्ट्रीब्यूशन पैनल फीडर स्तंभ एवं डी.जी. सेट का वार्षिक संधारण एवं संचालन कार्य। | रू0 1627152.00 | रू0 32543.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 9 | 86/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478347 | शौर्य स्मारक में स्थापित साउण्ड रिइनफोर्शमेन्ट विडियो वाल इत्यादि का संधारण कार्य। | रू0 1044029.00 | रू0 20881.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 10 | 87/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478348 | निर्वाचन भवन में निर्वाचन सदन में 33 लाईन न्यू कवर्ड एच.टी. कंडक्टर का प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | रू0 374681.00 | रू0 7494.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 11 | 88/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478349 | बल्लभ भवन-2 में विधुतीकरण का कार्य। | रू0 1958713.00 | रू0 39174.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 12 | 89/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478350 | राज्य निर्वाचन भवन में 01 नग पैसिंजर एलीवेटर का वार्षिक संचालन का कार्य। | रू0 230842.00 | रू0 4617.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 13 | 90/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478351 | विन्ध्याचल भवन मे स्थित Thyssen मेक 02 नग लिफ्टो का वार्षिक रख रखाव कार्य। | रू0 461286.00 | रू0 9226.00 | रू0 2000.00 | निर्माता एवं उनके अधिकृत विक्रेता / सेवा प्रदाय कर्ता |
| 14 | 91/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478352 | राज्य सूचना आयोग में स्थापित 0.433 के.वी. /315 के.वी.ए. ट्रांसफार्मर स्व स्टेशन डिस्ट्रीब्यूशन पेनल का वार्षिक संधारण एवं संचालन कार्य। | रू0 453542.00 | रू0 9071.00 | रू0 2000.00 | "केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली" मे पंजीकृत निविदाकार "अ" श्रेणी विधुत लाईसेंस धारक। |
| 15 | 92/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478354 | मुख्य निर्वाचन भवन मे स्थापित ई.पी.बी.एक्स., लेन नेटवर्किंग, साउण्ड सिस्टम, कॉन्फ्रेसिंग सिस्टम, यू.पी.एस. इंटरएक्टिव एल.ई.डी. फायर सिस्टम का संचालन एवं संधारण कार्य। | रू0 415715.00 | रू0 8314.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 16 | 93/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478355 | मुख्य निर्वाचन भवन में स्थापित 33के.वी/0.33/0.433 के.वी. स्व स्टेशन डिस्ट्रीब्यूशन पेनल का वार्षिक संधारण कार्य। | रू0 440685.00 | रू0 8814.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 17 | 94/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478356 | वल्लभ भाई पार्क में स्थापित हाई मास्ट पर राष्ट्रीय झंडा फाहराये जाने का वार्षिक संचालन कार्य। | रू0 1042776.00 | रू0 20856.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 18 | 95/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478357 | शौर्य स्मारक में विधुतीकरण का कार्य। (जोनल) | रू0 1998871.00 | रू0 39977.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 19 | 96/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478358 | बल्लभ भवन-1 में विधुतीकरण का कार्य। | रू0 1997955.00 | रू0 39959.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |
| 20 | 97/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478359 | बल्लभ भवन-2 के सी-505 कॉन्फ्रेंस रूम मे सी.एम. एवं सी.एस का ऑडियो सिस्टम एवं आई.पी. फोन लाईसेंस के साथ प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | रू0 8892828.00 | रू0 88928.00 | रू0 10000.00 | निर्माता एवं उनके अधिकृत विक्रेता / सेवा प्रदाय कर्ता |
| 21 | 98/25-26 व.ले.लि. दि0 16.01.2026 | 2026_ सी.पी.ए._ 478360 | माता मंदिर स्थित 36 एफ टाइप QTR मे स्थापित Escon मेक 02 नं. लिफ्ट का वार्षिक संधारण कार्य। | रू0 1997955.00 | रू0 39959.00 | रू0 2000.00 | —तदैव— |

(1) उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (tender documents) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। (2) निविदा प्रपत्र कय करने की अंतिम तिथि 03.02.2025 सांय 5.30 बजे से 13.02.2026 सांय 5. 30 बजे निर्धारित है । (3) विस्तृत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकता है।

**(मीनाक्षी सिंह बघेल) कार्यपालन यंत्री,**

G-25339/25 **नया वि/य संभाग, राजधानी परियोजना प्रशासन भोपाल मोब. क्र. 7869966403**



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. No.:/PWD/2025-26/04/E-tendering/PRO-823 **लोककर्म विभाग तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना** Date-04/02/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_479946_1 Date-06/02/2026 | संभाग क्रमांक-04 के अंतर्गत लड्डू गणेश मंदिर के पास से संभागीय कार्यालय तक कवर्ड नाला निर्माण कार्य। (निगम मद)(तृतीय निविदा) | 05 माह<br>रू. 53.20 | 5000/-<br>39905/- | 24/02/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

**कार्यपालन यंत्री संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**



**खंड - I ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी दक्षिण (सा.) वनमण्डल बालाघाट मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या / 742 / ई-टेंडरिंग / 2025-26 बालाघाट, दिनांक 27-01-2026

1. वनमण्डल अधिकारी दक्षिण सा. वनमण्डल बालाघाट द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022) के अंतर्गत निम्न लिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का नाम | सामग्री का विवरण | सत्यांकर निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02KW Off Grid Solar Power System 10 Nos. | 2KW Off-Grid Solar System = 10 Nos.<br>Solar Panel (MNRE Approved ) - 540 Watts = 04Nos. Type - Mono Panel (Min. 25 Years Warranty) Structure Type - Hot Dip GI Fix Type ISI Mark.<br>Inverter (RMPPT Based Technology) = 01Nos.<br>Capacity - 3KVA/48V. (Min. 05 Years Warranty)<br>Battery Type Solar ( ISO, ISI ) - LFP (LiFePO4 ) - Dry Lithium Battery = 04 Nos. Capacity - 150 AH/12V, 04Nos. Single Rack<br>Energy Stored (Wh) 2400 Watt-Hours (Min. 05 Years Warranty)<br>Weight 50.7lbs (23Kg)<br>Cables - UV resistant, Copper, XLPE Insulated, DC: min 4sq.mm AC as per load<br>All Accessories including with Installation | 69000/- | 1000/- Tax extra |

(1) निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट www.mpforest.gov.in पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते हैं। (2) इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 05-02-2026, बजे 02:00 PM से दिनांक 20-02-2026, बजे 05:00 PM तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है। (3) ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्तवपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी। (4) निविदा पूर्व बैठक दिनांक 18-02-2026 समय 12:00 PM को उप वनमण्डल कार्यालय बालाघाट (सा.) उप वनमण्डल बालाघाट में आयोजित की जायेगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते है। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे है। (5) ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं। (6) ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :- https://mptenders.gov.in

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Publish Date | 29/01/2026 | 11.00 AM |
| 2 | Document Sale Start Date | 05/02/2026 | 02.00 PM |
| 3 | Bid Submission Start Date | 06/02/2026 | 02.00 PM |
| 4 | Bid Submission End Date | 20/02/2026 | 05.00 PM |
| 6 | Bid Opening Date | 21/02/2026 | 06.00 PM |

G-25320/25 **वनमण्डलाधिकारी, दक्षिण सा. वनमण्डल बालाघाट**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 124 से 135 / 2025-26 **निविदा सूचना** विदिशा, दिनांक 30.01.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि रू.लाख में | ई.एम.डी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_479151_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | बांसखेड़ा अस्पताल से चौपना मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.10 किमी. | प्रथम | 272.58 | 272580.00 |
| 2 | 2026_PWDRB_479157_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | बरेण्डा से मोईया नाला सिरोंज लटेरी मार्ग बाया जहारपुर जलालपुर मार्ग लंबाई 4.60 किमी. में माग निर्माण कार्य | प्रथम | 395.83 | 395830.00 |
| 3 | 2026_PWDRB_479196_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | महामाई मंदिर वीरपुर में दो पहिया एवं चार पहिया सी.सी. वाहन पार्किंग (21000 वर्ग मीटर) निर्माण कार्य । | प्रथम | 233.05 | 233050.00 |
| 4 | 2026_PWDRB_479206_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | महौटी से कालादेव बाया नारायणखेड़ा मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3.60 किमी. | प्रथम | 372.37 | 372370.00 |
| 5 | 2026_PWDRB_479210_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | महुआ खेड़ा से रूसल्ली मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3. 40 किमी. । | प्रथम | 433.41 | 433410.00 |
| 6 | 2026_PWDRB_479222_1 | विदिशा | भवन निर्माण कार्य | न्यू बस स्टेण्ड से बासौदा भोपाल बायपास मार्ग निर्माण कार्य | प्रथम | 231.56 | 231560.00 |
| 7 | 2026_PWDRB_479235_1 | विदिशा | MTMC कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक - 1 विदिशा एम.टी.एम.सी. कार्य (जूडिसियल डिपार्टमेंट) अंतर्गत एस.आर., ए.आर., एम.ओ. डब्ल्यू एवं डिपॉजिट कार्य । | द्वितीय | 105.00 | 105000.00 |
| 8 | 2026_PWDRB_479248_1 | विदिशा | STMC कार्य | करारिया शमशाबाद रोड लंबाई 34.00 किमी., कुरवाई भौंरासा कोसिंग से रूसिया सडेरा कमखेड़ी पीकलोन अरनोट किरवाया बरखेड़ा मार्ग लंबाई 5. 00 किमी., पौआनाला से चटुआ मार्ग लंबाई 7.00 द्वितीय किमी. कुल लंबाई 46.00 किमी. मे (अंतर्गत) मार्ग मरम्मत कार्य । | द्वितीय | 225.75 | 225750.00 |
| 9 | 2026_PWDRB_479254_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | ग्राम पंचायत थानेर से गुफा मंदिर मार्ग से लौधाखेड़ी बाया पीपल खेड़ा केनाल मार्ग लंबाई 2.70 द्वितीय किमी. में निर्माण कार्य । | द्वितीय | 259.65 | 259650.00 |
| 10 | 2026_PWDRB_479322_1 | विदिशा | विशेष मजबूतीकरण कार्य | बेसनगर निमखिरिया छिरखेड़ा मार्ग लंबाई 3.50 किमी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य । | प्रथम | 94.53 | 94530.00 |
| 11 | 2026_PWDRB_479333_1 | विदिशा | विशेष मजबूतीकरण कार्य | ईमलावदा चिरावटा सिरसावली मार्ग लंबाई 8.00 कार्य किमी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य । | प्रथम | 214.74 | 214740.00 |
| 12 | 2026_PWDRB_479352_1 | विदिशा | विशेष मजबूतीकरण कार्य | शमशाबाद मार्ग से कोटरा नामाखेड़ी कोठीचारकला सूखासेमरा मार्ग ( करैया शमशाबाद मार्ग से कोठीचार सेमरा ) लंबाई 7.00 किमी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य । | प्रथम | 169.40 | 169400.00 |
| | | | | योग | | 3007.87 | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 17.02.2026 (17.30) बजे निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

**कार्यपालन यंत्री**

G-25317/25 **लोक निर्माण विभाग संभाग विदिशा**

पूर्व विधायक किशोर समरिते ने कड़ी आपत्ति जताई, उन्होंने घोटी-नंदोरा में हुए सामाजिक बहिष्कार को संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से मामले की जांच कराने, दोनों गांवों में पुलिस फ्लैग मार्च कराने और पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच की मांग की है

# मुस्लिम परिवार का हुक्का पानी बंद, दहशत में परिवार

## हिन्दु सम्मेलन में कहा था लेन-देन बंद करो...





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**सांसद व हिन्दुस्तान के मशहूर शायर इमरान प्रताप गढ़ी का शेर हैं- “हमीं को क़ातिल कहेगी दुनिया, हमारा ही क़त्लेआम होगा। हमीं कुंए खोदते फिरेंगे, हमीं पे पानी हराम होगा।”**

वर्तमान भाजपा शासित राज्यों में हिन्दु संगठनों के द्वारा मुस्लिम समाज को टारगेट किया जा रहा हैं। उत्तरांचल के कोद्दार क्षेत्र में हिन्दु संगठनों के द्वारा मुस्लिम समाज की कपड़ा दुकान के नाम पर बाबा शब्द पर आपत्ति लेते हुए विवाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। वहीं दीपक कुमार के द्वारा राष्ट्रभक्ति परिचय देते हुए 75वर्षीय दुकान संचालक बुजुर्ग का बचाव किया गया था। उत्तरांचल की पुलिस द्वारा दीपक कुमार पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। ऐसा ही कुछ नजारा लांजी क्षेत्र के ग्राम घोटी-नंदोरा में 10 मुस्लिम परिवार पर पुलिस के द्वारा अपराध दर्ज किया गया हैं। पूरा मामला इस प्रकार है।

लांजी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम घोटी–नंदोरा में 10 मुस्लिम परिवारों के सामाजिक बहिष्कार का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि जनवरी में आयोजित एक हिंदू सम्मेलन में मुस्लिम समाज के खिलाफ दिए गए बयान के बाद गांव में लेन-देन बंद कर दिया गया, जिससे मुस्लिम परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी और आजीविका पर सीधा असर पड़ा है। बताया जा रहा है कि सम्मेलन में मुस्लिम समाज से खाना-पीना और लेन-देन पूरी तरह बंद करने तथा सभी जरूरतें केवल हिंदू समाज से ही पूरी करने का आह्वान किया गया था। इसके बाद गांव में हालात बदल गए और मुस्लिम परिवारों को सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है।

बहिष्कार के चलते बस चालक आसिफ हुसैन को स्कूल बस चलाने से रोक दिया गया है, जबकि इलेक्ट्रिशियन सादिक हुसैन पिछले सात दिनों से बेरोजगार हैं क्योंकि उन्हें काम नहीं मिल रहा। ग्रामीणों के मुताबिक मुस्लिम समाज के लोगों को किराने का सामान देने से इनकार किया जा रहा है और नाई भी दाढ़ी या बाल काटने से मना कर रहे हैं। आरोप है कि कोटवार के जरिए गांव में मुनादी कराकर सामाजिक बहिष्कार की घोषणा की गई। गांव की स्थानीय महिला खैरून निशा ने बताया कि वे लोग सम्मेलन में दिए गए बयान को लेकर बातचीत करने गए थे। उन्होंने कहा कि गांव का माहौल पहले कभी ऐसा नहीं रहा और सभी समुदाय आपस में मिलकर रहते थे, लेकिन अब बहिष्कार के कारण उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं और महिलाएं भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। इस मामले पर पूर्व विधायक किशोर समरिते ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने घोटी-नंदोरा में हुए सामाजिक बहिष्कार को संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से मामले की जांच कराने, दोनों गांवों में पुलिस फ्लैग मार्च कराने और पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच की मांग की है। समरिते ने आरोप लगाया कि गांव के सरपंच, सचिव, जनपद और जिला पंचायत सदस्य भी इस बहिष्कार का समर्थन कर रहे हैं तथा मंदिरों और चौराहों पर धार्मिक झंडे लगाकर हेट स्पीच दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और खुफिया एजेंसियां इतनी गंभीर घटना के बावजूद मौन हैं।

### घटना को लेकर थाना लांजी क्षेत्र में हुई शांति समिति की बैठक

### आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने पर हुई सहमति



थाना लांजी अंतर्गत ग्राम घोटी में दिनांक 27 जनवरी 2026 को शाम लगभग 7:30 बजे एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच आपसी मतभेद उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना लांजी पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया गया तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम उठाए गए।घटना की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए थाना लांजी द्वारा तत्परता से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन अनुविभागीय पुलिस अधिकारी लांजी श्री ओमप्रकाश (भा.पु.से.) एवं एसडीएम लांजी श्री कमल सिंह सिंहसार तथा तहसीलदार लांजी श्री संजय बारस्कर के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक व्यक्तियों ने सहभागिता की।बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की गई। दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया गया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा तनाव की स्थिति से बचने हेतु सभी से सहयोग की अपील की गई। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा क्षेत्र में निरंतर समन्वय बनाए रखा गया है। वर्तमान में क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था पूर्णतः सामान्य है तथा पुलिस द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। बालाघाट पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें।



### इनका कहना हैं

यदि प्रशासन ने निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई नहीं की तो यह कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द्र के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

**किशोर समरिते, पूर्व विधायक**

---

## यूजीसी के समानता विनियम 2026 के समर्थन में छतरपुर में एससी-एसटी/ओबीसी छात्रों का धरना

# छात्र नेता के बयान पर विवाद, कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन सौंपा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता का संवर्धन विनियम, 2026 के समर्थन में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया।

छतरपुर।



छात्रों का कहना है कि ये नए नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव को रोकने और वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, समान और समावेशी माहौल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि ये विनियम बिना किसी कटौती या बदलाव के पूरे देश में तत्काल लागू किए जाएं। ज्ञापन में कहा गया कि प्रस्तावित इक्विटी कमेटियों का गठन संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करेगा तथा सामाजिक न्याय की भावना को आगे बढ़ाएगा। छात्रों ने रोहित वेमुला और पायल तड़वी जैसे दुखद मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि परिसरों में सख्त गाइडलाइन्स की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी, ताकि किसी भी प्रकार के उत्पीडऩ या भेदभाव को रोका जा सके।

धरने के दौरान छात्र नेता जीवन अहिरवार ने सुप्रीम कोर्ट में इन विनियमों पर चल रही सुनवाई को लेकर तीखी टिप्पणी की और कुछ नारे लगाए, जिन्होंने राजनीतिक एवं सामाजिक हलकों में विवाद खड़ा कर दिया है। कुछ लोगों ने इन टिप्पणियों को उत्तेजक बताते हुए आलोचना की है, जबकि समर्थक इसे वंचित वर्गों के अधिकारों की मुखर अभिव्यक्ति मान रहे हैं। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि इन नियमों को वापस लेने, कमजोर करने या लागू न करने की कोई कोशिश हुई तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे तथा व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### पुलिस ने एक माह में 27 गुम हुए बालक-बालिकाओं को किया दस्तयाब

छतरपुर। छतरपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम/अपहृत हुए बालक बालिकाओं एवं गुम हुए व्यक्तियों की तलाश कर दस्तयाबी की जाकर परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया जा रहा है। साथ ही अन्य राज्यों एवं जिलों के व्यक्ति, बालक, बालिकाएं एवं मानसिक विक्षिप्त, घायल जो गुम होकर छतरपुर जिले में मिलते हैं, संबंधित थाना पुलिस से संपर्क कर सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। मेला, बाजार, धार्मिक स्थल सहित अन्य स्थानों से गुम हुए शिशु, बालक, बालिकाएं एवं अन्य की दस्तयाबी की जा रही है। माह जनवरी 2026 में गुम हुए 27 (8 बालक 19 बालिकाएं) नोएडा, मथुरा, वृंदावन, बांदा उत्तर प्रदेश तथा पुणे महाराष्ट्र सहित विभिन्न जिलों से दस्तयाब की गई हैं। थाना सिविल लाइन द्वारा 7, थाना गढ़ी मलहरा द्वारा 5 थाना कोतवाली द्वारा 4 थाना बड़ा मलहरा एवं गौरिहार द्वारा 2-2 सहित जिले में 27 बालक बालिकाएं दस्तयाब की गई है। थाना गुलगंज में दो सप्ताह पूर्व एक गुम बालिका संबंधी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। गुम बालिका को 2 सप्ताह के अंदर जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश से दस्तयाब किया गया, विधिवत कार्यवाही की जा रही है। थाना गुलगंज की त्वरित कार्यवाही में एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गुलगंज उप निरीक्षक अर्पित पाराशर, सहायक उप निरीक्षक रमेश राय, प्रधान आरक्षक इशाक खान, आरक्षक दिनेश मिश्रा, मुकेश प्रजापति, महिला आरक्षक शुभि नगाइच की भूमिका रही।

# पति की जान बचाने मौत के कुएं में कूदी

### शहडोल में साहस और वियोग की रूह कंपा देने वाली दास्तां, पंच की मौत

शहडोल।

जिले के तेन्दुडोल गांव में बुधवार को करवाचौथ जैसी अटूट निष्ठा और अदम्य साहस की एक ऐसी तस्वीर सामने आई, जिसने पत्थर दिल इंसान की भी आंखें नम कर दीं। अपने सुहाग को मौत के मुंह में समाते देख एक पत्नी ने अपनी जान की परवाह किए बगैर गहरे कुएं में मौत की छलांग लगा दी। हालांकि, नियति को कुछ और ही मंजूर था, पति की सांसें टूट गईं और पत्नी अब अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही है।

#### हादसे ने छीना गांव का पंच

जानकारी के मुताबिक, ग्राम तेन्दुडोल निवासी राकेश सिंह उम्र 32 वर्ष, जो पंचायत में पंच के पद पर सेवा दे रहे थे, अपने घर के कुएं से पानी निकाल रहे थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह अनियंत्रित होकर गहरे पानी में जा गिरे। चीख सुनकर पास ही खड़ी पत्नी सुमिला सिंह पल भर की भी देरी नहीं की और अपने पति को बचाने के जुनून में कुएं में कूद गई।

#### साहस को सलाम, पर अधूरा रहा संघर्ष

कुएं से आ रही आवाजों को सुन ग्रामीण मौके पर दौड़े। कड़ी मशक्कत के बाद सुमिला को तो गंभीर हालत में बाहर निकाल लिया गया, लेकिन तब तक राकेश सिंह की जल समाधि हो चुकी थी। सीधी थाना प्रभारी शिवेंद्र राम भगत ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। यह घटना केवल एक हादसा नहीं, बल्कि उस निस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा है, जहां एक औरत ने यमराज से भी टकराने की हिम्मत दिखाई। पूरा गांव आज शोक में डूबा है और उस जांबाज पत्नी के साहस की चर्चा हर जुबान पर है, जिसने अपने पति को बचाने के लिए खुद को मौत के हवाले कर दिया था।

## 4 घंटे तक पुलिस को छकाया, सांसें थामे रहा शहर

# रस्सियां तोड़कर टंकी पर चढ़ा वीरू

**शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र में मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक सनकी युवक ने फिल्मी स्टाइल में पानी की टंकी को अपना सुसाइड पॉइंट बना लिया। वार्ड क्रमांक 3 निवासी मोहम्मद गोलू ने स्टेट हॉस्पिटल के पीछे बनी विशाल पानी की टंकी पर चढक़र करीब चार घंटे तक मौत का तांडव रचा। कभी छलांग लगाने की धमकी तो कभी पानी में कूदने का इशारा युवक के इस हाई-वोल्टेज ड्रामे ने पुलिस प्रशासन के पसीने छुड़ा दिए।

#### बेड़ियां काट मौत से खेलने निकला बागी

जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद गोलू मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। हाल ही में उसने अपनी ही मां और भाई पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने की कोशिश की थी। हिंसक प्रवृत्ति के कारण परिजनों ने उसे घर में रस्सियों से बांधकर रखा था, लेकिन मंगलवार को वह किसी तरह बेडिय़ां तोडक़र भाग निकला और सीधे पानी की टंकी के शिखर पर जा पहुंचा। युवक का आरोप था कि उसे बांधा क्यों गया, और इसी नाराजगी में वह मौत को गले लगाने की जिद पर अड़ गया।

#### 18 दिन पहले सौ रुपये की थी कीमत

हैरानी की बात यह है कि प्रशासन के लिए यह कोई नई चुनौती नहीं थी। ठीक 18 दिन पहले, 17 जनवरी को भी यही युवक मोनाली टावर पर चढ़ गया था, तब महज 100 रुपये देकर उसे नीचे उतारा गया था, लेकिन इस बार मामला गंभीर था। धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेंद्रो और उनका अमला घंटों तक प्रलोभन और समझाइश का खेल खेलते रहे, मगर युवक टस से मस नहीं हुआ।

#### तमाशबीन बनी भीड़ और सुरक्षा पर सवाल

हादसे की खबर फैलते ही मौके पर हजारों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग मोबाइल से वीडियो बनाने में मशगूल थे, वहीं पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए जद्दोजहद करती रही। यह घटना न केवल एक परिवार की लाचारी को उजागर करती है, बल्कि सार्वजनिक संपत्तियों (पानी की टंकी) की सुरक्षा पर भी बड़ा सवालिया निशान लगाती है, जहां कोई भी मानसिक रोगी आसानी से चढक़र शहर की शांति भंग कर सकता है। चार घंटे के इस जानलेवा ड्रामे के बाद युवक को नीचे उतारा जा सका, लेकिन इस घटना ने पूरे धनपुरी को दहशत में डाल दिया है।

### खेत में काम कर रही महिला पर जंगली जानवर का हमला

छतरपुर। किशनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। पल्कोहां गांव निवासी बेनी बाई खेत में काम कर रही थी, तभी अचानक एक जंगली जानवर ने उस पर झपट्टा मार दिया और साड़ी पकड़कर जंगल की ओर खींचने लगा। महिला का कहना है कि हमला करने वाला जानवर बाघ था, हालांकि वन विभाग ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। हमले के दौरान बेनी बाई ने हिम्मत दिखाते हुए जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया। आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाया। हमले में महिला के पैरों पर दांत के गहरे निशान आए हैं। घटना के बाद एंबुलेंस न मिलने पर परिजन उसे निजी वाहन से अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ट्रॉमा वार्ड में इलाज जारी है।

## प्रेसवार्ता में बोले नवागत आईजी नक्सलियों को दोबारा पनपने से रोकना होगा

# नक्सलवाद का खात्मा, लेकिन अब जिम्मेदारी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के नवागत आईजी ललित शाक्यवार ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने नक्सल मुक्त क्षेत्र की स्थिति बनाए रखने, सामुदायिक पुलिसिंग और पुलिस-जनता समन्वय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने जनता की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।




आईजी शाक्यवार ने कहा कि भले ही जोन नक्सल मुक्त हो गया है, लेकिन अब चुनौती अधिक है। उन्होंने मंडला, डिंडौरी और बालाघाट जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों को दोबारा पनपने से रोकने के लिए सख्त निगरानी और जनता से संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग केवल दिमाग में नहीं, बल्कि जनता के बीच होनी चाहिए।

आईजी ने पुलिसकर्मियों को ‘पुलिस जनता की है’ के भाव से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच दोस्ताना संबंध होने चाहिए ताकि लोग बिना भय या संकोच अपनी बातें थाने में रख सकें। साथ ही, उन्होंने पुलिस को चौपाल लगाकर जनता से संवाद बनाए रखने और विश्वास जीतने की सलाह दी।

आईजी शाक्यवार ने प्रो-एक्टिव पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों को जनता के साथ मित्रवत व्यवहार बनाए रखना चाहिए। उनका मानना है कि इससे न केवल अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी बल्कि पुलिस की छवि और जनता में भरोसा भी बढ़ेगा।

# संस्कार सुरक्षित रहेंगे तो संस्कृति सुरक्षित रहेगी : मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज

**जबलपुर । श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के पाँचवें दिवस मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने सामाजिक संस्कार एवं सरोकार विषय पर प्रवचन देते हुए कहा कि जब तक समाज में संस्कार सुरक्षित हैं, तभी तक हमारी संस्कृति सुरक्षित रह सकती है। उन्होंने भोगवादी दृष्टि को संस्कारों के क्षरण का कारण बताते हुए कहा कि संस्कार नष्ट होने पर समाज के पास कुछ भी शेष नहीं रह जाता।**



मुनि श्री ने जैन पंचायत सभा जबलपुर द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि यह नियम नहीं बल्कि “संस्कारों का संकल्प” है, जिसे अंतरंग भाव से अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज के युवाओं से अहिंसा आधारित वैवाहिक संबंधों का संकल्प लेने का आह्वान किया तथा पंचायत की भूमिका दिशा देने वाली बताते हुए चेतना जागृत करने पर बल दिया। इस अवसर पर मुनि श्री संधानसागर महाराज, आर्यिका मृदुमति माताजी, आर्यिका निर्णयमति माताजी संघ सहित मंचासीन रहे। प्रस्ताव बाल ब्र. अशोक भैया एवं अभय भैया द्वारा रखा गया, जिसे जैन पंचायत सभा जबलपुर के अध्यक्ष कैलाशचंद्र जैन, महामंत्री अनिल गुडडा एवं पदाधिकारियों ने समाज के समक्ष प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय जैन युवा महासंघ सहित विभिन्न संगठनों ने समर्थन व्यक्त किया। जैन पंचायत सभा जबलपुर द्वारा लिए गए निर्णयों में सभी वैवाहिक कार्यक्रम दिन में आयोजित करने तथा केवल शाकाहारी स्थलों पर ही आयोजन करने का संकल्प शामिल है। कार्यक्रम का संचालन अमित पड़रिया ने किया। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि विधान के अंतर्गत प्रातः अभिषेक, शांतिधारा एवं पंचपरमेष्ठी की आराधना संपन्न हुई।

**महाराष्ट्र कॉलेज में पोस्ट बजट डिस्कशन आयोजित**

# संतुलित बजट देश की आर्थिक प्रगति एवं सुदृढ़ वित्तीय प्रगति का प्रतिबिंब

जबलपुर। “देश की सुनियोजित आर्थिक प्रगति का दर्पण बजट होता है जिसमें आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान, संबंधी योजनाएं परिलक्षित की जाती हैं, जिसका उद्देश्य सम्पोषित विकास सुनिश्चित करना है।” उक्त उद्गार महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एवं महाकोशल विचार मंच प्रज्ञा प्रवाह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पोस्ट बजट डिस्कशन में अध्यक्ष शासी निकाय डॉ. जितेन्द्र जामदार ने व्यक्त किये। प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो. सदानंद सप्रे ने सामाजिक विकास में बजट की भूमिका को अधोरेखित किया। रा.दु.वि.वि. जबलपुर यू.आई.एम. के निदेशक प्रो. आशीष शर्मा ने देश के आर्थिक नियोजन में बजट की प्रासंगिकता के विषय में बताया। सी.ए. आशुतोष दादरिया ने नई टैक्स रिजीम एवं पुरानी टैक्स रिजीम में अंतर और प्रभाव को समझाया। गेल इंडिया निदेशक




सी.ए. अखिलेश जैन ने बजट को निवेश की दिशा में ले जाना बताया। अर्थशास्त्री प्रो. शैलेश चौबे एवं प्रो. नीलकंठ पेंड्से ने राजकोषीय घाटा एवं मुद्रास्फीति नियंत्रण संबंधी बजट में दिये गये प्रावधानों के बारे में बताया एवं विकसित भारत के सपनों का बजट बताया। म.प्र. लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष बिपिन बिहारी व्योहार ने बजट को कृषि के लिए लाभदायक बताया। अर्थशास्त्र विषय के विशेषज्ञ प्रो. नरेंद्र शुक्ला ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि के क्षेत्र में बजट के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। पी.एम. श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अल्केश चतुर्वेदी ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर संबंधी प्रावधानों के विषय में बताया एवं शासन की योजनाओं को सराहा। महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के सहसचिव एवं रोटेरियन गवर्नर अखिल मिश्रा एवं डॉ. विनम्र नायक ने केन्द्रीय आम बजट में वाणिज्य एवं उद्योगों के विकास के लिये केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के विषय में अवगत कराया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. जयन्त कुमार तनखीवाले ने बजट को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु एक सफल सोपान के रूप में बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह हजारी ने ‘बजट पश्चात परिचर्चा’ कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि केन्द्रीय बजट एवं राज्य के बजट के विषय में हमेशा जागरूक रहना चाहिए एवं अपनी प्रतिक्रियाएं भी एक जागरूक नागरिक होने के नाते व्यक्त करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजा तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अर्चना साने ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# विशाल त्रिशूल सनातन हिन्दू एकता यात्रा का रानी दुर्गावती मंडल ने किया भव्य स्वागत

**जबलपुर** । सनातन हिन्दू एकता का संदेश देने वाली विशाल त्रिशूल यात्रा का रानी दुर्गावती मंडल अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। यह आयोजन माननीय लोक निर्माण मंत्री पश्चिम विधायक राकेश सिंह एवं श्री रामलीला समिति गढ़ा के संयोजक अशोक मनोध्याय के निर्देशन में संपन्न हुआ। यात्रा के दौरान भगवान शिव के 60 फीट ऊँचे विशाल त्रिशूल के दर्शन व पूजन-अर्चन किया गया। संजीवनी नगर, ब्रज स्वीट्स, गौतम मढ़िया सहित विभिन्न स्थलों पर पार्षद पूजा श्रीराम पटेल, मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष कुररिया एवं सर्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय गौतम के नेतृत्व में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा छिंदवाड़ा से अयोध्या धाम तक स्वामी अमित योगी के नेतृत्व में संचालित है। पिसनहारी मढ़िया पहुंचने पर श्री रामलीला समिति गढ़ा एवं विश्व हिन्दू परिषद द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री सूरज झारिया, अमित सैनी, पार्षद प्रिया तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय तिवारी, श्री राम पटेल, सिद्धार्थ शुक्ला, मनीष कुररिया, एडवोकेट जय यादव, पत्रकार चंद्रशेखर शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# अपोलो हॉस्पिटल में कैंसर मुक्त मरीजों का हुआ सम्मान

## वर्ल्ड कैंसर डे पर कैंसर विशेषज्ञों ने मरीजों को किया जागरूक

**जबलपुर।** वर्ल्ड कैंसर डे पर अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन कैंसर मरीजो का सम्मान किया गया, जिनका इलाज अपोलो हॉस्पिटल में कैंसर विशेषज्ञों द्वारा किया गया था और अब वह पूरी तरह कैंसर मुक्त हो चुके हैं। अस्पताल के कैंसर विभाग प्रबंधन द्वारा कैंसर मुक्त मरीजों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर के डायरेक्टर शोभित बड़ेरिया ने कहा की कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से लड़कर जो मैरिज आज समाज में सामान्य जीवन यापन करने लगे हैं। ऐसे मरीज उन मरीजों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं जो अभी कैंसर की लड़ाई लड़ रहे हैं। पूरा समाज कैंसर मुक्त मरीजो का ऋणी रहेगा। बहुत सारे पेशेंट ऐसे हैं जिन्होंने कैंसर पर विजय प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि हजारों लोग इस लड़ाई को लड़ रहे हैं, आपकी उपस्थिति आपके दो शब्द उन मरीजों के लिए जीवन दायनी का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ श्रेयस रेड्डी ने कहा कि आज देखा जा रहा है कि कैंसर के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। कई मरीजों में कैंसर के प्रति जागरूकता का अभाव देखा गया है। लेकिन आज कैंसर का इलाज संभव है और एडवांस टेक्नोलॉजी से कैंसर का न सिर्फ इलाज किया जाता है बल्कि मरीज कैंसर फ्री (मुक्त) भी हो जाते हैं। वहीं मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ के सिवाश्री ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। जितने मरीज कैंसर फ्री हुए हैं उन्होंने अपने डॉक्टर पर पूरा भरोसा किया और उनकी सलाह एवं मार्गदर्शन में पूरा इलाज कराया, जिससे उन्हें कैंसर से मुक्ति मिली। उन्होंने उपस्थित सभी मरीजों का आभार जताया। वहीं उपस्थित मरीजों ने उनका इलाज करने वाले चिकित्सकों के साथ ही समस्त स्टाफ के प्रति दिल से आभार जताया। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ शोभित बड़ेरिया, बिजनेस हेड नीलेश रावल, वाइस प्रेसिडेंट समृद्धि वर्मा, कैंसर डिपार्टमेंट के डॉ के सिवाश्री, डॉ श्रेयस रेड्डी, डॉ करुणाकर रेड्डी, डॉ बिस्वप्रकाश,असिस्टेंट मैनेजर रविकांत तिवारी सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।






# कथक के माध्यम से अनेक कथाओं का भावभरा प्रस्तुतिकरण

## राधाछवि कथक नृत्य महोत्सव में मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

**जबलपुर।** देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए सुप्रसिद्ध कथक नर्तक- नृत्यांगनाओं के साथ ही नगर के ख्यातिलब्ध नृत्य गुरुओं और उनके शिष्यों ने नवरंग कथक कला केंद्र द्वारा शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में आयोजित अ.भा. राधाछवि कथक नृत्य महोत्सव में नृत्यों का ऐसा समा बांधा कि दर्शक तीन घंटे तक मंत्रमुग्ध अपने स्थान पर बैठे रहे। हर प्रस्तुति के उपरांत देर तक तालियां गूंजती रहीं। खैरागढ़ के नृत्यगुरु डॉ. सम्राट चौधरी एवं सतना की कु. सुकृति सोनी ने मनोहारी एकल नृत्य प्रस्तुत किए। गुवाहाटी की युगस्मिता गोस्वामी एवं कौशिक दत्ता ने युगल नृत्य प्रस्तुत किया। नगर की स्वाति मोदी तिवारी, डॉ. उपासना उपाध्याय, मेघा पांडेय एवं मोती शिवहरे के निर्देशन में सामूहिक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी पगलानंद महाराज, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, अजय विश्नोई, रिंकू विज सहित अशोक मनोध्या, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, मीना विश्वकर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। मंगला चरण रोहित दुबे, कामता तिवारी ने किया। अतिथियों का स्वागत मोती शिवहरे, डॉ. प्रकाश दुबे, विनीता सारंग, डॉ. रजनीश गर्ग, लायन नरेंद्र जैन, आलोक पाठक ने मोतियों की माला, साफ़ा एवं श्रीफल भेंट करके किया। चित्रकार प्रमोद कुशवाहा ने सभी को स्व-निर्मित कलाचित्र भेंट किए। अतिथियों ने नृत्य महोत्सव को नगर का अद्वितीय समारोह बताते हुए सभी कलाकारों की प्रशंसा की। संचालन राजेश पाठक 'प्रवीण' एवं मोती शिवहरे ने तथा आभार विजय जायसवाल ने व्यक्त किया।समारोह में गुंजन कला सदन एवं पाथेय संस्था की सहभागिता रही। दोनों संस्थाओं ने मोती शिवहरे को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्कार भारती परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।



# स्मार्ट क्लासेस का शुभारंभ, विद्यालय होंगे संसाधनयुक्त : डॉ. अभिलाष पांडे

**जबलपुर** । शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमरहाई में मंगलवार को स्मार्ट क्लासेस का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन, वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे रहे।इस अवसर पर डॉ. पांडे ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी विद्यालयों को संसाधनों से युक्त किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने बोर्ड परीक्षार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया तथा 5S—शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार की अवधारणा को साकार करने की बात कही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती प्रतिभा भापकर, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, प्राचार्य डी.के. जैन, मुकेश श्रीवास्तव, बीएसी अजय रजक, आशा यादव, मंजुला सिन्हा सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# खेलो एम.पी. यूथ गेम्स तैराकी में जबलपुर का शानदार प्रदर्शन, 25 पदक जीते

**जबलपुर।** देवी अहिल्या बाई होल्कर नगर इंदौर में 27 से 31 जनवरी तक आयोजित खेलो एम.पी. यूथ गेम्स तैराकी चैम्पियनशिप 2026 में जबलपुर जिले के तैराकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 25 पदक (गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज) जीतकर जिले का नाम रोशन किया। बालक वर्ग में रोहन अम्बूरे ने 5 गोल्ड, 1 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज, आदित्य मिश्रा ने 1 गोल्ड व 4 सिल्वर, शौर्य पटेल ने 1 गोल्ड, 2 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज, रित्विक बाफना ने 1 गोल्ड व 3 ब्रॉन्ज तथा सरकार शेर सिंह ने 1 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज पदक अर्जित किया। बालिका वर्ग में सेरा दुबे ने 2 सिल्वर, तन्वी कुश्वाहा ने 2 सिल्वर एवं त्रिशा दुबे ने 1 ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके अलावा 17 वर्ष आयु वर्ग की 4×100 मीटर मिडले रिले में रोहन, आदित्य, रित्विक एवं शौर्य की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। इस उपलब्धि पर संभागीय खेल अधिकारी आशीष पाण्डेय एवं जिला तैराकी संघ अध्यक्ष संजय पटेल ने खिलाड़ियों को बधाई दी। जिला तैराकी संघ ने शीघ्र ही सभी मेडल विजेता खिलाड़ियों के सम्मान समारोह आयोजित करने की घोषणा की है।

# विप्र समाज संस्था का पंचम यज्ञोपवीत संस्कार 6 को

**जबलपुर।** शुभ विवाह विप्र समाज संस्था द्वारा 06 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 09 बजे से शाम 04 बजे तक पंचम यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन पंचमठा मंदिर, बी.टी. तिरहा, गढ़ा, जबलपुर में किया गया है। सम्मानीय विप्र बंधुओं से संस्था के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामाधार प्यासी, उपाध्यक्ष पं. महेंद्र कुमार पांडेय, सचिव पं. विभव त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पं. किशोर कुमार तिवारी, सहसचिव पं. प्रशांत कुमार पाठक, पं. अजीत कुमार तिवारी, पं. संतोष कुमार दुबे ने आयोजन में उपस्थिति का आग्रह किया है।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, CHANDRAVATI W/O RAM PRASAD R/O VILL-BASOMA, PO-BASOMA, TEH-BUDAUN, DISTT- BUDAUN (UP)-243639 I, have changed of my name and date of birth from name CHANDRAWATI and date of birth 18/04/1965 (Name and date of birth as per my SON, NO. 15718148A RANK NK NAME-SANJEEV KUMAR GAUTAM of unit 1 TTR 1 STC, JABALPUR Army service records) to name CHANDRAVATI and date of birth 01/01/1968 (name and date of birth as per my Aadhaar Card No. 9768 0260 3715) vide affidavit dated 04/02/2026 formerly before Public Notary MP HIGH COURT, JABALPUR

CORRECT NAME-CHANDRAVATI
INCORRECT NAME-CHANDRAWATI
CORRECT DATE OF BIRTH
01/01/1968
INCORRECT DATE OF BIRTH
18/04/1965



# ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल के छात्र ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में हासिल की सफलता

**जबलपुर** । ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल, जबलपुर के कक्षा 7वीं के छात्र कृष्णा उर्मालिया ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन (VVM) की राज्य स्तरीय (लेवल–3) प्रतियोगिता में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कृष्णा ने विज्ञान विषय में उत्कृष्ट समझ, तार्किक क्षमता एवं वैज्ञानिक सोच का परिचय देते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की, जिसके लिए उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के वेदांश राठौर, हर्ष राज, राजवर्धन, मान्या ठाकुर, वंशिका यादव, अनुराग पटैल एवं आराधिका कटारिया ने भी सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित विज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना है। ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने कृष्णा उर्मालिया की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# भारत-अमेरिका डील : भारत को आर्थिक, राजनीतिक गुलामी की ओर धकेलने वाला समझौता

## यह व्यापार नहीं, देश के भविष्य के साथ खुला विश्वासघात है : डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी

**जबलपुर।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने भारत सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की जा रही तथाकथित भारत-अमेरिका डील पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह समझौता देश के इतिहास की सबसे खतरनाक, आत्मघाती और राष्ट्रविरोधी डीलों में से एक है। यह डील भारत को एक स्वतंत्र राष्ट्र से अमेरिकी हितों की कठपुतली बनाने की दिशा में ले जा रही है। डॉ. तिवारी ने सवाल उठाया कि सरकार यह डील किसके दबाव में, किसके फायदे के लिए और देश के किस वर्ग के खिलाफ कर रही है- यह आज पूरे देश के सामने सबसे बड़ा सवाल है।



**किसान को बर्बाद करने की सुनियोजित साज़िश**

डॉ. तिवारी ने कहा कि यह डील भारतीय किसान की कमर तोड़ने का लिखित दस्तावेज़ है। भारतीय फसलों पर कड़े नियम और भारी टैरिफ अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत में खुली छूट MSP और मंडी व्यवस्था को धीरे-धीरे खत्म करने की साज़िश किसान को कॉरपोरेट और विदेशी कंपनियों का गुलाम बनाने की तैयारी यह डील लागू हुई, तो किसान आत्मनिर्भर नहीं, आत्महत्या के लिए मजबूर होगा। बेरोज़गारी का विस्फोट जब किसान बर्बाद होंगे और उद्योग बंद होंगे तो रोज़गार कहाँ से आएगा? युवाओं के लिए रोजगार के दरवाज़े बंद रोजगार सृजन की रफ्तार पूरी तरह ठप पढ़ा-लिखा युवा हताश और मजबूर यह डील युवाओं के भविष्य पर सीधा वार है। डॉ. तिवारी ने कहा कि भारत की ऊर्जा नीति भी विदेशी दबाव में गिरवी रखी जा रही है। भारत अब अपने हित में नहीं, विदेशी आदेश पर फैसले करेगा। डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने देश को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आज इस डील का विरोध नहीं हुआ तो भारत आर्थिक गुलामी में फँस जाएगा, आने वाली पीढ़ियाँ आज़ादी केवल किताबों में पढ़ेंगी, देश की संप्रभुता इतिहास बन जाएगी। अब चुप रहना अपराध है। अब समझौता ग़द्दारी है। किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी सभी सड़कों पर उतरें जन आंदोलन के ज़रिए इस डील को रद्द कराएँ भारत की आज़ादी को बचाएँ।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./524/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मयंकराज यादव पिता महेन्द्र कुमार यादव निवासी धोबीघाट मेनरोड जबलपुर द्वारा ग्राम कजरबारा प.ह.नं. 10 नं. ब. 505 ख.नं. 25/1, 32/1/1 रकबा 0.1360, 0.0570 हेक्टेयर/ वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र/ फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्तियें पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 22/01/26 को जारी।

जारी दिनांक 22/ 01/26
पेशी दिनांक 05/02/26

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**

पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/223
दिनांक:- 04/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजकुमार कॅचवानी पिता स्व. श्री सदोरामल श्री गुलशन कॅचवानी एवं श्री पंकज कॅचवानी दोनों के पिता श्री राजकुमार कॅचवानी ने मकान नं. 349/1 का हिस्सा वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 462 व.फु. भूतल 462 व.फु. प्रथम तल 462 व.फु., द्वितीय तल 462 व.फु. तृतीय तल 462 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

सवालों का ब्योरा जारी किया गृह विभाग ने

# जनगणना में फर्श, दीवार, छत के साथ बताना होगा गंदे पानी की निकासी, पूछे जाएंगे 33 सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में अगले साल से जनगणना शुरू होनी है। यह काम कैसे करना है, इसकी जानकारी भारत सरकार के गृहमंत्रालय (भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय) ने जुटाने के निर्देश दिए हैं। खास बात ये है कि जनगणना करने वालों को अब जनता यह जानकारी देगी कि उनके घर का फर्श कैसा है, घर की दीवारें और छत किस सामग्री से बनी है।

### घर का मुखिया कौन घर में कितने कमरे हैं

*जनगणना करने वाले अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले सवालों की सूची में और बहुत से बिंदु शामिल है। ये भी पूछा जाएगा कि . परिवार में सामान्यतः रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है,*



### पानी कहां से लाते हैं, बाथरूम है या नहीं

जनगणना करने वालों के सवालों में ये बात भी शामिल होगी कि घर में पेयजल का मुख्य स्रोत क्या है, इसकी उपलब्धता कैसी है। घर में प्रकाश का मुख्य स्रोत क्या है, शौचालय की सुलभता के बारे में पूछने के साथ यह सवाल भी होगा।

### रेडियो, ट्रांजिस्टर है या टीवी इंटरनेट

जनगणना अधिकारी घर-घर जाकर ये जानकारी भी हासिल करने के घर में रेडियो ट्रांजिस्टर चलता है या टेलीविजन है, इंटरनेट सुविधा के साथ लैपटॉप कंप्यूटर है या नहीं। घर में टेलीफोन, मोबाइल फोन स्मार्ट फोन है या नहीं। ये जानकारी भी मांगी जाएगी कि घर में साइकिल स्कूटर,मोटरसाइकिल मोपेड कौन सी गाड़ी है। घर में कार जीप या वैन है। इसके साथ ही ये भी पूछा जाएगा कि . परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाले मुख्य अनाज कौन सा है। जनगणना अधिकारी आपका मोबाइल नंबर भी लेंगे, लेकिन इसका उपयोग केवल जनगणना संबंधी कार्यों के लिए किया जाएगा।

### ये होंगे सवाल जिनका देना होगा जवाब

जनगणना अधिकारी जब आपके घर आएंगे तो वे 33 बिंदुओं के आधार पर सवाल करके जवाब मांगेंगे और यही जानकारी जनगणना संबंधी प्रपत्र में शामिल किए जाएंगे। जनगणना की जानकारी में सबसे पहला सवाल भवन नंबर (नगर या स्थानीय प्राधिकरण अथवा जनगणना नंबर), जनगणना मकान नंबर, मकान के फर्श में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, जनगणना मकान के दीवार में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, जनगणना मकान के छत में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, मकान के उपयोग क्या होता है, मकान की हालत क्या है। परिवार क्रमांक क्या है।

छत्तीसगढ़ से बाहर रहने की शर्त पर मिली जमानत

# पूर्व मंत्री कवासी को जमानत पर छग में नहीं रह सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में जेल में बंद प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। प्रवर्तन निदेशालय और आर्थिक अपराध शाखा से संबंधित मामलों में कोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका को कड़ी शर्तों पर मंजूरी दी है। हालांकि जमानत के दौरान कवासी लखमा को जांच पूरी होने तक छत्तीसगढ़ से बाहर रहना होगा, साथ ही उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करने के साथ प्रदेश के बाहर कौन से राज्य, शहर और स्थान पर रहेंगे, इसकी पूरी जानकारी मोबाइल नंबर के साथ थाने में देनी होगी। **लगभग सालभर से जेल में बंदः** शराब घोटाला मामले की जांच करते हुए ईडी ने जनवरी 2025 में कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। सात दिन तक रिमांड पर पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेजा गया था। इसके बाद से वे रायपुर सेंट्रल जेल में ही बंद थे। इस मामले में लखमा के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में उनकी जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। इस अर्जी पर मंगलवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने सुनवाई की। इस दौरान लखमा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, सिद्धार्थ दवे और हर्षवर्धन परघनिया ने पैरवी की।

### शर्तों पर दी गई जमानत

*बताया जा रहा है कि लखमा को जमानत कुछ शर्तों पर दी गई है। इसके तहत लखमा को जमानत के दौरान छत्तीसगढ़ से बाहर रहना होगा, लेकिन वे कहां रहेंगे, उनके ठिकाने की जानकारी संबंधित थाना में मोबाइल नंबर और पासपोर्ट के साथ जमा करना होगा। शर्त में यह भी शामिल है कि राज्य में वे तभी प्रवेश कर सकेंगे, जब उनकी पेशी की तारीख होगी।*

### इलाज में लापरवाही का लगाया था आरोप

*रायपुर सेंट्रल जेल में बंद कवासी लखमा ने करीब दो माह पूर्व पेशी में शामिल होने के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए आरोप लगाया था कि उसका स्वास्थ्य खराब है, लेकिन जेल में उनका सही इलाज नहीं किया जा रहा है।*

सोशल साइट्स का असर, कम उम्र में भी लग्जरी कार खरीद रहे युवा

# चीन में चल रही ड्राइवरलेस कार की टेस्टिंग, उड़न छू नहीं उड़ने वाली कारों का सपना, भविष्य में संभव

रायपुर पहुंचे मर्सिडिज के सेल्स एंड मार्केटिंग वाइस प्रेसिडेंट ब्रेंडन सिसिंग से हरिभूमि की खास बातचीत

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

खास खबर



मर्सिडिज ने ड्राइवरलेस कार इजाद की है। हम इसकी टेस्टिंग चीन में ऑन रोड कर रहे हैं। यदि यह प्रयोग सफल हो जाता है तो चीन में ड्राइवरलेस कारें दौड़ती हुई मिलेंगी। वहां इसके लिए रेगुलेशन हैं। यदि भारत में नियम सपोर्ट करे तो हम यहां भी चालकरहित वाहन की टेस्टिंग करेंगे। यह कहना है मर्सिडिज के सेल्स एंड मार्केटिंग डिपार्टमेंट के वाइस प्रेसिडेंट ब्रेंडन सिसिंग का। वे रायपुर में कंपनी संबंधित एक कार्यक्रम का हिस्सा बनने पहुंचे थे। उन्होंने मर्सिडिज के नए मॉडल सहित लग्जरी कारों के भविष्य पर हरिभूमि से विशेष चर्चा की।

### 80 प्रतिशत लग्जरी गाड़ियां फायनेंस में

सिसिंग का मानना है कि इंस्टाग्राम रिल्स, सोशल साइट्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के कारण लग्जरी कारों का मार्केट बदला है। एक समय था, जब लोग बचत करके परिपक्व होने पर लग्जरी कारें खरीदा करते थे। अब ऐसा नहीं है। सोशल साइट्स और खासकर रिल्स में बेहतर दिखने की चाह में कम उम्र में ही लोग कार खरीदने लगे हैं।

### भारत में ग्राहकों से जुड़ना अधिक महत्वपूर्ण

साउथ अफ्रीका में जन्मे और मलेशिया, जर्मनी सहित कई देशों में अपनी सेवाएं दे चुके सिसिंग अन्य देशों की तुलना में भारत में मार्केटिंग स्ट्रेटजी में अंतर पाते हैं। उनका कहना है कि भारत में मार्केटिंग के अन्य पहलुओं पर ध्यान देने के साथ-साथ ग्राहकों से जुड़ना अधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए अनुशासन जरूरी है। भारतीय बाजारों में रचनात्मकता दिखाते हुए ।

## महिसागर में नौका पलटी लोगों ने 10 को बचाया

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी में एक छोटी नौका मंगलवार को पलट गई। नौका में सवार सभी 10 यात्रियों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। महिसागर नदी वडोदरा के पादरा तालुका में मुजपुर गांव और दूसरी ओर खेड़ा जिले के गम्भीरा के बीच बहती है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग 10 यात्री मुजपुर की तरफ से एक छोटी नौका में सवार होकर गम्भीरा जा रहे थे

## 350 किलो की महिला ने घटाया था 199 किलो वजन

**नई दिल्ली।** लोगों का वजन जब 90-100 किलो हो जाए तभी उनके लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। कहा जाता है मोटापा अपने आप में एक बहुत बड़ी बीमारी है, जो शरीर को अन्य बीमारियों का घर भी बनाती है। लेकिन सोचिए अगर किसी का वजन 350 किलो हो तो उसके लिए कुछ भी करना कितना मुश्किल रहता होगा? पढ़कर भी डर लगता है ना....लेकिन ऐसी एक महिला जिन्होंने अपना 350 किलो वजन कम करने की बहुत कोशिश की और लगभग अपना 199 किलो वजन कम कर भी लिया, लेकिन फिर भी जिंदगी की जंग हार गईं. ये महिला थीं चैरिटी पियर्स. कभी करीब 350 किलो वजन के साथ बिस्तर से उठना तक उनके लिए मुश्किल था, लेकिन हालात के आगे झुकने के बजाय जिंदगी की जिद ने उन्हें लड़ना सिखाया।

### अंतरिक्ष से भारत को पहली बार देखा, यही यादगार पल



**रायपुर।** भारतीय वायु सेवा के ग्रुप कैप्टन और अशोक चक्र से सम्मानित अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी नवा रायपुर में प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने शुभांशु से अंतरिक्ष यात्रा को लेकर रोचक सवाल पूछे। एक छात्र ने पूछा कि आपके जीवन और अंतरिक्ष में सबसे यादगार पल कौन सा है? जिसका जवाब देते हुए शुभांशु ने कहा कि जब अंतरिक्ष से भारत को पहली बार देखा था।

## स्कोडा काइलैक ने एक वर्ष में 50,000 बिक्री का आंकड़ा किया पार, नए वेरिएंट्स और फीचर्स की घोषणा

**जबलपुर ।** स्कोडा ऑटो इंडिया की बेस्ट-सेलिंग एसयूवी काइलैक ने अपने लॉन्च के एक वर्ष के भीतर 50,000 से अधिक यूनिट्स की बिक्री का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक रेंज को और विस्तारित करते हुए नए वेरिएंट्स, अतिरिक्त फीचर्स और बेहतर वैल्यू की घोषणा की है। अब काइलैक चार की बजाय छह वेरिएंट्स और 11 प्राइस पॉइंट्स में उपलब्ध होगी। लाइन-अप में नया क्लासिक+ वेरिएंट जोड़ा गया है, जिससे काइलैक अपने सेगमेंट में फुल-फ्लेज्ड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक के साथ सबसे सुलभ कार बन गई है। इसके अलावा सिग्नेचर, सिग्नेचर+ और नए टॉप-एंड प्रेस्टीज+ वेरिएंट में भी कई आधुनिक फीचर्स जोड़े गए हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक सनरूफ, क्रूज कंट्रोल, रेन-सेंसिंग वाइपर्स, एलईडी लाइट्स और मल्टी-फंक्शन स्टीयरिंग शामिल हैं। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कि काइलैक की सफलता भारत में स्कोडा ब्रांड पर ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है और कंपनी यूरोपीय



तकनीक को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है।काइलैक सेगमेंट में उच्चतम सेफ्टी रेटिंग, छह एयरबैग्स, चार साल की स्टैंडर्ड वारंटी, रोडसाइड असिस्टेंस और लेबर-फ्री सर्विसेज के साथ उपलब्ध है। काइलैक की पहली वर्षगांठ के अवसर पर कंपनी ने सीमित अवधि के लिए चुनिंदा वेरिएंट्स पर 50,000 तक के विशेष ऑफर्स और अन्य लाभों की भी घोषणा की है, जो 28 फरवरी 2026 तक मान्य रहेंगे।

## बाल-बाल बचीं पंकजा मुंडे, उड़ान से पहले हेलीकॉप्टर में आई खराबी

**संभाजी नगर।** महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री और भाजपा नेता पंकजा मुंडे के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आई है। उड़ान से पहले ही हेलीकॉप्टर में खराबी का पता चलने से एक बड़ा हादसा टल गया है। पंकजा मुंडे मंगलवार को जिला परिषद चुनाव प्रचार के लिए लातूर जा रही थीं। जानकारी सामने आई कि संभाजीनगर से लातूर के लिए पंकजा हेलीकॉप्टर से जाने वाली थीं। छत्रपति संभाजीनगर से लातूर के लिए उड़ान भरने से पहले ही पायलट को यह खराबी दिखी। इसके बाद उन्हें जिला परिषद चुनाव प्रचार के लिए संभाजीनगर से लातूर तक की अपनी तय हेलीकॉप्टर यात्रा कैंसिल करनी पड़ी। इस अचानक खराबी के कारण पंकजा मुंडे की लातूर में होने वाली सभाओं का समय भी बदल दिया गया है।

## राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास

**तुला** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# अब दो दिन और खरीदा जाएगा धान, सरकार ने बढ़ाई तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार ने धान खरीदी की अवधि को दो दिन और बढ़ाने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी अब 6 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के बाद तारीख को बढ़ाया गया है। धान खरीदी के लिए पहले 31 जनवरी अंतिम तारीख रखी गई थी। मुख्यमंत्री के इस निर्णय पर अब राज्य शासन द्वारा आगामी दो दिवस 5 और 6 फरवरी को राज्य के ऐसे किसान जो पंजीकृत हैं और जिनका टोकन कट चुके है, उन किसानों का धान खरीदा जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वास्तविक किसानों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से धान खरीदी केन्द्रों में पारदर्शी व्यवस्था शुरू की थी जो सार्थक सिद्ध हुआ है। 15 नवम्बर से शुरू धान खरीदी के तहत 31 जनवरी तक 25 लाख 11 हजार से अधिक किसानों से लगभग 140 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

- जिन किसानों के टोकन कट चुके उनसे 5 और 6 फरवरी को खरीदा जाएगा धान
- समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

### जिलों से मिली रिपोर्ट के बाद निर्णय

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी समाप्त होने के बाद कई जिलों में किसानों ने आरोप लगाया कि उनका टोकन कटा होने के बाद भी उनसे धान की खरीदी नहीं की गई। राज्य सरकार ने इसके आधार पर यह निर्देश जारी किया था कि जिला स्तर पर यह पता लगाया जाए कितने ऐसे किसान हैं जो टोकन होने के बाद भी धान नहीं बेच पाए। इसकी रिपोर्ट की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। 28, 29 और 30 जनवरी को जिन किसानों का टोकन कटा था और वे धान नहीं बेच पाए थे उनका ही धान लिया जाएगा।

### सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। एक भी किसान का धान बिना बिके न रहे, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अतिरिक्त दिनों में धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से पूरी की जाए।

## कुत्ते को बचाने के प्रयास में पलटी कार व्यापारी की मौत, पत्नी व बच्चे घायल

हरिभूमि ,न्यूज ▶▶| बालोद

**डौण्डीलोहारा थानातंर्गत ग्राम संबलपुर नर्सरी के पास सड़क पर अचानक आए कुते को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार पलट गई। पलटने से कार चला रहे व्यापारी की मौत हो गई। हादसे में टीचर पत्नी और 2 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।**

जानकारी के अनुसार भूपेंद्र गुप्ता (42 वर्ष) देवरी पासौद में किराना दुकान चलाते थे। उनकी पत्नी मुक्ता गुप्ता (37 वर्ष) राघोनावागांव स्थित सरकारी स्कूल में शिक्षिका के पद पर पदस्थ थी। पति- पत्नी अपने दो बच्चों के साथ 2 फरवरी को दो बच्चों के साथ बालोद में एक परिजन के घर मिलने आए थे। 3 फरवरी को सुबह कार से पूरा परिवार घर देवरी पासौद लौट रहा था। डौंडीलोहारा ब्लॉक मुख्यालय से 4 किमी दूर संबलपुर नर्सरी के पास सड़क पर एक कुता आ गया। कुत्ते को बचाने के चक्कर में कार बेकाबू हो गई और सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार चला रहे व्यापारी भूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, पत्नी और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार लॉक हो गई थी। ऐसे में घायल अवस्था में मां और बच्चे कार में फंसे रहे।

डेटा शेयरिंग के नाम पर निजता के अधिकार से समझौता बर्दाश्त नहीं

# सुप्रीम कोर्ट की व्हाट्सएप-मेटा को फटकार कहा- 'संविधान नहीं मान सकते, तो भारत छोड़ दें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप की प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर मेटा को सख्त चेतावनी दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि तकनीकी कंपनियां भारत में रहकर नागरिकों के निजता अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। अदालत ने यहां तक कह दिया कि अगर कंपनियां संविधान का पालन नहीं कर सकतीं, तो उन्हें देश छोड़ देना चाहिए।

### 9 फरवरी को आएगा अंतरिम आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी इस याचिका में एक पक्ष बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कंपनियों को चेतावनी दी है कि या तो वे डेटा शेयर न करने का लिखित आश्वासन दें।




### कोर्ट ने उठाए कई अहम सवाल

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि व्हाट्सएप के बाजार में दबदबे के कारण यूजर्स के पास सीमित विकल्प हैं। अदालत ने सवाल उठाया कि क्या आम लोग कंपनी की जटिल प्राइवेसी पॉलिसी को समझ सकते हैं।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 6129



**बाएँ से दाए**
1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

**शब्द पहेली- 6128 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |

**सूडोकु बवाल - 6139** ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु बवाल - 6138 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |



# जब सताए साइटिका का दर्द

कमर के निचले हिस्से से पैरों तक जाने वाली नस जब दबने लगती है तो साइटिका का असहनीय दर्द होता है। इस समस्या से बचने और इसके उपचार के बारे में कई कारगर उपाय आयुर्वेद में बताए गए हैं।

**आयुर्वेद**

डॉ. संजना शर्मा
आयुर्वेदिक विशेषज्ञ, दिल्ली



साइटिका ऐसी समस्या है, जो व्यक्ति की रोजमर्रा की गतिविधियों को भी प्रभावित करता है। व्यक्ति को कमर के निचले हिस्से से नीचे पैरों तक असहनीय दर्द रहता है। बैठने पर पैरों में सुन्नपन आने लगता है। लेटने पर दर्द ज्यादा महसूस होता है। लेकिन जब व्यक्ति चलता है, तो शरीर गर्म होने लगता है और धीरे-धीरे साइटिका का दर्द कम होने लगता है।

**रोग का कारण:** हमारी रीढ़ की हड्डी कई छोटी-छोटी कशेरूकाओं से बनी होती है। कमर के हिस्से में एल-4, एल-5, एस-1, एस-2, एस-3 कशेरूकाएं होती हैं। इनके बीच एक नरम डिस्क होती है, जो झटकों से बचाने का काम करती है। साथ ही इनके बीच से बहुत पतली नसें निकलती हैं, जो आगे जाकर आपस में मिल जाती हैं और साइटिका नर्व बनाती हैं। यह नर्व हमारे कूल्हों से शुरू होकर दोनों पैरों में नीचे तक जाती है। आयुर्वेद में साइटिका को गृध्रसी रोग कहा जाता है और इसे वातजन्य रोगों की श्रेणी में रखा गया है। यह समस्या मुख्य रूप से बढ़े हुए वात दोष और दूषित कफ दोष के कारण उत्पन्न होती है। शरीर में वात दोष बढ़ने के कारण रीढ़ की नसें कमजोर होने लगती हैं, उनमें ऐंठन या दवाब बढ़ जाता है और गृध्रसी रोग उत्पन्न होता है। शरीर में बढ़ा हुआ वात डिस्क के अंदर मौजूद छल्लों के बीच के फ्लूड को सुखा देता है। यह फ्लूड लगभग 80 प्रतिशत पानी और 20 प्रतिशत प्रोटीन, कैल्शियम से बना होता है। फ्लूड सूखने के कारण छल्ले आपस में टकराने लगते हैं। उनके बीच की जगह खत्म हो जाती है और किसी न किसी नस पर दबाव पड़ने लगता है। जब नस दबती है, तो पूरे पैर में दर्द शुरू हो जाता है।



**इन्हें है अधिक रिस्क:** जिन लोगों के शरीर में वात यानी वायु अधिक बनती है या जिनकी नसें और मांसपेशियां कमजोर होती हैं, उन्हें साइटिका और कमर दर्द की समस्या ज्यादा होती है। इसके अलावा कुछ और कारण भी जिम्मेदार हैं।

- बहुत ज्यादा एक्सरसाइज करना या फिर शारीरिक गतिविधियां बिल्कुल न करना।
- बहुत देर तक खड़े रहना या लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहना।
- भारी वजन उठाने या गिरने की वजह से डिस्क का खिसकना या फिर डिस्क का अपनी सीध से बाहर निकल जाना।
- डिस्क दबने से कशेरूकाओं के बीच का गैप कम हो जाना या ज्यादा बढ़ जाना।
- वात बढ़ाने वाले आहार (जैसे-बींस, अंकुरित अनाज, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, सूखा और ठंडा भोजन या फिर कड़वे और कसैले रस वाले पदार्थ) का सेवन अधिक करना।

**क्या है उपचार:** सबसे जरूरी है शरीर से अतिरिक्त वात को बाहर निकालना। आयुर्वेद में इसके समाधान के कुछ उपाय बताए गए हैं-

- रोजाना एक चम्म्च मेथी के दाने (रात में भिगोए या लड्डू बनाकर) का सेवन करें। मेथी दाने वात दोष को संतुलित करने में मदद करते हैं, नसों को मजबूती देते हैं और कमर दर्द, साइटिका और जोड़ों के दर्द में धीरे-धीरे आराम पहुंचाते हैं।
- कुचले लहसुन की कलियों को दूध में उबालें और गुनगुना होने पर थोड़ा शहद मिलाकर पिएं। रोज रात सोने से 1 घंटा पहले कम से कम 20 दिन तक पिएं। लहसुन में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो साइटिका नर्व की सूजन को कम करते हैं।
- लिक्विड शिलाजीत की 3-4 बूंदें दूध में मिलाकर 15 दिन तक पिएं। शिलाजीत हड्डियों और नसों को मजबूत करता है।
- सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच घर की पिसी हल्दी मिलाकर धीरे-धीरे छोटे-छोटे घूंट लेकर पिएं।
- बड़ी इलायची, दालचीनी, लौंग, गुड़ से बना काढ़ा वात और कफ दोष को संतुलित करता है। हड्डियों को मजबूत करता है और नसों को खोलता है। खाली पेट सेवन करना फायदेमंद है।
- भीगी-दरदरी पिसी उड़द दाल को भून लें। कद्दूकस किया हुआ सूखा नारियल, इलायची पावडर, पिसा गुड़ मिलाकर लड्डू बनाएं। खाली पेट या दिन में 1-2 लड्डू खाएं। उड़द की दाल नसों और मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करने में मददगार है। सूखा नारियल हड्डियों और जोड़ों के लिए बेहद लाभकारी है।
- भुने-दरदरा पिसे तिल और कद्दूकस किए गुड़ में थोड़ा-सा पकाकर बने लड्डू वात संतुलन के लिए बहुत ही लाभकारी हैं।
- हल्दी को सुखाकर पीस लें। 1 चम्मच हल्दी पावडर और 1 चम्मच तिल का तेल मिलाकर पेस्ट बनाएं और दर्द वाली जगह पर हल्के हाथ से दिन में दो बार मालिश करें। हल्दी नसों की मरम्मत में मदद करती है।

**रखें ध्यान:** साइटिका के दर्द से बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना फायदेमंद है। जैसे-रोज व्यायाम करें। सही पॉश्चर में बैठें। एक जगह देर तक न बैठें या खड़े न रहें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। यथासंभव वातवर्धक खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करें जैसे- दही, फूलगोभी, भिंडी, ठंडी, तली-भुनी और मसालेदार चीजें, खट्टी चीजें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

---

**हेल्थ सजेशन**

रेखा देशराज

# ऐसे बनाएं बदलते मौसम का हेल्थ-फिटनेस शेड्यूल

हालांकि कई स्थानों पर अभी सर्दी पड़ रही है। लेकिन जल्द ही आने वाले दिनों के मौसम में बदलाव होने लगेगा। बदलते हुए मौसम वाले इस महीने के लिए आपको अपना हेल्थ और फिटनेस रूटीन रीस्टार्ट करने की जरूरत होती है। ऐसा करना क्यों जरूरी है और इसे शेड्यूल करते समय किन बातों का ध्यान रखें, यहां डिटेल में बता रहे हैं।



साल का दूसरा अंग्रेजी महीना फरवरी केवल कैलेंडर का एक पन्ना नहीं होता बल्कि जीवनशैली को रीसेट करने का मौका भी होता है। दरअसल, इस महीने में देश के ज्यादातर हिस्से में मौसम सर्वाधिक अनुकूल होता है। न बहुत सर्दी होती है और न बहुत गर्मी होती है, सिवाय हिमालयन रेंज के प्रदेशों को छोड़कर। इसलिए यह महीना फिटनेस की आदतें बनाने और उन्हें मजबूत करने का महीना भी माना जाता है। अगर आने वाले एक माह को सही ढंग से प्लान किया जाए, तो पूरे साल सेहत की नींव मजबूत रह सकती है। इसलिए आइए जानें कि इस महीने में किस तरह अपनी हेल्थ-फिटनेस रूटीन को रीस्टार्ट करके सही डायरेक्शन में लाना चाहिए।

## तय करें फिटनेस टार्गेट

सबसे पहले तो यह तय कर लें कि आने वाले दिनों में फिटनेस के लिए क्या जरूरी लक्ष्य रखें, ताकि हेल्थ संबंधी अधिकतम फायदा उठाया जा सके। फिटनेस के मुख्य लक्ष्य कुछ इस प्रकार हो सकते हैं-

- शरीर की जकड़न को खत्म करना।
- स्टेमिना बढ़ाना और बरकरार रखना।
- सर्दियों में बढ़े वजन को नियंत्रित करना।
- इम्यूनिटी मजबूत करना।
- गर्मी के लिए शरीर को तैयार करना।

## इसलिए रीस्टार्ट करना है लाभकारी

बदलते हुए मौसम के दिनों में अपने हेल्थ-फिटनेस को रीस्टार्ट करना इसलिए जरूरी है क्योंकि सर्दियों में शरीर सुस्त हो जाता है। खान-पान भारी रहता है और गतिविधियां कम या बिल्कुल कम रहती हैं। लेकिन मिड फरवरी से शरीर उस सुस्ती से बाहर निकलने लगता है। धूप में हल्की गमाईश आ जाती है। सुबह जल्दी रोशनी दिखती है और दिन में अधिक वर्कआउट करने पर तो पसीना भी आने लगता है। ऐसे में एक्सरसाइज शुरू करना तुलनात्मक रूप से न सिर्फ आसान बल्कि ज्यादा फायदेमंद भी होता है। लेकिन यह ध्यान रखें कि इस महीने में एकदम से एक्सरसाइज का टफ रूटीन न अपनाएं। बजाय इसके इस महीने में धीरे-धीरे फिर से एक्सरसाइज की आदत डालें और जैसे-जैसे दिन बीतें उसे तेज करते चलें। ऐसा करने से यह महीना, साल का शानदार फिटनेस मंथ बनकर उभरता है। दरअसल फरवरी का महत्व इसलिए है कि इसमें शुरुआत करना आसान और एक्सरसाइज में सुधार के साथ निरंतरता कायम करना बेहतर रहता है। लेकिन रीस्टार्ट के समय कभी बहुत ज्यादा समय तक जिम न करें। इससे फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। इस महीने में एक्सरसाइज के छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें और कोशिश करें कि उनमें नियमितता रहे। अगर हर दिन 30 मिनट भी दिए जाएं तो बहुत उपयोगी रहेगा।

## एक्सरसाइज रूटीन हो ऐसा

इस मंथ के लिए आप अपना एक्सरसाइज रूटीन कुछ इस तरह का बना सकते हैं-

- मॉर्निंग वॉक करें, जिसमें हल्की जॉगिंग भी शामिल हो। इसके लिए 30-40 मिनट तक तेज-तेज चलें और सप्ताह में तीन दिन पांच से लेकर दस मिनट तक इस वॉकिंग में तेज जॉगिंग को भी जोड़ें।
- इस मौसम में एक्सरसाइज के लिए सबसे आदर्श जगह खुले पार्क, छत या धूप वाली कोई बेहतर जगह होती है। इससे हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। फैट बर्न होता है और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के लिए भी शरीर तैयार होता है। एक हफ्ते की मॉर्निंग वॉक और जॉगिंग के बाद अगले हफ्ते तीन दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग भी करनी चाहिए।
- घर पर किए जाने वाले बेसिक अभ्यास में 15-15 स्क्वेट तीन बार। 10-10 पुशअप्स, तीन बार। प्लेंक, 30-30 सेकेंड तीन बार। इस स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मसल्स मजबूत होती हैं। अगर इस ट्रेनिंग के साथ-साथ इसमें योग और स्ट्रेचिंग को भी मिला लें, हर दिन सिर्फ 20 मिनट तो समझिए और भी फायदेमंद होगा। योग और स्ट्रेचिंग के लिए हर दिन सूर्य नमस्कार 8 से 12 राउंड के अलावा भुजंगासन, ताड़ासन, वज्रासन, पवनमुक्त आसन, फायदेमंद होते हैं। इनसे शरीर का लचीलापन बढ़ता है और जोड़ों की अकड़न खत्म होती है।
- ब्रीदिंग एक्सरसाइज करना न भूलें। इसके लिए 10 मिनट अनुलोम-विलोम करें और 5 मिनट कपालभाती करें। इससे फेफड़े मजबूत होते हैं और इम्यूनिटी बेहतर होती है।

## सीजन के अनुसार डाइट प्लान

हेल्दी-फिट रहने के लिए केवल एक्सरसाइज करना पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए न्यूट्रीशस डाइट प्लान फॉलो करना भी जरूरी होता है। इसके लिए फरवरी के महीने में शरीर को हैवी से लाइट डाइट की तरफ शिफ्ट करना चाहिए। इन दिनों के लिए डाइट प्लान कुछ इस तरह से बनाएं-

- मौसमी सब्जियां जैसे गाजर, चुकंदर, पत्तागोभी और पालक को अपनी नियमित डाइट में शामिल करें।
- फलों में संतरा, अमरूद और पपीता का सेवन करना बहुत लाभकारी है।
- इस महीने में प्रोटीन के लिए दाल, दही, पनीर को जरूर शामिल करें। अगर नॉनवेज खाते हैं तो अंडा भी खा सकते हैं।
- इस बदलते मौसम में शरीर के लिए साबुत अनाज खाना भी फायदेमंद होता है। खासकर ओट्स, ब्राउन राइस और बाजरा जरूर खाना चाहिए।
- अच्छी डाइट के साथ यह जानना भी जरूरी है कि इन दिनों क्या चीजें न खाएं या कम खाएं? तली-भुनी चीजें, ज्यादा मीठा, पैकेज्ड स्नैक्स और देर रात खाने से बचना चाहिए।

याद रखें, सीजन के अनुसार डाइट में सुधार करना, फिटनेस रीस्टार्ट का सबसे कारगर स्टेप होता है।

### इस माह वजन कैसे घटाएं



**सर्दियों के** मौसम में अधिक भोजन करने और वर्कआउट में कमी से अकसर लोगों का वजन बढ़ जाता है। फरवरी में आमतौर पर इसे कम करने की प्रक्रिया शुरू होती है। क्योंकि फरवरी के लास्ट में बदन से पसीना निकालना आसान होता है, फरवरी में दिसंबर और जनवरी महीनों के मुकाबले मूवमेंट करना सहजता से संभव होता है। लेकिन ये सब फायदे तभी मिल सकते हैं, जब आप भूख नियंत्रित करें और खाने के तीन जरूरी नियमों का पालन करें। मसलन, रात का खाना शाम 6 से 7 बजे तक हर हाल में खा लें। रोज कम से कम 8 से 10 हजार कदम चलें। मीठे पेय जितना संभव हो बंद कर दें और शरीर के साथ-साथ मानसिक फिटनेस के लिए हर दिन पांच मिनट ध्यान जरूर लगाएं। साथ ही सुबह के समय धूप का सेवन करें और अपने स्क्रीन टाइम को घटाएं।

## आसान है हेल्थ मेंटेन करना

वैज्ञानिक दृष्टि से फरवरी माह के बदलते मौसम में आप अपनी फिटनेस दुरुस्त कर सकते हैं। क्योंकि इस माह के मिड से लास्ट आते-आते देश के ज्यादातर हिस्सों में आमतौर पर तापमान 15 से 25 डिग्री के बीच रहने लगता है, जो शारीरिक गतिविधियों के लिए आदर्श तापमान होता है। कई रिसर्च बताती हैं कि मध्यम तापमान में व्यायाम करने से हार्ट रेट स्थिर रहता है और चोट का जोखिम भी कम होता है। इसलिए सर्दियों के मुकाबले गुलाबी सर्दी वाले इस महीने में हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन रखना आसान होता है। *

---

**डाइट**

राजकुमार 'दिनकर'

## हेल्थ के लिए अधिक लाभकारी
# पेड़ पर लगने वाली सब्जियां



हालांकि सभी सब्जियों और फलों में अलग-अलग स्वास्थ्यवर्धक गुण होते हैं। लेकिन वनस्पति वैज्ञानिकों के अनुसार पेड़ पर लगने वाली सब्जियां चूंकि कम पानी, ज्यादा धूप और गहरी जड़ों से खूब सारे खनिज खींचने की क्षमता रखती हैं, इसलिए इन सब्जियों में खनिज तत्व, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर की मात्रा, जमीन के भीतर या उसकी सतह पर लगने वाली सब्जियों से काफी ज्यादा होती है। ऐसी ही कुछ सब्जियों के बारे में जानिए।

**सहजन:** सहजन या मोरिंगा, जिसकी फलियां पेड़ पर लगती हैं, में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन बी6, कैल्शियम, पोटेशियम की काफी ज्यादा मात्रा पाई जाती है। सहजन की पत्तियों को सुपरफूड माना जाता है, क्योंकि इससे ब्लड शुगर कंट्रोल होती है। शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। थायरॉइड और एनीमिया में फायदा होता है।

**कटहल:** कटहल को प्लांट बेस्ड मीट भी कहते हैं। इसमें प्रोटीन, पोटेशियम और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। कच्चा कटहल पाचन के लिए अच्छा होता है, क्योंकि इसमें शुगर बहुत कम होती है, जबकि इसका बीज आयरन से भरपूर होता है। एनीमिया से ग्रस्त लोगों के लिए यह बीज बहुत फायदेमंद होता है। कटहल में पेट भरा रखने वाला फाइबर भी काफी मात्रा में होता है, जिससे हमारा वजन नियंत्रित रहता है।

**केले का फूल:** बनाना ब्लॉसम यानी केले के फूल को सबसे अच्छा हार्मोनल बैलेंसर माना जाता है। यह महिलाओं के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। इसमें आयरन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से डायबिटीज, पाचन और पीसीओडी को नियंत्रण में रखने में मदद मिलती है।

**कंदाल:** कंदाल यानी ब्रेड फ्रूट, ऊर्जा और फाइबर का भंडार होती है। इसमें उच्च स्तर का स्टार्च होता है, जो तुरंत ऊर्जा देता है। इसमें अच्छी क्वालिटी का फाइबर मिलता है, जिससे कोलन की सफाई होती है। यह ग्लूटेन फ्री होता है। *

---

**योगोपचार**

संध्या रानी

इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। किसी समय तेज ठंडी तो किसी समय तापमान सामान्य हो जाता है। ऐसे में बीमार होने से बचने के लिए आप कुछ योगासनों का रोज अभ्यास कर सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

# बदलते मौसम के रोगों से बचाएंगे ये योगासन

हालांकि कुछ राज्यों में सर्दी का प्रकोप बना हुआ है लेकिन कई स्थानों पर मौसम बदलने लगा है। ठिठुरन कम होने लगी है। ऐसे में लापरवाही बरतना आपको बीमार कर सकता है। इसलिए शरीर को गर्म रखना जरूरी है। इसके लिए योग से बेहतर कोई दूसरा सरल कारगर माध्यम नहीं है। कुछ आसन आपके दिमाग के साथ-साथ शरीर को भी पूरे दिन फ्रेश और गर्म रख सकते हैं। हालांकि इस मौसम में आलस और थकान भी बनी रहती है। इसलिए बदलते मौसम के साथ अपने खान-पान पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। जो शरीर को गर्म रखने में सहायक हो। शरीर को गर्म रखने के लिए अपनी दिनचर्या में कुछ योगासन को शामिल करके अपने शरीर को गर्म रख सकते हैं और ठंड से भी राहत पा सकते हैं। इतना ही नहीं यह शरीर को लचीला बनाने के साथ सक्रिय भी बनाता है। यहां कुछ योगासन बताए जा रहे हैं, जिनको करने से आप स्वस्थ ही नहीं, बल्कि ठंड से भी राहत पा सकते हैं।





**सूर्य नमस्कार:** सूर्य नमस्कार कई आसनों का एक साथ लाभ देता है। इसके बारह स्टेप्स होते हैं, जो हमारे पूरे शरीर को एक्टिव रखने में मदद करते हैं। इस आसन को करने से आप पूरे दिन ऊर्जावान रहते हैं। इतना ही नहीं इस आसन को करने से तुरंत गर्मी आती है और हमारी मांसपेशियों का तनाव भी दूर होता है। इसलिए ठंड से बचने के लिए इस योगासन को जरूर करना चाहिए। इसे करने से सभी अंगों का एक्सरसाइज हो जाती है। लेकिन एक बात का अवश्य ध्यान रखें कि अपनी क्षमता के अनुसार ही धीरे-धीरे इसका अभ्यास बढ़ाएं।

**भुजंगासन:** यह आसन पेट के बल लेट कर किया जाता है। यह आपके फेफड़े को खोलता है। इसे करने से कमर दर्द में राहत मिलती है। यह आसन न सिर्फ रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि आपके शरीर के तापमान को भी बनाए रखने में सहायक होता है।

**हलासन:** यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है और पाचन की समस्याओं को सुधारता है। इसके अलावा मधुमेह, ब्लड प्रेशर और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। इसके साथ ही यह पेट की चर्बी को घटाने में, अंगों की कार्यक्षमता बढ़ाने में और मानसिक शांति के लिए सबसे बेहतर आसन माना जाता है। हार्निया, हाई ब्लडप्रेशर, पीठ, गर्दन में गंभीर चोट या गर्भावस्था के दौरान इस आसन को नहीं करना चाहिए।





**ताड़ासन:** इसे करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और अपने शरीर को ऊपर की ओर खींचें। इससे खून का बहाव तेज होता है और अकड़न दूर होती है। जिन्हें हार्निया की शिकायत हो, वे इस आसन को न करें।

**कपालभाति प्राणायाम:** किसी भी आसन में बैठ जाएं। अपनी आंखों को बंद कर लें और चेहरे को ढीला छोड़ दें। अब दाएं नाक के छिद्र को दाएं अंगूठे से बंद कर बाएं नाक से सामान्य सांस अंदर लेकर उसी नाक से हल्के झटके के साथ सांस को बाहर निकालें। यह अभ्यास बीस बार कीजिए। फिर यही अभ्यास बाएं नाक के छिद्र से भी करें। फिर अंत में यह क्रिया दोनों नाकों से करें।

**ध्यान:** किसी आरामदायक आसन में बैठ जाएं और अपने सिर और गले को सीधा कर लें। अपने हाथों को घुटने पर रख लें। आंखों को ढीला कर और चेहरे को हल्का बनाकर ढीला छोड़ दें। अब अपने सांस पर मन को एकाग्र करने का प्रयास करें। इसे दस से पंद्रह मिनट प्रतिदिन करने का अभ्यास करें।

यहां बताए गए आसनों का अभ्यास योग प्रशिक्षक से सीखकर ही करें। *

**(योग आचार्य (डॉ.) कौशल कुमार से बातचीत पर आधारित)**



# कोपा डेल रे : बार्सिलोना लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में, अल्बासेटे को हराया



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

लामिन यामल और रोनाल्ड अरौजो ने प्रत्येक हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने दूसरी श्रेणी की टीम अल्बासेटे को 2-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अल्बासेटे ने राउंड ऑफ 16 में रियाल मैड्रिड को हराकर सबको चौंका दिया था।

बार्सिलोना के सामने भी उसने अच्छी चुनौती पेश की। बार्सिलोना की सभी टूर्नामेंटों में खेले गए पिछले 17 मैचों में यह 16वीं जीत है। वह लगातार चौथी बार कोपा सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड को हराकर खिताब जीता था। बार्सिलोना स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है और रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे है। कोपा का सेमीफाइनल दो चरणों में खेला जाएगा। फाइनल अप्रैल में सेविला में होगा।



# इंग्लिश लीग कपः आर्सेनल ने चेल्सी को हराया, फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी को हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। काई हावर्ट्ज ने खेले गए सेमीफाइनल के दूसरे चरण में अपने पूर्व क्लब के खिलाफ स्टॉपेज टाइम में गोल किया, जिससे आर्सेनल ने चेल्सी को 1-0 से हराया। इस तरह से उसने कुल मिलाकर 4-2 के अंतर से जीत हासिल की। आर्सेनल की टीम ने 2020 से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है लेकिन इस सत्र में उसने अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उसकी टीम प्रीमियर लीग में छह अंकों की बढ़त के साथ 2004 के बाद पहली बार इंग्लिश चैंपियन बनने की दौड़ में है और लगातार आठ जीत के बाद चैंपियंस लीग तालिका में भी शीर्ष पर है। इसके अलावा आर्सेनल एफए कप के चौथे दौर में भी पहुंच गया है। इंग्लिश लीग कप के फाइनल में आर्सेनल का मुकाबला 22 मार्च को मैनचेस्टर सिटी या न्यूकैसल से होगा। मैनचेस्टर सिटी की टीम सेमीफाइनल के पहले चरण के बाद 2-0 से आगे है।

## खबर संक्षेप



### रोहित-कोहली को खेलना जारी रखना चाहिए : धोनी

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें कोई यह न बताए कि वे खेलना जारी रख सकते हैं या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय टीम घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगी। धोनी ने खेल प्रसारक जतिन सप्रू के साथ एक साक्षात्कार में भारतीय क्रिकेट पर अपने विचार व्यक्त किए। बातचीत के दौरान जब रोहित (38 वर्ष) और कोहली (37 वर्ष) के 2027 वनडे विश्व कप खेलने की संभावना को लेकर बात हुई तो धोनी ने पहले चुटकी लेते हुए कहा, 'माफ़ कीजिए, सवाल क्या है।' लेकिन धोनी ने तुरंत ही गंभीर लहजा अपनाते हुए पूछा, 'क्यों नहीं। किसी को विश्व कप क्यों नहीं खेलना चाहिए। मेरे लिए उम्र कोई मापदंड नहीं है। मेरे लिए प्रदर्शन और फिटनेस ही मापदंड हैं। मेरा मानना है कि किसी को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।' उन्होंने कहा, ''जब मैंने पदार्पण किया तब मैं 24 साल का था।

### 14 फरवरी को आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन



**आइजोल।** दूसरी आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन (एआईएचएम) 14 फरवरी को आयोजित की जाएगी। मिजोरम के खेल मंत्री लालनघिंगलोवा हमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हाफ मैराथन में देश भर के प्रमुख खिलाड़ी भाग लेंगे। इस दौड़ की शुरुआत राजीव गांधी स्टेडियम से होगी और इसका समापन भी वहीं पर होगा। पहली आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन का आयोजन पिछले साल अप्रैल में किया गया था, जिसमें देश भर से 1,500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। हमार ने कहा, 'आइजोल के पास सैरांग तक रेलवे नेटवर्क के विस्तार के बाद हम देश भर से एथलीटों और दर्शकों की रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं।'

## ईशान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों में खेली 76, 28 और 103 रन की पारी

# टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पर टीम इंडिया ईशान ने लगाई 32 पायदान की छलांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने आईसीसी मेंस टी20 रैंकिंग में 32 पायदान की जबरदस्त छलांग लगाई है। वह 64वें स्थान से 32 पायदान की छलांग लगाकर सीधे 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि पाकिस्तान के सैम अयूब ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं टीम रैंकिंग की बात करें तो टीम इंडिया टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पर बनी हुई है।

ईशान किशन को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के साथ लंबे वक्त बाद भारतीय टीम में स्थान मिला। उन्होंने सीरीज के तीन मुकाबलों में 76, 28 और 103 रन की पारी खेली। कुल 207 रन बनाने के साथ ईशान ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक भी लगाया। इस शानदार बल्लेबाजी के साथ ईशान टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से ठीक पहले 32वें स्थान पर पहुंच गए।



### सूर्यकुमार ने फरहान को पछाड़ा, पहुंचे छठे स्थान पर

बल्लेबाजों की सूची में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को पछाड़कर छठे स्थान पर आ गए हैं। वहीं, ओपनर अभिषेक शर्मा टॉप पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के ओपनर सैम अयूब ने हाल ही में खत्म हुई ऑस्ट्रेलिया सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद टी20 फॉर्मेट की ऑलराउंडर रैंकिंग में टॉप स्थान हासिल किया है। 23 वर्षीय अयूब ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध सीरीज में 119 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी हासिल किए। उन्होंने इस शानदार खेल के साथ जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को पछाड़कर शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया है।

### सेंटनर चढ़े आठ स्थान ऊपर

*पाकिस्तान के ऑलराउंडर, मोहम्मद नवाज, जिन्होंने सीरीज में 5 विकेट लिए, गेंदबाजों की रैंकिंग में आठ स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के लेग-स्पिनर आदिल राशिद दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे पायदान पर आ गए हैं। कीवी कप्तान मिचेल सेंटनर आठ स्थान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 23वें स्थान पर पहुंच गए। टॉप 10 बल्लेबाजों की सूची में भी अन्य बदलाव हुए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि श्रीलंकाई ओपनर पथुम निसांका ने पांचवां स्थान हासिल कर लिया है। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौवें स्थान और साउथ अफ्रीका के ओपनर रयान रिकलेटन 42 पायदान ऊपर चढ़कर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं।*

### गेंदबाजों में अबरार दूसरे स्थान पर

*गेंदबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के मुख्य स्पिनर, अबरार अहमद महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गए। यह दाएं हाथ का गेंदबाज शीर्ष पायदान पर मौजूद वरुण चक्रवर्ती से सिर्फ 28 अंक पीछे है।*

### टॉप-10 में भारत के तीन खिलाड़ी

*टी20 रैंकिंग की बात करें तो वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 917 अंकों के साथ नंबर-1 पायदान पर काबिज हैं। दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के फिल साल्ट 834 अंकों के साथ मौजूद हैं। इसके अलावा टॉप-10 में भारत के दो और बल्लेबाज शामिल हैं। तिलक वर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं टीम रैंकिंग की बात करें तो टीम इंडिया टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पर बनी हुई है और लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।*

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

# टीम इंडिया की शानदार शुरुआत, म्यांमार को हराया



एजेंसी ▶▶| किंगदाओ

मौजूदा चैंपियन भारतीय महिला टीम ने ग्रुप वाई के अपने पहले मुकाबले में म्यांमार को 5-0 से हराकर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। तन्वी शर्मा ने सबसे पहले कोर्ट में उतरकर थेट हटर थुजार को केवल 32 मिनट में 21-13 21-16 से हराया। इसके बाद रक्षिता श्री संतोष रामराज ने दूसरे एकल में ऐंट चिट फू को 21-12 21-6 से हराकर भारत को 2-0 से बढ़त दिला दी।

### मालविका ने की जीत सुनिश्चित

मालविका बंसोड ने तीसरे एकल मुकाबले में लिन लिन हेट को 21-19 21-12 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। भारत ने इसके बाद युगल मुकाबलों में भी दबदबा बरकरार रखा और दोनों मैच सीधे गेम में जीते। प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा की जोड़ी ने सु लैट और थेट हटर थुजार को 21-15 21-16 से हराया। इसके बाद त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को हेट और फू की जोड़ी को 21-8 21-6 से हराने में कोई खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी। भारत गुरुवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में पिछली बार के उपविजेता थाईलैंड से भिड़ेगा।

# भारतीय मुक्केबाजों की दमदार शुरुआत हितेश गुलिया और प्रीति ने जीते मुकाबले

एजेंसी ▶▶| लानुसिया

हितेश गुलिया (70 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) की शानदार जीत की बदौलत भारत ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। इस टूर्नामेंट में 21 देशों के 214 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। हितेश ने 70 किग्रा भार वर्ग के एलीट पुरुष वर्ग में अपना दबदबा कायम रखते हुए नीदरलैंड के फिन बोस को 5-0 के अंतर से हराया।

इससे पहले प्रीति ने महिलाओं के एलीट 54 किग्रा में कजाकिस्तान की अलियास्कर सिम्बैट पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की थी। भारत की अन्य महिला खिलाड़ियों में प्राची (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा) और काजल (65 किग्रा) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। प्राची और प्रिया ने क्रमशः स्पेन की वनेसा मोरेल रामिरेज़ और कनाडा की एलेशिया मानसुएटो पर 5-0 की एक समान जीत दर्ज की, जबकि काजल ने कजाकिस्तान के असीम तनातार को 4-1 से हराया।



### सचिन ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से दी मात

*पुरुषों के वर्ग में भारत के सचिन (60 किग्रा) ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से जबकि मोहम्मद हुसामुद्दीन (60 किग्रा) ने डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुक्देमिर को 4-1 से हराया। अभिनाश जमवाल (65 किग्रा) ने डेनमार्क के कालिद उस्मान पर 5-0 की शानदार जीत के साथ प्रभावित किया। दीपक (70 किग्रा) ने बेल्जियम के हॉर्नेल आयतेवी को 4-1 से हराया। आकाश (75 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) ने भी 4-1 से जीत हासिल करके अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा) इंग्लैंड के जो टर्नर से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।*

## भारत अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में

**नई दिल्ली।** भारत ने 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया। 6 फरवरी को टीम इंडिया का फाइनल मैच इंग्लैंड के साथ होगा। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रही अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 310 रन बनाए हैं। टीम से फैजल शिनोजादा (110 रन) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं। भारत से दीपेश देवेन्द्रन और कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट झटके। 311 रन के जवाब में भारतीय टीम ने ओपनर आरोन जॉर्ज (115 रन) के शतक की बदौलत 41.1 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली। टीम से वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और कप्तान आयुष म्हात्रे (62 रन) ने फिफ्टी लगाई।

# टी20: इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया सीरीज की 3-0 से क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| पल्लीकल

इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 12 रन से हराकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया और इस तरह से 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी शानदार तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया।

इंग्लैंड ने इस कम स्कोर वाले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 128 रन बनाए। श्रीलंका की टीम इसके जवाब में 19.3 ओवर में 116 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड की जीत के नायक बाएं हाथ के स्पिनर जैकब बेथेल रहे, जिन्होंने 11 रन देकर 4 विकेट लिए। इससे पहले सैम कुरेन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 58 रन की पारी खेली जबकि जोस बटलर ने 25 रन का योगदान दिया। श्रीलंका की तरफ से तेज गेंदबाज दुशमंथा चमीरा ने भी श्रृंखला के अपने पहले मैच में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 24 रन देकर 5 विकेट लिए।



### टीम के प्रदर्शन से निराश : शनाका

*श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने कहा, 'टीम के इस प्रदर्शन से मैं बहुत निराश हूं। हम 3-0 से हार गए। कप्तान होने के नाते मुझे विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कुछ कमियों को दूर करना होगा। हम इसके लिए उत्सुक हैं और हम कुछ खास प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं।'*

### श्रृंखला में हमारा प्रदर्शन शानदार : ब्रूक

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा, 'इस श्रृंखला में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा। ऐसी जीत का हिस्सा बनना बहुत अच्छा लगा। हमने दिखा दिया है कि हम अलग-अलग तरह की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। विश्व कप पास में है और उम्मीद है कि उसमें यहां के अनुभव का हमें फायदा मिलेगा।' श्रीलंका को 17 गेंदों में 17 रन चाहिए थे, लेकिन बेथेल ने 18वें ओवर में तीन विकेट लेकर निचले क्रम की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद उन्होंने महेश थीक्षना को शॉर्ट थर्ड मैन पर कैच आउट कराकर श्रीलंका की पारी का अंत किया।

## विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से करना पड़ा संतोष

# एशियाई चैंपियनशिप में भारत का दबदबा, जीते दो स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन ईशा सिंह ने पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए बुधवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) के पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और भारत को टीम वर्ग में भी पीला तमगा दिलाने में मदद की, लेकिन विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

इक्कीस वर्षीय ईशा ने फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 239.8 अंक हासिल किए। उन्होंने चीनी ताइपे की दो निशानेबाजों चेंग येन चिंग (235.4, रजत) और यू ऐ वेन (217.7, कांस्य) के अलावा हमवतन सुरुचि सिंह की कड़ी चुनौती से पार पाकर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

### सम्राट नहीं कर पाए अपेक्षित प्रदर्शन

इससे पहले विश्व चैंपियन सम्राट पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले साल काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सम्राट ने क्वालीफाइंग राउंड में 581 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई और लग रहा था कि वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहेंगे। लेकिन फाइनल में यह 21 वर्षीय खिलाड़ी 220.3 का स्कोर बनाकर उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव (242.0) और कजाकिस्तान के वैलेरी रखिमजान (241.0) से पीछे तीसरे स्थान पर रहा। आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी श्रवण कुमार चौथे स्थान पर रहे।



*क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि दूसरे स्थान पर : क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि 576 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मनु और ईशा दोनों का स्कोर 575 रहा। इन तीनों ने फाइनल में जगह बनाई। सुरुचि (576), मनु (575) और ईशा (575) की तिकड़ी ने कुल 1726 अंकों के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जो क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाले वियतनाम (1713) और चीनी ताइपे (1711) से काफी अधिक था।*

### ईशा ने 19 वर्ष की आयु में जीता था पहला खिताब

*ईशा ने निशानेबाज ने पिछले साल चीन के निंगबो में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2024 में 19 वर्ष की आयु में जकार्ता में अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीता था। पहले 10 शॉट के चरण के बाद फाइनल में बढ़त बनाने वाली 19 वर्षीय सुरुचि एलिमिनेशन राउंड में पिछड़ गईं और चौथे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने और आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं। ईशा ने संयम बनाए रखते हुए 10.4 और उससे अधिक के तीन स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा मजबूत किया जबकि इस बीच चीनी ताइपे की दोनों निशानेबाज पिछड़ गईं।*

# विश्व कप टीम से नजरअंदाज स्टीव स्मिथ खेलेंगे पीएसएल

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

शानदार फॉर्म के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम से बाहर किए गए अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलने का फैसला किया है और इसके लिए उन्होंने नई फ्रेंचाइजी सियालकोट स्टैलियन्ज के साथ करार किया है। एशेज में शानदार प्रदर्शन करने और सिडनी सिक्सर्स के साथ बिग बैश लीग (बीबीएल) में बेहतरीन सत्र के बावजूद स्मिथ को टी20 विश्व कप के लिए नजरअंदाज कर दिया गया, जो सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा। स्मिथ 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहते हैं, जहां क्रिकेट की टी20 प्रारुप में वापसी होगी। इसलिए यह 36 वर्षीय खिलाड़ी टी20 प्रारुप की राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए बेताब है।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Hyundai Venue Model - 2024
MP20ZS3601
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590




सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पिता का दर्द छलका

# पुणे का हिट एंड रन मामला, रसूखदारों से गवाहों और सबूतों को बचाया जाए

हरिभूमि जबलपुर।

पुणे के बहुचर्चित पोर्श हिट-एंड-रन मामले में सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच द्वारा तीन आरोपियों को जमानत दिए जाने के फैसले ने एक बार फिर इस केस को विवादों के केंद्र में ला दिया है। अदालत ने आरोपी आदित्य अविनाश सूद, आशीष सतीश मित्तल और अमर संतोष गायकवाड को राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली है। इन तीनों पर आरोप था कि इन्होंने जांच प्रक्रिया के दौरान साक्ष्यों से छेड़छाड़ की और मुख्य आरोपी के खून के नमूने बदलवाने में अहम भूमिका निभाई। इस फैसले के बाद अब तीनों आरोपी जेल से बाहर आ सकेंगे, लेकिन इस राहत ने पीड़ित परिवार के जख्मों को एक बार फिर हरा कर दिया है।



## पीड़ित परिवार नाराज़


जमानत की खबर सामने आते ही जबलपुर निवासी मृतिका अश्विनी कोष्टा के परिवार ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। अश्विनी के पिता ने कहा कि प्रभावशाली आरोपियों को जमानत मिलना मामले की निष्पक्षता को खतरे में डाल सकता है। पीड़ित पिता का कहना है कि आरोपी जेल से बाहर आकर गवाहों को डराने-धमकाने का प्रयास कर सकते हैं और अपने रसूख व पैसों के दम पर सबूतों को प्रभावित करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जमानत पर रिहा हुए आरोपियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए, ताकि न्याय प्रक्रिया प्रभावित न हो। अश्विनी कोष्टा के पिता ने यह भी कहा कि यह मामला केवल एक सड़क हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की जवाबदेही से जुड़ा है। यदि ऐसे मामलों में सख्ती नहीं दिखाई गई तो आम नागरिकों का न्याय व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद निचली अदालतों में सुनवाई निष्पक्ष और सख्त तरीके से आगे बढ़ेगी।

## 19 मई 2024 का भयावह हादसा

गौरतलब है कि यह दर्दनाक घटना 19 मई 2024 को पुणे में हुई थी, जब एक नशे में धुत नाबालिग ने तेज रफ्तार पोर्श कार से दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था। इस हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। जांच के दौरान आरोप लगे कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की गई और मेडिकल जांच में भी गंभीर अनियमितताएं की गईं। पीड़ित परिवार ने इस केस को एक नजीर (उदाहरण) बनाए जाने की मांग दोहराई है। अश्विनी के पिता का कहना है कि जघन्य अपराधों में शामिल नाबालिगों पर वयस्कों की तरह मुकदमा चलना चाहिए, ताकि रसूखदार और माफिया तत्व कानून की आड़ में बच न सकें। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि हादसे के वक्त कार में पीछे बैठे अन्य लोगों पर अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उनके अनुसार, यदि सभी जिम्मेदारों को कठघरे में नहीं लाया गया, तो यह न्याय के साथ समझौता होगा।

केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों का प्रशिक्षण

# बोर्ड परीक्षाओं के संचालन में कोताही बर्दाश्त नहीं



**जबलपुर।** प्रदेश में अगले सप्ताह से एमपी बोर्ड की दसवीं तथा बारहवी बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं जो 7 मार्च तक चलेंगी। उक्त बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां शुरू हो गइं हैं। इनके संचालन में किसी भी प्रकार की कोताही न हो, इस पर जिला प्रशासन द्वारा तमाम उपाय किए जा रहे हैं। परीक्षाओं के सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर तैयारियाँ की जा रही हैं। इसी क्रम में पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल उ.मा.स्कूल में परीक्षाओं के लिये निर्धारित किये गये सभी 100 परीक्षा केंद्रों में नियुक्त केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने उक्त प्रशिक्षण को संबोधित करते हुये केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को सौपें गये दायित्वों का पूरी निष्ठा और गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा का संचालन पूर्णतः व्यवस्थित और निष्पक्ष हो, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री गहलोत ने परीक्षा में नियुक्त सभी लोकसेवकों के भी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी, सजगता एवं ईमानदारी से करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने जानकारी दी कि बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक संचालित होंगी। जिले में कुल 100 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 96 नियमित एवं 04 निजी परीक्षा केंद्र शामिल हैं। इनमें से 04 परीक्षा केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं, जहाँ प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। कक्षा दसवीं में कुल 23 हजार 088 परीक्षार्थी एवं कक्षा बारहवीं में 18 हजार 640 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे परीक्षा के दौरान कलेक्टर प्रतिनिधि के साथ निर्धारित समय पर संबंधित थाने से प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित रूप से पहुँचाएं तथा सॉफटवेयर में आवश्यक प्रविष्टियाँ समय पर सुनिश्चित करें। उन्होंने दिव्यांग विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी सभी संबंधितों को देने, पर्यवेक्षकों की समय पर व्यवस्था कर अनुमोदन कराने, प्रश्नपत्र रखने वाले थानों में पूर्व से जाकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा गोपनीय सामग्री का वितरण समयबद्ध ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

*युवती ने थाने में खाया जहर...?*

# पुलिस पर आरोपी को छोड़ने का आरोप

**जबलपुर।** अपहरण और मारपीट के मामलें में गोहलपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से परेशान एक युवती ने थाने के सामने ही चूहा मार दवा खरीदी और थाने के अंदर जाकर खा ली। इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली, लेकिन आरोपी को छोड़ दिया। इसके बाद पीड़ित युवती ने कल एसपी आफिस पहुंचकर गोहलपुर पुलिस की कार्यप्रणाली की शिकायत की। ग्रीन सिटी निवासी पीड़िता नेहा बड़गैया ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि मारपीट और अपहरण की कोशिश की शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय छोड़ दिया। एसपी कार्यालय पहुंची ग्रीन सिटी निवासी नेहा बड़गैया ने बताया



कि 31 जनवरी की रात करीब 1:30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर राघवेंद्र पटेल ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि राघवेंद्र अपने एक दोस्त और गर्लफ्रेंड मोना गोटिया के साथ उसे गाड़ी में बैठाकर जान से मारने की नीयत से पनागर ले जा रहा था, लेकिन बाद में उसे रद्दी चौक पर फेंक कर भाग गए।पीड़िता का कहना है कि जब वह गोहलपुर थाने शिकायत लेकर पहुंची तो पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही थी। पुलिस की इसी अनदेखी से परेशान होकर नेहा ने थाने के सामने से चूहा मार दवा खरीदी और थाने के अंदर ही उसे पी लिया। युवती द्वारा जहर खाने के बाद पुलिस ने आनन-फानन में रिपोर्ट तो दर्ज की, लेकिन मुख्य आरोपी को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसके बाद पीड़िता ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। उधर गोहलपुर पुलिस का कहना है कि युवती की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। घटना स्थल पनागर थाना क्षेत्र का होने से केस डेयरी पनागर पुलिस को भेज दी गई है।

## सिहोरा और भेड़ाघाट में ट्रेन से कटकर 2 मौतें

**जबलपुर।** खितौला थाना अतंर्गत सिहोरा डुंडी रोड पर कुर्रे पिपरिया के पास ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं भेड़ाघाट में ग्राम सिलुआ रेलवे ट्रैक में एक ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को रेलवे स्टेशन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सिहोरा-डुण्डी रोड पर कुर्रे पिपरिया पटरी के पास एक अज्ञात पुरूष का शव पड़ा मिला, जिसकी उम्र लगभग 40-45 वर्ष की होगी। अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई है। इसी प्रकार भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिलुआ के पास रेलवे ट्रैक में ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 40-45 वर्ष होगी।

कुख्यात बदमाश ने 24 घंटे में दूसरी बार की फायरिंग

# पुलिस को चुनौती : फरारी में खुलेआम वारदात

**जबलपुर।** जबलपुर जिले में खुले आम अपराधियों द्वारा आए दिन वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी जा रही है। इसका ताजा उदाहरण गढ़ा थाना क्षेत्र में सामने आया जहां हत्या के एक मामले में जमानत पर जेल से बाहर आए एक कुख्यात बदमाश ने 24 घंटे में दूसरी बार एक ही जगह गोली चलाकर आतंक मचाया, फिर साथियों सहित मौके से फरार भी हो गया। पिछली वारदात के बाद इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है जिसमें आरोपी अवैध हथियार लेकर अपने साथियों के साथ नजर आ रहा है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है वहीं लोगों का कहना है कि अपराधी को पुलिस 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं पकड़ पाई है। गढ़ा थाना क्षेत्र के बेदी नगर छुई खदान में रहने वाले लालू पटैल के साथ ही अन्य क्षेत्रवासियों ने बताया कि कुख्यात बदमाश शिब्बू खान अपने अन्य साथियों के साथ मोहल्ले में आकर खुलेआम वारदात को अंजाम दे रहा है जिससे मोहल्ले में महिलाओं और बच्चों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। उसने जहां सोमवार, मंगलवार की दरमियानी रात वसूली को लेकर साथियों सहित पहुंचकर यहां कट्टे से दनादन फायर किए और धमकियां देते भाग निकला। इस मामले की रिपोर्ट गढा थाने में दर्ज कराई गई परंतु उसने फरारी में ही पुनः मंगलवार, बुधवार की रात छुई खदान में दो साथियों के साथ दोपहिया में पहुंचकर आतंक मचाया और पुनः फरार हो गया। इस घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि पुलिस उदासीन कार्यवाही के कारण ही बदमाश के हौसले बुलंद हैं तो वही क्षेत्र के लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि कुख्यात बदमाश शिब्बू खान हत्या के मामले में जमानत पर रिहा हुआ है और लगातार अवैध वसूली की मांग कर गोलियां चलाकर पुलिस को चुनौती दे रहा है।, यहां पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी जा रही है लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

कंबल में पत्थर और तार से बांधकर फेंकी गई लाश

# हत्या की आशंका : लापता किसान का शव डैम में मिला

हरिभूमि जबलपुर।

कुंडम थाना अंतर्गत ग्राम खोरा से गत 30 जनवरी से लापता किसान कपिल टैंभारे का शव मंगलवार की शाम बदुआ डैम में बरामद किया गया। किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कंबल में लिपटा हुआ और जीआई तार से बंधा मिला, जिसे देखकर प्रथम दृष्टया हत्या का मामला माना जा रहा है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है, फिलहाल मर्ग कायम कर मामलें की जांच की जा रही है। घटना के संबंध में कुंडम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान कपिल टैंभारे 30 जनवरी की दोपहर कपिल खेत में फसल पर दवा डालने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा इसके बाद उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मंगलवार शाम बदुआ डैम के पास ग्रामीणों ने पानी में एक शव उतराते हुए देखा था। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और लाश को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कुंडम स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया है। डीएसपी आकांक्षा उपाध्याय ने बताया कि शव को जिस तरह से तार से बांधकर फेंका गया और उसमें बड़े बड़े पत्थर भी कंबल में लिपटे थे उससे प्रथम दृष्टया हत्या कर लाश फेके जाने की संभावना है। फिलहाल मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।

फर्जी दस्तावेज बनाकर अधिकारी को बदनाम करने का आरोप

# सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पर एफआईआर

हरिभूमि जबलपुर।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) जबलपुर के एक वरिष्ठ अधिकारी को बदनाम करने और पद से हटवाने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज तैयार कर शिकायत करने के मामले में सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा के खिलाफ ओमती पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने विवेचना में आरोपी के खिलाफ धारा 336(4) एवं 340(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस के अनुसार सीएमएचओ से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी 75 वर्षीय सुभाष चंद्रा निवासी पी-46 जवाहर नगर, आधारताल, जबलपुर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जबलपुर के तत्कालीन जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) विजय पाण्डेय की शैक्षणिक योग्यता को लेकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए थे। जांच में सामने आया है कि सुभाष चंद्रा ने विजय पाण्डेय की 10+2 की अंकसूची के सत्यापन से संबंधित एक फर्जी पत्र तैयार किया और उसे मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं कलेक्टर जबलपुर को शिकायत के साथ संलग्न कर भेजा। शिकायत में विजय पाण्डेय की मार्कशीट को कूटरचित बताते हुए उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने और पद से हटाने की मांग की गई थी।

मामले की जानकारी मिलने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) जबलपुर ने थाना प्रभारी ओमती को पूरे प्रकरण से अवगत कराया। इसके बाद सीएमएचओ कार्यालय द्वारा संचालक, मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल से दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया। बोर्ड भोपाल ने अपने आधिकारिक पत्र में स्पष्ट किया कि शिकायत के साथ संलग्न किया गया सत्यापन पत्र पूरी तरह कूटरचित है।

## प्रतिष्ठा धूमिल करना था मकसद

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि सुभाष चंद्रा द्वारा यह शिकायत जानबूझकर विजय पाण्डेय की छवि खराब करने और उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से की गई थी। फर्जी दस्तावेज का दुरुपयोग कर शासन को गुमराह करने का प्रयास किया गया। थाना ओमती पुलिस के अनुसार, पूरे मामले में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी सुभाष चंद्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आगे की जांच में यदि अन्य तथ्य सामने आते हैं तो कार्रवाई का दायरा और बढ़ाया जा सकता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240